✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 110 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 14 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स समिट के दौरान सदस्य देशों के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन

## वी. कामेश्वर राव बने पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस, राज्यपाल ने दिलाई शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार लोक भवन में पटना हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस वी. कामेश्वर राव का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने उनको उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इस समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद भी रहे। शपथ ग्रहण के साथ ही जस्टिस वी. कामेश्वर राव पटना हाईकोर्ट के 49वें चीफ जस्टिस के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। इस समारोह को बिहार की न्यायिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण शुरुआत माना जा रहा है। सीएम सम्राट चौधरी ने मुख्य न्यायाधीश को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान बिहार सरकार के अधिकारी और कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में दिल्ली हाईकोर्ट के जज वी कामेश्वर राव के नाम की अनुशंसा 6 अगस्त की एक बैठक में की थी। इससे पूर्व पटना हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस मीनाक्षी मदन राय 11 जुलाई 2026 को सेवानिवृत्त हुई।

# दुनिया में लगातार बढ़ रहा तनाव : मोदी

### नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स समिट संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स समिट रविवार को संपन्न हो गया। समिट की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिक्स समिट के दूसरे दिन संगठन के सदस्य देशों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता में हमने अपनी सारी कोशिशें चार स्तंभों पर केंद्रित की हैं। लचीलापन, इनोवेशन, सहयोग और सस्टेनेबिलिटी। मुझे खुशी है कि आपके सहयोग और समर्थन से हम अपनी साझा सोच को ऐसे सहयोग में बदल पाए हैं। श्री मोदी ने ब्रिक्स समिट के दौरान ब्रिक्स कनेक्ट को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स कनेक्ट के जरिए हमने स्किल, रोजगार की क्षमता, वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी, सोशल सिक्योरिटी और क्षमता निर्माण को बढ़ावा दिया है। छोटे उद्योगों को जानकारी, फाइनेंस और नए बाजारों से जोड़ने के लिए ब्रिक्स ख्रट्टख्रक सहयोग पोर्टल शुरू किया गया है। हमारे शहरों के बीच बेहतरीन तौर-तरीकों को साझा करने में आसानी के लिए ब्रिक्स अर्बन मोबिलिटी हब बनाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने ब्रिक्स के मंच



से दोस्ती, साझेदारी और सहयोगी की भावना को बढ़ाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि ब्रिक्स का सहयोग सिर्फ सरकारों तक ही सीमित न रहे। बल्कि हम चाहते हैं कि हमारे उद्यमी, किसान, रिसर्चर, महिलाएं, युवा और आम नागरिक भी इसमें सक्रिय रूप से शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है, जिसका आम लोगों के जीवन पर काफ़ी और व्यापक बुरा असर पड़ रहा है। महामारी, जलवायु आपदाओं और सप्लाई चेन में रुकावटों ने यह दिखा दिया है कि आज की आपस में जुड़ी दुनिया में कोई भी संकट किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता। इसलिए हमने ब्रिक्स समूह में मुश्किलों का सामना करने की क्षमता को बढ़ाने पर खास जोर दिया है। चुनौतियों की समय रहते पहचान करना, उनके लिए तैयार रहना और तुरंत कार्रवाई करना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के साथ, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम और उनसे निपटने के लिए ब्रिक्स इंटीग्रेटेड अर्ली वार्निंग सिस्टम पर सहमति बनी है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन के लिए अर्ली वार्निंग डेटा इंटीग्रेशन गाइडलाइंस भी तैयार की गई हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में भारत मंडपम में सदस्य देशों के नेताओं का ग्रुप फोटो सेशन हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब माफिया के हमले में कई पुलिसकर्मी घायल

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के हलई थाना क्षेत्र के बनबीरा गांव में शराब तस्करों के खिलाफ रविवार को कार्रवाई करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर शराब माफिया और उसके गुर्गों ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में उत्पाद थाना पटोरी के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार समेत आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस के तीन वाहनों के शीशे तोड़ दिए। स्थिति बिगड़ने पर पुलिसकर्मियों को हथियार छोड़कर अपनी जान बचाकर मौके से भागना पड़ा।

### मिट्‌टी का टीला धंसने से दो बच्चों की मौत

**अररिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नरपतगंज में रविवार को मिट्‌टी का टीला धंसने से बड़ा हादसा हो गया। फुलकाहा थाना क्षेत्र के मधुरा पश्चिम में पूर्वी कोसी नहर के बांध पर खेल रहे चार बच्चे अचानक मिट्‌टी के बड़े टीले के नीचे दब गए। हादसे में दो बच्चों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान मधुरा पश्चिम वार्ड संख्या एक निवासी रविंद्र पासवान के आठ वर्षीय पुत्र आयन्स कुमार और संजीत कुमार पासवान के सात वर्षीय पुत्र साजन कुमार के रूप में हुई है।

### सीएम सम्राट चौधरी ने दी हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हिन्दी दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जहां अनेक भाषाएं बोली जाती हैं। हिन्दी देश में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। हिन्दी भाषा देश के सभी लोगों को एकता के सूत्र में बांधती है। राष्ट्र को एकजुट रखने में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान है। हिन्दी हमारी राष्ट्रीय अस्मिता की पहचान तथा जनमानस की अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने राजभाषा हिन्दी के चतुर्दिक विकास की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिहार में राजभाषा के रूप में हिन्दी सरकारी कामकाज की भाषा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपने कामकाज में हिन्दी को ही माध्यम के रूप में अपनाएं तथा गर्व एवं सम्मान के साथ हिन्दी सीखें, समझें एवं प्रयोग में लायें।

### मुख्यमंत्री ने डिग्री कॉलेजों में नवनियुक्त शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को किया संबोधित

# बिहार के प्रोफ़ेसरों की ऑक्सफोर्ड में होगी ट्रेनिंग, सरकार उठाएगी खर्च : सम्राट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में उच्च शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऐलान किया है कि राज्य के 100 सहायक प्रोफ़ेसरों को ऑक्सफोर्ड समेत दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। एक महीने की इस ट्रेनिंग का पूरा खर्च राज्य सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को बापू सभागार में 211 नए डिग्री कॉलेजों में नवनियुक्त शिक्षकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए यह घोषणा की। सीएम ने कहा कि 100 शिक्षकों को चिन्हित किया जाएगा। इन्हें ऑक्सफोर्ड सहित दुनिया के बड़े विश्वविद्यालयों में भेजकर वहां के कोर्स और शिक्षण व्यवस्था से



जोड़ने का प्रयास होगा। इससे बिहार के शिक्षक अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था को समझ सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए दुनिया के अच्छे संस्थानों से जुड़ना जरूरी है। इसके लिए शिक्षकों से भी सुझाव मांगे जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर किसी शिक्षक को लगता है कि दुनिया में कोई बेहतर संस्थान है, जिससे बिहार को जुड़ना चाहिए तो इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को दें। सरकार ऐसे 10 संस्थानों को चिन्हित करेगी जिनसे बिहार सरकार अपने खर्च पर सीधा संवाद स्थापित करेगी। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि एक समय बिहार में शिक्षा के विस्तार पर जोर दिया गया। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ने लगे लेकिन अब केवल संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि अब क्वालिटी और क्वांटिटी दोनों को साथ लेकर चलना होगा। अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से जुड़ाव इसी दिशा में एक कदम है। मुख्यमंत्री ने नए डिग्री कॉलेजों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक विद्यार्थी कॉलेज आकर पढ़ेंगे नहीं तब तक संस्थान का महत्व नहीं होगा। उन्होंने अधिकारियों और शिक्षकों से कॉलेजों में विद्यार्थियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने को कहा। सीएम ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों के लिए 75 फीसदी न्यूनतम उपस्थिति जरूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस व्यवस्था की निगरानी के लिए भी काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के डिग्री कॉलेजों को खुले विश्वविद्यालय की मान्यता देने की दिशा में भी सरकार काम करेगी।

## 18 सितंबर को जदयू के सभी विधायक पटना तलब

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में प्रमुख सत्ताधारी दल जनता दल यूनाइटेड ने अचानक अपने विधायकों को पटना बुलाया है। सभी विधायकों को सूचना दी जा रही है। 18 सितंबर को पटना जेडीयू कार्यालय में यह अहम बैठक होगी। ग्रामीण विकास मंत्री और विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि विधायकों की बैठक में उन्हें विधायी कार्य के बारे में जानकारी दी जाएगी। जेडीयू विधायकों को अचानक पटना बुलाए जाने से राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चा भी शुरू हो गई है लेकिन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उसी के लिए सभी विधायकों को पटना बुलाया गया है, उसमें विधायी कार्य से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इसमें प्रश्न काल से लेकर ध्यानकर्षण, कार्य स्थगन और तमाम चीजों के बारे में विधायकों को बताया जाएगा। बैठक में कौन-कौन लोग रहेंगे, क्या नीतीश कुमार भी शामिल होंगे? इस पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कौन-कौन लोग शामिल होंगे, इस बारे में बाद में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। क्या बाहर से भी लोग आएंगे? इस पर श्रवण कुमार ने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम है तो जरूर बाहर से भी लोग आएंगे। 18 तारीख को विधायकों की होने वाली बैठक पर इसलिए सवाल उठ रहा है क्योंकि अभी विधानसभा का सत्र नहीं है। ऐसे में अचानक पार्टी कार्यालय में प्रबोधन कार्यक्रम करने के पीछे जेडीयू की क्या मंशा है? इसको लेकर कयासबाजी शुरू हो गई है।

## एसएसबी जवान की गोली लगने से मौत

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ठाकुरगंज एसएसबी 19वीं कैंप में शनिवार की रात एसएसबी जवान की गोली लगने से मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम घटना की छानबीन में जुट गए हैं। एसपी संतोष कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। स्थानीय डिप्टी कमांडेंट विकास कुमार पांडेय ने घटना की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। मौके पर एसएसबी के डीआईजी एके सिंह पहुंचे। उनके साथ एसडीपीओ 2 मनोज कुमार भी वहां पहुंचे। उनकी उपस्थिति में एफएसएल टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही वहां उपस्थित जवानों से पूछताछ की गई। शुरुआती जांच में यह मामला संतरी ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में खुदकुशी का प्रतीत होता है। मामले की जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। मृतक जवान की पहचान पश्चिम बंगाल के रहने वाले चयन मंडल के रूप में हुई है। मृतक का मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार किया गया है। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं मामले की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई है। अधिकारियों के अनुसार आवेदन प्राप्त होने पर आगे की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट के लिए दो नए अतिरिक्त महाधिवक्ता की नियुक्ति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सुप्रीम कोर्ट में बिहार सरकार से जुड़े मामलों की पैरवी को और प्रभावी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। बिहार सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता ऐश्वर्य सिन्हा और सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड केशव रंजन को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया है। दोनों अधिवक्ता अब सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों में बिहार का पक्ष मजबूती से रखेंगे और सरकार को कानूनी सलाह भी देंगे। ऐश्वर्य सिन्हा की नियुक्ति बिहार लॉ ऑफिसर्स (एंगेजमेंट) रूल्स, 2023 के प्रावधानों के तहत की गई है। वहीं, केशव रंजन लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में सक्रिय रूप से प्रैक्टिस कर रहे हैं और उन्हें देश की सर्वोच्च अदालत में बिहार सरकार के मामलों की पैरवी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

# पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने रचा इतिहास : सीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की सफलता तथा नई दिल्ली घोषणा-पत्र पर सदस्य देशों की सर्वसम्मति का स्वागत किया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं न्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने बिहार के सत्तु और मखाना को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया भारत का उदय देख रही है। भारत अब वैश्विक मुद्दों पर केवल अपनी बात रखने वाला देश नहीं बल्कि दुनिया को दिशा देने और साझा समाधान प्रस्तुत करने वाली महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभर रहा है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता ने इस बढ़ती वैश्विक भूमिका को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में शांति, सहयोग और संवाद की आवश्यकता पहले से कहीं आकि है। ब्रिक्स देशों द्वारा बहुपक्षवाद, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और अधिक न्यायपूर्ण एवं संतुलित वैश्विक व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त किया जाना पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण संदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता में आयोजित 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त, समावेशी और दूरदर्शी नेतृत्व की एक ऐतिहासिक मिसाल बनकर उभरा है। वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच पीएम ने अपनी कुशल कूटनीति से सभी सदस्य देशों को एक मंच पर लाकर सर्वसम्मति से 'नई दिल्ली घोषणापत्र' को पारित कराया, जो भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव का प्रतीक है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत कर 'ग्लोबल साउथ' की आवाज को मजबूती से बुलंद किया। उनके नेतृत्व में ब्रिक्स ने वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए सुरक्षित और निरंतर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्राचीन धरोहरों को मूल देशों में वापस लाने का संकल्प शामिल कराकर सांस्कृतिक संप्रभुता का सम्मान सुनिश्चित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील की स्थायी सदस्यता के समर्थन से वैश्विक शासन व्यवस्था में विकासशील देशों की बढ़ती भूमिका को बल मिला है। भारत लंबे समय से अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, लोकतांत्रिक और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप बनाने की आवश्यकता पर जोर देता रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के (शेष पृष्ठ 10 पर)



# जीविका के 20 साल बेमिसाल : दो अक्टूबर से हर जिले में होगा 'नीतीश संवाद'

## जदयू की समीक्षा बैठक में ग्रामीण महिलाओं के सशक्तीकरण और सामाजिक बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय में आगामी 2 अक्टूबर से राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले 'जीविका के 20 साल बेमिसाल' विषयक 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम को लेकर रविवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जद (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय और कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 'जीविका' ने पिछले दो दशकों में ग्रामीण बिहार की तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खासकर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने तथा सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने में जीविका का योगदान उल्लेखनीय रहा है। 'नीतीश संवाद' के माध्यम से जीविका की इन उपलब्धियों और इसके सकारात्मक प्रभाव को आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान पार्टी नेताओं एवं पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपने सुझाव दिए। जिलास्तर पर कार्यक्रम के बेहतर संचालन, अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पार्टी संगठन एवं संबंधित पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम की तैयारियों की नियमित समीक्षा करने और समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने पर बल दिया गया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि 'जीविका' के 20 वर्षों की यात्रा को केवल उपलब्धियों तक सीमित न रखते हुए ग्रामीण समाज में आए बदलाव से भी जोड़ा जाए। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं में बढ़ी आर्थिक भागीदारी, आत्मनिर्भरता और निर्णय लेने की क्षमता जैसे विषयों को संवाद का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की बात कही गई। जद (यू) नेताओं ने कहा कि 'नीतीश संवाद' के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और जीविका के जरिए हुए सामाजिक-आर्थिक बदलाव को जनता के बीच प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। इसके लिए जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक संगठनात्मक तैयारियों को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। बैठक में मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में पार्टी के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद सह पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शिवरानी प्रजापति, विधान पार्षद रीना यादव, महिला प्रकोष्ठ की दक्षिण बिहार प्रभारी सुप्रिया रानी, मुख्यालय प्रभारी शंभू कुशवाहा, अरुण वर्मा एवं सुमित कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# फौज में सेवा कर रहे लोगों के लिए फिजियोथैरेपी जरूरी : राज्यपाल


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि आज फिजियोथैरेपी की वजह से मेरा हाथ उठने लगा और मुझे सेवा में प्रमोशन मिला। एक फौजी को सेवा के दौरान चोट लगती है और वह चोट फिजियोथैरेपिस्ट के वजह से दूर होता है। बिहार के राज्यपाल रविवार को स्थानीय जगजीवन राम संसदीय शोध संस्थान में बिहार स्टेट फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन की ओर से आयोजित फिजियोथैरेपी कांफ्रेस का उद्घाटन कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा भारतीय सेना फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर का आभारी है जिनकी वजह से भारतीय सैनिक को लगे चोट छूमंतर में गायब हो जाता है। उन्होंने फिजियोथैरेपी चिकित्सकों से आग्रह किया कि अगर ऊपर जाना है आगे बढ़ाना है तो अपने जीवन में झुकना सीखें। राज्यपाल ने कहा मैं देश व जनता की सेवा के लिए समर्पित हूं और हमेशा उच्च शिक्षा के विकास के लिए तत्पर हैं हम सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक छात्र व कर्मचारी से मिलकर व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब हम शिक्षक व छात्रों के साथ बैठकर समस्या हल करने को तैयार हैं तो उन्हें धरना प्रदर्शन करने की क्या जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेवा में फिजियोथेरेपिस्ट का रोल अहम है कश्मीर से लद्दाख के सिपाही का मनोबल फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर की वजह से ऊंचा रहता है फिजियोथैरेपी एक फूल फ्लेज मेडिकल प्रॉब्लम है और यह पैरामेडिकल या एलाइड मेडिकल सेवा नहीं है। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार स्टेट फिजियोथैरेपिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अभिनव आनंद ने कहा कि प्रदेश में फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर की समस्या को हल करने के लिए सरकार को अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए और हर पंचायत में एक फिजियोथेरेपिस्ट की बहाली करनी चाहिए। इस मौके पर विधान पार्षद जीवन कुमार ने कहा कि पहले मेडिकल के क्षेत्र में फिजियोथैरेपी क्रांति को ठीक से माइलेज नहीं दिया गया जबकि 1996 के बाद फिजियोथैरेपी दिवस मनाने से इस सेवा को बहुत माइलेज मिला है।

# अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं कोसी-सीमांचल क्षेत्र के अत्यंत लोकप्रिय राजनेता अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। अपने शोक संदेश में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अब्दुल जलील मस्तान का निधन राजनीतिक जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनके प्रस्थान से हमने एक ऐसा समर्पित जननेता खो दिया है जिनका पूरा जीवन आम जनता की सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहा। वे पूर्णिया जिले की अमौर विधान सभा सीट से 6 बार विधान सभा सदस्य चुने गए थे। सीमांचल के विकास और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच आपसी भाईचारा व सामाजिक समरसता बनाए रखने में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने ईश्वर से विनम्र प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों और समर्थकों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# कालजयी और अमर कवि हैं 'बिहार गीत' के रचनाकार सत्यनारायण : शिक्षा मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कालजयी और अमर कवि हैं बिहार के 'राज्य-गीत' लिखने वाले रचनाकार कवि सत्यनारायण जब तक बिहार का अस्तित्व रहेगा, कवि सत्यनारायण बिहार के कण-कण में जीवित रहेंगे। उपरोक्त बातें कवि सत्यनारायण की 93वीं जयंती पर आयोजित पुस्तक-लोकार्पण समारोह का उद्घाटन करते हुए बिहार के शिक्षामंत्री मिथिलेश तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि कवि सत्यनारायण की स्मृति को जीवित रखने तथा साहित्य सम्मेलन के उन्नयन के लिए, सम्मेलन का एक प्रतिनिधि-मण्डल सरकार को प्रस्ताव दे। सभी अच्छे प्रस्ताव को सरकार अवश्य पूरा करेगी। शिक्षा मंत्री ने जयंती-पुरुष की संपूर्ण रचनावली 'सत्यनारायण समग्र' का लोकार्पण भी किया। समारोह के मुख्य अतिथि और सुप्रसिद्ध साहित्यकार शिवदयाल ने अपनी स्मृतियां साझा करते हुए कहा कि जय प्रकाश आंदोलन ने जिस तात्कालिक जड़ता को तोड़ा था, उसमें नुक्कड़-काव्य आंदोलन की बड़ी भूमिका थी। कवि सत्यनारायण की काव्य-प्रतिभा का परिचय हमें नुक्कड़ कवि-सम्मेलनों के माध्यम से मिला। सत्य नारायण ऐसे कवियों में शुमार हैं जिन्होंने अपने समय की जनता की आकांक्षाओं को शब्द दिए। जनता की केवल पीड़ा लिखी ही नहीं, सड़क पर भी आए। अपने अध्यक्षीय उद्गार में सम्मेलन के अध्यक्ष डा.अनिल सुलभ ने कहा कि कवि सत्यनारायण को समग्रता में पढ़ना, अनुभूति के एक अभिनव संसार से जुड़ना है। लोकार्पित पुस्तक हिन्दी की एक धरोहर के रूप में स्मरण की जाती रहेंगी जिससे नहीं केवल आनेवाली पीढ़ियां अपितु साहित्य के विद्यार्थी सदा लाभान्वित होते रहेंगे। सरकार को चाहिए कि 'बिहार-गीत' के अमर रचनाकार की एक भव्य प्रतिमा लगाकार उनकी जयंती को 'राजकीय समारोह' के रूप में मनाए तथा उनके नाम से कम से कम तीन लाख रूपए वाली पुरस्कार राशि से प्रतिवर्ष बिहार के किसी एक कवि का सम्मान हो। इससे कम में 'राज्य-गीतकार' के प्रति उचित श्रद्धांजलि नहीं हो सकती। बिहार विधान परिषद के सदस्य संजय मयूख, पटना की महापौर सीता साहू, डॉ.कुमार अरुणोदय, बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य निशीथ वर्मा, डॉ.कल्याणी कुसुम सिंह, बच्चा ठाकुर, संजीव कर्ण तथा कवि के ज्येष्ठ पुत्र संजयने भी अपने विचार रखे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में 'ऑल इंडिया ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा मेघना गर्ग के नेतृत्व में 'ऑल इंडिया ऑन द स्पॉट निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन, हाजीपुर मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्रों तथा महेंद्रूघाट पटना के एक परीक्षा केंद्र पर किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, तथा कार्यकारिणी के सदस्य रश्मि प्रियदर्शी, हनी वर्मा, श्रुति पांडे तथा विनीता प्रसाद उपस्थित रहीं। इस निबंध प्रतियोगिता में रेलवे कर्मचारीगण के लगभग 200 बच्चे शामिल हुए। इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की ओर से बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट, चिप्स तथा फ्रुटी के साथ मिल्टन टिफिन बॉक्स उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

# सेवा संकल्प अभियान की सफलता के लिए ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा एवं अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, बिहार प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आज पार्टी कार्यालय स्थित अटल सभागार में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की सफलता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओबीसी मोर्चा बिहार प्रदेश के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। कार्यशाला में सेवा संकल्प अभियान के बिहार संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, प्रदेश के पूर्व महामंत्री एवं सेवा संकल्प अभियान के संयोजक राजेश कुमार वर्मा, प्रदेश मंत्री एवं 'आशीर्वाद का दिया' के संयोजक प्रभाकर मिश्रा तथा अभियान संयोजक मंडल के सदस्य वीरेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों एवं इसकी रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 वर्षों तक संवैधानिक पदों पर रहते हुए गुजरात और देश की सेवा की है। उन्होंने कहा कि वैसे तो नरेंद्र मोदी जी बाल्यकाल से ही राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहे हैं, लेकिन 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बनने और वर्ष 2014 से देश के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश के विकास और परिवर्तन की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किया है।

# अब्दुल जलील मस्तान के निधन पर राजेश राम ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं 6 बार के विधायक रहे अब्दुल जलील मस्तान का दिल्ली एम्स में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा दुःख जताया और अपने शोक संदेश में कहा कि बिहार कांग्रेस ने अपने एक समर्पित और जुझारू नेता को खो दिया है। सीमांचल की आवाज के रूप में उन्होंने लंबे समय तक जनता की सेवा की। 2015 की महागठबंधन सरकार में उन्होंने उत्पाद, मद्य निषेध एवं निबंधन मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई। उनका निधन कांग्रेस संगठन, सीमांचल और पूरे बिहार के लिए अपूरणीय क्षति है।

# बिहार में 45 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित, डबल इंजन सरकार गंभीर नहीं : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में 45 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं, लेकिन डबल इंजन सरकार इस मामले में गंभीर नहीं है। दोनों इंजन में आग लगी हुई है जिसके कारण बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि नहीं मिल रही है। 1, पोलो रोड स्थित अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बिहार की बाढ़ को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने, प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने और विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की है, लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अब तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखा गया, पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा कि बिहार से एनडीए के सात मंत्री और 31 लोकसभा सांसद हैं, फिर भी लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। राज्य सरकार ने जुलाई में आकस्मिक निधि से 4000 करोड़ रुपये निकाले जिसे वेतन मद और अन्य कार्यों में खर्च किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य का खजाना खाली है और बिहार से केंद्रीय मंत्री भी सहायता नहीं दिला पा रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों के लिए चल रहे किचन और रसोई की सूची भी सरकार से मांगी गई, लेकिन उपलब्ध नहीं कराई गई। तेजस्वी ने कहा कि कोसी बाढ़ के समय लालू प्रसाद ने बिहार को विशेष पैकेज दिलाया था तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बिहार आकर पीड़ितों को सहायता राशि दी थी। उन्होंने गुजरात में बारिश होने पर राहत शिविर और हरसंभव सहायता दिए जाने का दावा करते हुए कहा कि आपदा के समय बिहार को भाजपा और केंद्र के नेता नजरअंदाज करते हैं जबकि चुनाव के समय प्रधानमंत्री से गृह मंत्री तक बिहार पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है और बाढ़ के स्थायी समाधान पर डबल इंजन सरकार का ध्यान नहीं है। चुनाव के समय अमित शाह बाढ़ से निजात दिलाने की बात करते हैं, लेकिन अब 45 लाख लोगों के बाढ़ में फंसे होने के बावजूद उनका बयान नहीं आता। तेजस्वी ने अपने बाढ़ दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस नाव से वे जायजा लेने गए थे, उसकी हवा नदी के बीच निकल गई और गांव के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। उन्होंने कहा कि सरकार से सहायता की मांग करने पर भी बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा सामने लाने पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सरकार का यह रवैया लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।

# दो दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर का समापन

## घर-घर कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाना हमारा लक्ष्य : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में चल रहे प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन संगठन एवं जनभागीदारी से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस की गौरवशाली विरासत और लोकतांत्रिक विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के माध्यम से संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। प्रशिक्षकों से उन्होंने आह्वान किया कि वे कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर जनता के मुद्दों से जोड़ें और संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाएं। राजेश राम ने कहा कि हमारा लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना है। प्रशिक्षित और सक्रिय कार्यकर्ता ही इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम में बिहार के सह प्रभारी सुशील पासी, प्रशिक्षण प्रभारी प्रो रंजीत कुमार मिश्रा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पंकज यादव मौजूद थे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने 'हरतालिका तीज' पर माताओं एवं बहनों को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'हरतालिका तीज' के पावन अवसर पर प्रदेश की समस्त माताओं एवं बहनों सहित प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति की परंपरा का वाहक यह पावन व्रत अखंड सौभाग्य और अटूट विश्वास का प्रतीक है। इस अवसर पर माताएं-बहनें अपने परिवार की खुशहाली, सुखद दांपत्य और पति की दीर्घायु के लिए पूरे भक्ति भाव से निर्जला व्रत रखती हैं। उन्होंने मंगलकामना की कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली लाए।

# रघुवंश बाबू की पुण्यतिथि पर राजद नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मनरेगा जैसी ग्रामीण समावेशीकरण की महत्वपूर्ण योजना को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राजद के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर रविवार को 1, पोलो रोड स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, प्रदेश राजद अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अली अशरफ फातमी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू सहित अन्य नेताओं ने स्वर्गीय रघुवंश प्रसाद सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताओं ने उनके राजनीतिक और सामाजिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि ग्रामीण गरीबों और वंचित वर्गों के हित में उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। रघुवंश प्रसाद सिंह का निधन 13 सितंबर 2020 को हुआ था। वे ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में मनरेगा के क्रियान्वयन से जुड़े प्रमुख नेताओं में शामिल रहे थे।

# तीज एवं चौठ चांद पूजा पर डॉ. आनन्द रंजन झा ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** तीज एवं चौठ चांद पूजा के पावन अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने समस्त माताओं, बहनों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. झा ने कहा कि तीज एवं चौठ चांद हमारी समृद्ध लोक परंपरा, आस्था और पारिवारिक संस्कारों के प्रतीक हैं। ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सद्भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि तीज का पर्व महिलाओं के समर्पण, निष्ठा एवं परिवार की सुख-समृद्धि की मंगलकामना से जुड़ा है जबकि चौठ चांद पूजा हमारी लोक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण पर्व है। डॉ. आनन्द रंजन झा ने कामना की कि इन पावन पर्वों से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली आए। सभी परिवार स्वस्थ, सुखी और मंगलमय रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से तीज एवं चौठ चांद पूजा को श्रद्धा, उल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

# 'राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' पुस्तक का लोकार्पण

## पुस्तक राष्ट्र जागरण का महत्वपूर्ण कार्य करेगी : अवधेश नारायण सिंह

**पुष्पांकर गुप्ता**



**पटना।** स्थानीय आचार्य शत्रुघ्न प्रसाद शोध संस्थान के तत्वावधान में बिहार विधान परिषद् सभागार में आज विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता एवं स्तंभकार प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता की पुस्तक 'राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पुस्तक को राष्ट्रीय चेतना, जनजागरण और वैचारिक विमर्श की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह पुस्तक पाठकों को राष्ट्रहित, राष्ट्रप्रेम, स्वाभिमान और राष्ट्र जागरण की भावना से जोड़ने का कार्य करती है। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि उन्हें राष्ट्रवादी धारा से जोड़ने में राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी लिखित पुस्तक 'राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति' भी पाठकों को राष्ट्रवादी विचारधारा की ओर आकर्षित करेगी। यह पुस्तक राष्ट्र जागरण का महत्वपूर्ण कार्य करेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने पुस्तक की भाषा-शैली की सराहना करते हुए कहा कि कॉमर्स के प्राध्यापक प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने अत्यंत सहज और सरल हिंदी भाषा में इस पुस्तक की रचना की है जिससे गंभीर विषय भी सामान्य पाठकों के लिए सुगम हो गए हैं। वहीं कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि पुस्तक में अखंड भारत की अवधारणा सहित अनेक महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा की गई है और यह पुस्तक युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। लेखक ने भारत विभाजन की पीड़ा, राजनीति में आए ह्रास तथा सत्ता प्राप्ति के लिए राजनेताओं द्वारा किए गए असंवैधानिक कार्यों जैसे विषयों पर गंभीरता से लिखा है। उन्होंने पंजाब में प्रधानमंत्री की गाड़ी रोके जाने के प्रसंग से जुड़े आलेख का भी उल्लेख किया।

# जीविका दीदी की लाइब्रेरी से संवर रही एक लाख ग्रामीण युवाओं और महिलाओं की तकदीर

## 61 फीसदी लड़कियों की भागीदारी के साथ विद्या दीदी संभाल रहीं डिजिटल साक्षरता की कमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कल तक जो महिलाएं घर की चहारदीवारी, चूल्हे-चौके और सामाजिक बंदिशों में कैद थीं जिन्हें आर्थिक तंगी और रूढ़िवादी सोच के कारण कभी पढ़ाई का अवसर नहीं मिला। आज वही महिलाएं ग्रामीण बिहार में बदलाव की नई इबारत लिख रही हैं। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की जीविका योजना के तहत संचालित जीविका-दीदी की लाइब्रेरी (सामुदायिक पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र) आज ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, मार्गदर्शन और अवसरों के बीच की दूरी को मिटाने का सबसे सशक्त माध्यम बन चुकी है। वर्तमान में राज्य में संकुल स्तरीय संघ (सीएलएफ) के माध्यम से 118 जीविका-दीदी की लाइब्रेरी का सफल संचालन हो रहा है। इनसे अब तक 1 लाख से अधिक किशोर एवं युवा जुड़ चुके हैं। ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार, ये लाइब्रेरी सप्ताह के सातों दिन सुबह 9.30 से शाम 5.00 बजे तक खुलते हैं। प्रत्येक केंद्र पर प्रतिदिन औसतन 50 से 70 शिक्षार्थी पहुंचते हैं। इन शिक्षार्थियों में 61 फीसदी लड़कियां हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो राज्यभर में रोजाना करीब 5,000 से 7,000 बच्चे लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ते हैं जिसमें एक बड़ी संख्या दीदियों की बच्चों की भी है जो आज इस सुविधा के बदौलत खुद का भविष्य संवार रहे हैं। पुस्तकालयों में शांत वातावरण के साथ कंप्यूटर, टैबलेट, हाई-स्पीड इंटरनेट, किताबें, समाचार पत्र और ऑनलाइन पठन-पाठन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों में कई ऐसे हैं जिन्होंने पूर्व में अपनी पढ़ाई छोड़ दी थी और आज उन्हें एनआईओएस, बीबीओएसइ और इग्नू जैसे संस्थानों में नामांकन कराकर मुख्यधारा में लाया जा रहा है। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन, ऑनलाइन आवेदन में सहायता और विशेषज्ञों द्वारा करियर काउंसिलिंग व मेंटरिंग दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक समस्याओं और संसाधनों के अभाव में जो महिलाएं कभी घर से निकलने में भी झिझकती थीं, आज वे इन सेंटरों का पूर्ण स्वामित्व, संचालन और प्रबंधन खुद संभाल रही हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक प्रशिक्षित सामुदायिक पेशेवर विद्या-दीदी (डिजिटल एडुप्रेन्योर) के रूप में तैनात हैं जो दैनिक संचालन से लेकर बच्चों को डिजिटल सेवाएं देने तक की कमान संभाल रही हैं जिन हाथों में कभी सिर्फ घरेलू काम हुआ करता था, आज वे माउस और कीबोर्ड पर सरपट दौड़ रहे हैं। विद्या-दीदी और लाइब्रेरी मैनेजर के रूप में काम करके हजारों महिलाएं अब नियमित आय अर्जित कर रही हैं।



जीविका-दीदी की लाइब्रेरी केवल किताबों का केंद्र नहीं, बल्कि हमारी उन बहनों के आत्मसम्मान और सफलता की कहानी है जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों को हराकर नया इतिहास रचा है। राज्य में संचालित 118 पुस्तकालयों के माध्यम से आज 1 लाख से अधिक युवाओं और 61 फीसदी बेटियों को अपने ही गांव में डिजिटल शिक्षा और करियर मार्गदर्शन मिल रहा है। हमारी विद्या-दीदियां आज गांव-गांव में ज्ञान का दीप जलाकर ग्रामीण बिहार को आत्मनिर्भर बना रही हैं।

**श्रवण कुमार**
**ग्रामीण विकास एवं जन सम्पर्क मंत्री**

# जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने हेतु कादिरगंज पहुंच डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सासाराम शहर के दक्षिणी हिस्से में लंबे समय से जलजमाव की समस्या की शिकायत मीडिया, सोशल मीडिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से रोहतास जिला प्रशासन को मिल रही थी। कोटा, दलेलगंज, कादिरगंज एवं शाहजलालपीर मुहल्ले के लोगों को राहत दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए रविवार को जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा द्वारा कादिरगंज पहुंचकर मां ताराचंडी धाम से निकलने वाली कुदरा नदी की मुख्य धारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नदी के प्रवाह, जलनिकासी की स्थिति एवं संभावित अवरोधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने स्थानीय लोगों से संवाद कर जलजमाव की समस्या और नदी की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। चर्चा के क्रम में कादिरगंज से सपुल्लाहगंज होते हुए लखनुसराय तक कुदरा नदी की मुख्य धारा की सफाई कर जलप्रवाह को सुचारु बनाने की संभावना सामने आई है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कुदरा नदी की मुख्य धारा पर अतिक्रमण करने वालों को चिह्नित कर नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बहुत जल्द जल निकासी को बेहतर बनाने की दिशा में कार्रवाई कर दी जाएगी। इस दौरान नगर आयुक्त, नगर निगम सासाराम, विशेष कार्य पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सासाराम एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कैमूर में अवैध खाद गोदाम पर छापा, सैकड़ों बोरा नकली खाद जब्त, गोदाम सील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** कैमूर के जिला मुख्यालय भभुआ शहर से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर भभुआ-कुदरा मुख्य पथ पर सोनहन थाना क्षेत्र के सिलौटा में काफी दिनों से संचालित अवैध खाद गोदाम पर प्रशासन ने शनिवार की देर शाम छापा मारा। छापेमारी टीम में जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, भभुआ एसडीएम अमित कुमार, बीडीओ आतुलय कुमार व सोनहन थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार पंडित शामिल थे। जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिला पदाधिकारी कुमार अनुराग के निर्देश पर अवैध रूप से संचालित उर्वरक गोदाम पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गोदाम से 756 बोरा नकली खाद बनाने के लिए रखा गया केमिकल तथा 683 बोरा केमिकल से तैयार किया गया नकली खाद को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया है। डीएओ ने बताया कि गोदाम से मजदूर एक ट्रक पर खाद लोड कर रहे थे। पदाधिकारियों की उपस्थिति में सोनहन पुलिस ने ट्रक सहित खाद को जब्त कर थाने ले गई है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में यह पाया गया कि जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के भगवानपुर बाजार में स्थित जय मां अम्बे खाद भंडार के द्वारा सिलौटा में अवैध रूप से गोदाम रखकर नकली खाद बनाकर किसानों के बीच बेचने का काम किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि भगवानपुर में स्थित जय मां अम्बे खाद भंडार को भी सील कर दिया गया है और दुकानदार के विरुद्ध स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज की कार्रवाई की जा रही है

## रोहतास में हथियार तस्कर गिरफ्तार, 85 जिंदा कारतूस और देसी पिस्टल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले में भारी मात्रा में जिंदा कारतूस, एक पिस्टल के साथ पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी देते हुए रोहतास के पुलिस कप्तान मिस्टर राज ने बताया कि डिहरी नगर थाना कांड सं.-468/में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस को 12 सितंबर की संध्या गुप्त सूचना मिली थी कि जहानाबाद जिले का मूल निवासी संजय कुमार, जो कई वर्षों से सिंचाई कॉलोनी डिहरी में रह रहा है और पूर्व का अपराधकर्मी है, अपने घर से अवैध हथियार व गोली की खरीद-बिक्री करता है। सूचना के सत्यापन हेतु थानाध्यक्ष डिहरी नगर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। रात्रि में संजय कुमार, पिता-लक्ष्मी नारायण सिंह के सिंचाई कॉलोनी स्थित आवास पर छापेमारी की। तलाशी में उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल, मैगजीन में 7.65 बोर के 09 जिंदा कारतूस, एक खाली मैगजीन तथा घर में छिपाकर रखे गये 7.62 एमएम के कुल 76 जिंदा कारतूस बरामद हुए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरफ्तार संजय का पूर्व में नक्सली संगठनों से साठगांठ रहा है और वह वर्ष 2014 में नक्सल गतिविधि में पटना के गांधी मैदान थाना से जेल भेजा गया था। पुलिस अन्य संलिप्त व्यक्तियों और आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

## कर्नाटक में बंधक बनाए गए रोहतास के मजदूर को पुलिस ने कराया मुक्त

- एक साल से जबरन कराया जा रहा था काम
- मारपीट और भोजन नहीं देने का आरोप
- 35 मजदूरों को कराया गया रेस्क्यू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** कर्नाटक के चामराजनगर जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र में करीब एक साल से बंधक बनाकर रखे गए मजदूरों में शामिल रोहतास जिले के एक मजदूर को कर्नाटक पुलिस ने मुक्त करा लिया है। इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के शंकरपुर बढ़िहा निवासी मजदूर विकास कुमार को रेस्क्यू करने के बाद कर्नाटक पुलिस की टीम उसे लेकर रविवार को सासाराम पहुंची और जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को सुपुर्द किया। बताया जाता है कि चामराजनगर जिले के रामपुरा क्षेत्र में बिहार सहित विभिन्न स्थानों के करीब 35 मजदूरों को कथित तौर पर बंधक बनाकर रखा गया था। मजदूरों से जबरन काम कराया जाता था और उन्हें मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया जा रहा था। मजदूरों के साथ मारपीट और प्रताड़ना किए जाने के भी आरोप सामने आए हैं। इसके अलावा वहां अनैतिक गतिविधियां कराए जाने की बात भी सामने आई है। मामले की जानकारी स्थानीय ग्राम पंचायत सभा और किसान संघ के सदस्यों को मिलने के बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद कर्नाटक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बंधक बनाए गए 35 मजदूरों को मुक्त कराया। रेस्क्यू किए गए मजदूरों में रोहतास जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के शंकरपुर बढ़िहा निवासी विकास कुमार भी शामिल था। कर्नाटक पुलिस उसे अपने साथ लेकर सासाराम पहुंची और जिला प्रशासन को सौंप दिया। बंधन से मुक्त होकर सासाराम पहुंचे विकास कुमार ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उसे करीब एक साल तक काफी प्रताड़ना झेलनी पड़ी। उसके साथ मारपीट की जाती थी और कई बार खाना तक नहीं दिया जाता था। उसे एक परिसर के अंदर ही रखा जाता था और बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी। उससे जबरन गन्ने के खेत में काम कराया जाता था। काम के बदले मजदूरी भी नहीं दी जाती थी। विकास के अनुसार वहां मजदूरों के साथ लगातार दबाव और भय का माहौल बना हुआ था। किसी तरह स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस की मदद से उसे और अन्य मजदूरों को बंधन से मुक्ति मिली। कर्नाटक के संबंधित गांव के ग्राम पंचायत सचिव महादेव यरु भी विकास कुमार के साथ बिहार पहुंचे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत और किसान संघ ने मिलकर मजदूरों की स्थिति की जानकारी जुटाई और उनके रेस्क्यू के लिए पहल की। इसके बाद कर्नाटक पुलिस के सहयोग से सभी मजदूरों को मुक्त कराया गया। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किए गए मजदूरों में बिहार के रोहतास जिले का विकास कुमार भी था। उसे सुरक्षित तरीके से उसके गृह जिले तक पहुंचाकर जिला प्रशासन को सौंप दिया गया है। प्रशासन की ओर से अब मजदूर की आगे की सहायता और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## 12 साल पहले जिस महिला की हत्या हुई, वह जिंदा निकली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** 12 साल पहले जिस महिला की हत्या के आरोप में उसके पति और ससुर को जेल भेजा गया था वह महिला झारखंड के गढ़वा जिले में जिंदा मिली है। रोहतास जिले के डिहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दहाउर गांव में विवाहिता शकुंतला देवी उर्फ कांति देवी की हत्या मामले में एक हैरत अंग्रेज खुलासा हुआ है वह महिला जिंदा है। इस खुलासे के बाद एक तरफ रोहतास पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर षड्यंत्र से पर्दा हटाने के लिए पीड़ित परिवार पुलिस का शुक्रगुजार भी है। 2014 में दहाउर गांव निवासी अरुण मेहता की शादी शकुंतला देवी से हुई थी, लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद ही उक्त महिला अचानक गायब हो गई। घटना के कुछ दिनों बाद जब पुलिस ने डिहरी मुफस्सिल क्षेत्र स्थित नहर से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया तो मायके वाले ने इसकी पहचान शकुंतला देवी उर्फ कांति देवी के रूप में की। शव की पहचान के बाद मायके वाले ने महिला के पति एवं ससुर पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद दाह संस्कार भी किया गया। रोहतास के नए पुलिस कप्तान मिस्टर राज को इस महिला की जिंदा होने पर पुलिस टीम गढ़वा पहुंची और महिला को जिंदा पकड़ लिया। बगैर पुख्ता प्रमाण के दो बेगुनाहों को इतने वर्षों तक जेल में रहना पड़ा। अब देखना है कि न्यायालय क्या फैसला सुनाता है।

## अलग-अलग मामलों में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** जिले के अकोढ़ीगोला थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है वही दरिहट थाने की पुलिस ने भी एक वारंटी को गिरफ्तार किया। अकोढ़ीगोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि थाना कांड संख्या 338/26 बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिकी अभियुक्त जितेंद्र सिंह उर्फ टागर यादव, उम्र 45 वर्ष, पिता स्व. बाबू लाल सिंह, स्थायी पता अदमापुर, थाना सासाराम मुफस्सिल, वर्तमान पता बराढ़ी गोला, थाना अकोढ़ीगोला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे बराढ़ी गोला से पकड़ा। वही दूसरा मामले में थाना कांड संख्या 189/25 एवं जेजेबी संख्या 262/25 में न्यायालय द्वारा निर्गत एनबीडब्लू वारंट के अनुपालन में वारंटी महेंद्र डोम, पिता स्व. भइया राम, ग्राम प्रेम नगर लख, थाना अकोढ़ीगोला के रहने वाले को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। वही दरिहट थाना अध्यक्ष ने बताया कि एन बी डब्लू के वारंटी सुजीत राम पिता धनुराम ग्राम छोटकी भड़कुड़िया के रहने वाले को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के कोसांदा गांव में 25 वर्षीय विवाहिता पूजा कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका कल्याणी गांव निवासी रविंद्र शाह की पुत्री थी जिनकी शादी मार्च 2024 में कोसांदा निवासी सुरेंद्र शाह के पुत्र छोटान शाह से हुई थी। परिजनों के अनुसार रविवार सुबह करीब छह बजे पूजा का शव घर में पंखे से लटका हुआ मिला जबकि उनके चचेरे भाई बजरंगी शाह ने दावा किया कि घटना रात करीब एक बजे हुई थी और पूजा की गर्दन पर निशान भी थे जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सूर्यपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विक्रमगंज डीएसपी सिंधु शेखर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और एफएसएल टीम के साथ साक्ष्य जुटाए।

## डिहरी में सड़क हादसे में डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शनिवार की रात लगभग 11:30 बजे इंद्रपुरी थाना क्षेत्र के चकन्हा के पास एनएच-2 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दरिहट थाना के धरहरा गांव निवासी मनोज कुमार के 28 वर्षीय पुत्र सिकंदर कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिकंदर डिलीवरी ब्वॉय के रूप में काम करता था और काम खत्म कर बाइक से वापस डिहरी लौट रहा था। इसी दौरान चकन्हा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर इंद्रपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सासाराम सदर अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।

## मटका फोड़ कार्यक्रम में करूप गांव की टीम बनी विजेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** प्रखंड परिसर गोडारी में राधे कृष्ण स्टार क्लब गोडारी के तत्वावधान में भव्य मटका फोड़ कार्यक्रम हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवा, बच्चे, बुजुर्ग और स्थानीय नागरिक शामिल हुए और पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप मुख्य पार्षद रविश रंजन, वार्ड पार्षद-1 विपिन सिंह, वार्ड पार्षद-4 प्रतिनिधि विनोद चौधरी, शिक्षक अनिल कुमार पासवान एवं जैक सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया जिसके बाद उपस्थित लोगों ने तालियों से अतिथियों का स्वागत किया। आयोजकों ने मटका फोड़ प्रतियोगिता के लिए विशेष तैयारियां की थीं। ऊंचाई पर बंधे मटके को फोड़ने के लिए प्रतिभागी टीमों ने साहस, संतुलन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच करूप गांव की टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए खिताब अपने नाम किया जिसके बाद पूरे परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई और दर्शकों ने विजेता टीम का जोरदार अभिनंदन किया। विजेता टीम को बधाई देते हुए मुख्य अतिथि रविश रंजन सहित अन्य अतिथियों ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक और पारंपरिक आयोजन युवाओं में ऊर्जा, उत्साह, अनुशासन, आपसी भाईचारा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं तथा समाज को एक सूत्र में बांधते हैं। उन्होंने राधे कृष्ण स्टार क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन लगातार कराने का आह्वान किया।

## ट्रेन से 109 लीटर लावारिस देसी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन ने पलामू एक्सप्रेस के स्लीपर कोच से भारी मात्रा में देसी शराब जब्त किया है। यह जानकारी देते हुए आरपीएफ के मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दिनेश सिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक राज किशोर कच्छवाहा के पर्यवेक्षण में आरपीएफ टीम स्टेशन पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 5 पर गाड़ी संख्या 13347 बरकाकाना-पटना पलामू एक्सप्रेस आई। जांच के क्रम में कोच संख्या एस 7 के बर्थ नंबर 79 से लावारिस हालत में 2 काले बैग और 2 प्लास्टिक बोरे बरामद हुए। तलाशी लेने पर उसमें से 270 अदद टंच स्पेशल और 140 अदद रॉयल झारखंड डीलक्स कुल 410 अदद देसी शराब मिली जिसकी कुल मात्रा 109 लीटर और अनुमानित कीमत 18,450 रुपये है। कार्रवाई में स०उ०नि० हरेराम कुमार, स०उ०नि० जे०पी० चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी सुरेंद्र चौधरी और आरक्षी उमेश कुमार सिंह शामिल रहे।

## आवारा पशु से बचने के प्रयास में बाइक दुर्घटनाग्रस्त, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास प्रखंड क्षेत्र में सड़कों पर बैठे अवारा पशुओं के कारण हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार की अहले सुबह करीब चार बजे एनएच-119 पर डिहरी-रोहतास मुख्य मार्ग में बकनौरा के समीप अवारा पशु से बचने के प्रयास में एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में बाइक चालक और उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति बाइक से सड़क से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक अवारा पशु सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची। एएसआई सकल यादव, महिला सिपाही अनीता कुमारी और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को 112 वाहन से पीएचसी रोहतास पहुंचाया गया। घायलों की पहचान अरविंद कुमार (27), पिता रामेश्वर चौधरी, निवासी शिवगंज, डिहरी ऑन-सोन तथा रामेश्वर चौधरी (62), पिता स्व. सीता चौधरी, निवासी शिवगंज, डिहरी ऑन-सोन के रूप में हुई है।

## अवसानी नदी से तीन देसी हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)** थाना क्षेत्र के विसर्जन घाट अवसानी नदी में मछली मार रहे लोगों की बंसी में झोले में देसी हथियार फंसकर बाहर निकली मछली मार रहे लोगों ने हथियार देखते ही डरकर उसको वापस नदी में फेंक दी उसके बाद प्रशासन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रोहतास थाना की गश्ती दल की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से हथियार को बरामद किया गया। थाना अध्यक्ष ललन सिंह ने बताया कि तीन हथियार देसी कट्टा है जिसे नदी से बरामद कर थाने ले आ गई है तीनों हथियार एक ही झोले में मिली है जिसके पुलिस मामले की तहकीकात कर रही हैं।

## बेल पर छूटे अभियुक्तों का विशेष सत्यापन अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आज जिले के सभी थानों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एसपी द्वारा सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि हाल के दिनों में बेल पर जेल से बाहर आए सभी अभियुक्तों को थाना पर बुलाकर उनका भौतिक सत्यापन किया जाए एवं उनकी वर्तमान गतिविधियों की गहन जांच की जाए। निर्देश मिलते ही जिले के सभी थानों द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बेल आउट अभियुक्तों की सूची तैयार कर उन्हें थाना पर बुलाना शुरू किया है। थाने पर उनके वर्तमान पता, मोबाइल नंबर, व्यवसाय और आचरण से संबंधित जानकारी का सत्यापन कर रिकॉर्ड को अद्यतन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना है, ताकि जमानत पर बाहर आए व्यक्ति पुनः आपराधिक गतिविधियों में लिप्त न हों।

## जतिन दास की शहादत पर जेल सुधार की उठी आवाज

### बिहार की जेलों में मनाया जाए शहादत दिवस, जेल लोकपाल की नियुक्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शहीद जतिन दास के शहादत दिवस पर रविवार को श्री श्री रामकृष्ण आश्रम, डिहरी में बंदी अधिकार आंदोलन के बैनर तले विचार एवं संकल्प सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रो. दिग्विजय सिंह ने की। सभा में वक्ताओं ने जतिन दास के 63 दिवसीय ऐतिहासिक अनशन और उनके बलिदान को याद करते हुए जेलों में बंदियों के मानवीय अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक संतोष उपाध्याय ने कहा कि जेल में बंद व्यक्ति भी संविधान के संरक्षण में है। बंदियों को सम्मानजनक व्यवहार, स्वास्थ्य, शिक्षा, कानूनी सहायता और परिवार से मुलाकात जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने जेलों में स्वतंत्र शिकायत तंत्र को जरूरी बताते हुए कहा कि जेल की चहारदीवारी कानून से बाहर नहीं हो सकती। सभा में सर्वसम्मति से तीन प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें 13 सितंबर को बिहार की सभी जेलों में जतिन दास शहादत दिवस को 'बंदी अधिकार दिवस' के रूप में मनाने, निष्क्रिय मानवाधिकार न्यायालयों को सक्रिय करने तथा बिहार में स्वतंत्र 'जेल लोकपाल' की नियुक्ति की मांग शामिल है। इन मांगों को लेकर आंदोलन का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनूप राय, पत्रकार सतीश मिश्रा, अधिवक्ता विजय सिंह, प्रदीप दास, अर्जुन सिंह, चन्द्रिका राम, अशोक कुमार पाण्डेय, हरेंद्र मिश्र सहित सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता, विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## भजन-कीर्तन और भंडारे के साथ श्री गुरु पूजा महोत्सव संपन्न

### सेवा के लिए सद्गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक : निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** न्यू डिलिया स्थित श्री दिनेश्वरी कुटी धाम में भादों अमावस्या के अवसर पर आयोजित श्री गुरु पूजा महोत्सव का हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और भंडारे के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गुरु महाराज के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। पयहारी जी महाराज के शिष्य महाराज शांति बाबा ने बताया कि यहां प्रत्येक वर्ष भादो अमावस्या के दिन गुरु पूजा महोत्सव आयोजित किया जाता है। भोजपुर जिले के शिवपुर-जगदीशपुर स्थित शिवानंद कुटी धाम से संत-महात्माओं का जत्था भी इसमें शामिल होता है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि श्री पयहारी जी महाराज ने रोहतास जिले के नासरीगंज, हरिहरगंज एवं तिलौथू स्थित आनंद कुटी धाम में कठोर तपस्या की थी। गुरु परंपरा में पीला और काला तिलक धारण करने की परंपरा है जो पृथ्वी और आकाश का प्रतीक माना जाता है। श्री पयहारी जी महाराज जी परम शिष्य गुरु सेवक छोटू जी महाराज व संतोष जी महाराज, शांति जी महाराज भोजपुर जिले के शिवपुर जगदीशपुर, शिवानंद कुटी धाम में गुरु सेवक के रूप में है। वे संत महात्मा यहां आते हैं। श्री दिनेश्वर धाम में दर्शन करने पहुंचे डॉ. निर्मल कुशवाहा ने कहा कि श्री पयहारी जी महाराज का संदेश शरीर और मन की शुद्धि के माध्यम से आत्मज्ञान प्राप्त करने का था। तप, जप, त्याग और सेवा के लिए सद्गुरु का मार्गदर्शन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पयहारी जी महाराज ने आजीवन फलाहारी रहकर मानवता और सेवा का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में भोजपुरी गायक धनंजय शर्मा, गुड्डू राज रसिया, लक्ष्मण व्यास, अक्षत अजूबा सहित अन्य कलाकारों ने गुरु भजनों की प्रस्तुति दी। नाल वादक एवं पूर्व वार्ड पार्षद संजय शर्मा ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का आयोजन किया गया।


**शपथ-पत्र**

मैं अंकित कुमार विश्वकर्मा (Ankit Kumar Vishwakarma) उर्फ भोला विश्वकर्मा (Bhola Vishwakarma), उम्र लगभग 26 वर्ष, पिता गणेश विश्वकर्मा, निवासी ग्राम-दवनपुर, पो.-करवन्दिया, थाना-सासाराम (मु.), जिला-रोहतास, इस शपथ पत्र में शपथपूर्वक निम्नलिखित हलफन बयान करता हूं कि मैं एक भारतीय नागरिक हूं तथा मेरा आधार नं.-2573 8357 0027 है।
भारत सरकार द्वारा निर्गत आधार कार्ड पर मेरा नाम अंकित कुमार विश्वकर्मा दर्ज है एवं दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की अमरा तालाब शाखा का मेरा खाता संख्या-74710100034018 के पासबुक पर भी मेरा नाम अंकित कुमार विश्वकर्मा दर्ज है जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम, शाखा डिहरी के पॉलिसी संख्या-514413123 जो मेरे नाम से ही है उस पर मेरा नाम भोला विश्वकर्मा दर्ज है जो दोनों नाम मेरा ही है। मेरा पूरा नाम अंकित कुमार विश्वकर्मा (Ankit Kumar Vishwakarma) उर्फ भोला विश्वकर्मा (Bhola Vishwakarma) है, मैं इन दोनों नामों से जाना वो पहचाना जाता हूं।
अंकित कुमार विश्वकर्मा उर्फ भोला विश्वकर्मा पिता गणेश विश्वकर्मा नाम का कोई दूसरा व्यक्ति मेरे ग्राम-दवनपुर में नहीं है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 52225 दिनांक 26.10.24

**शपथकर्ता**
**अंकित कुमार विश्वकर्मा**

# आपदा प्रभावितों को राहत उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** आपदा की मार से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार हरसंभव मदद के लिए कृतसंकल्पित है। राज्य सरकार के निर्देश पर ग्राम पंचायत राज पचैरी के जोरारपुर निवासी आनंदी प्रसाद की उनका गिरने से हुई मौत के बाद उनके आश्रित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। रविवार को मृतक की पत्नी सुनीता कुमारी को राज्य सरकार की ओर से प्रदत सहायता राशि का चेक बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ,सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं विधान पार्षद रीना यादव ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।इस मौके पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा कहते रहे हैं कि राज्य सरकार के खजाने पर पहला हक आपदा पीडित परिवारों का है। आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत और हरसंभव सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में धैर्य एवं हिम्मत से काम लेने की अपील की ।मंत्री ने कहा कि असमय हुई क्षति की भरपाई संभव नहीं है और मृतक को वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि पीडित परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को आपदा पीडित परिवारों को नियमानुसार चार लाख रुपये की सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने बिना किसी भेदभाव के समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी है। 'न्याय के साथ विकास' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की गई हैं।इस अवसर पर बीडीओ मनीष कुमार, प्रखंड जदयू अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार, देव युगल किशोर, मुखिया विश्वास सिंह, सकलदीप प्रसाद, जीतन चैहान, मुन्ना पासवान, गुलशन कुशवाहा, बिट्टू कुशवाहा, पुष्प राज सिंह, छोटू कुमार, रंजीत सिंह, संजय राम समेत कई लोग मौजूद थे।

# शराब लदा ट्रक खराब, चालक-उपचालक फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** जिले में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के बीच दीपनगर थाना क्षेत्र के गोलापुर मार्ग से शराब लदे ट्रक का मामला सामने आया है। सड़क किनारे सुनसान स्थान पर खराब हालत में खड़े ट्रक से करीब 67 लीटर विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई है। घटना के बाद ट्रक का चालक और उपचालक मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि शराब लदा ट्रक अचानक खराब हो गया था। इसके बाद चालक और उपचालक ने ट्रक को गोलापुर रोड के सुनसान इलाके में खड़ा कर दिया। इसी दौरान ट्रक से शराब उतारे जाने की सूचना आसपास के ग्रामीणों को मिली। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ को देखकर चालक और उपचालक वहां से भाग निकले। सूचना मिलने पर दीपनगर और नूरसराय थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान करीब 67 लीटर विदेशी शराब और बीयर बरामद की गई। पुलिस ने आसपास के जंगल और सुनसान स्थानों पर भी तलाशी अभियान चलाया। हालांकि प्रशासन की ओर से शराब लूटे जाने की घटना की पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि बड़े ट्रक में केवल 67 लीटर शराब ही थी या फिर उस पर शराब का बड़ा जखीरा लदा था, जिसे मौके पर उतारने की तैयारी की जा रही थी। इसी दौरान ग्रामीणों की भीड़ जुटने के बाद चालक व उपचालक फरार हो गए।फिलहाल पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उससे पूछताछ कर शराब की खेप के स्रोत और उसके गंतव्य का पता लगाया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# ताला तोड़कर जेवर-नकदी व शादी का सामान ले गए चोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के गंजपर गांव में चोरों ने एक बंद घर को एक साल के अंदर दूसरी बार निशाना बनाया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, काशा-पीतल के बर्तन और करीब 25 हजार रुपये नकद समेत शादी में रखा सामान चोरी कर लिया। लगातार दूसरी बार हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गृहस्वामिनी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि परिवार के सदस्य अलग-अलग जगहों पर रहते हैं। कुछ लोग दिल्ली तो कुछ बिहारशरीफ में रहते हैं, जिसके कारण घर में अक्सर ताला लगा रहता है। चार-पांच दिन पहले वह किसी काम से घर आई थीं, तब घर में सबकुछ सामान्य था। रविवार सुबह जब वह घर की सफाई करने पहुंचीं तो मुख्य गेट का ताला लगा हुआ था, जबकि दूसरे गेट का ताला टूटा मिला।घर के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा था। गोदरेज और बक्से का ताला तोड़कर चोरों ने उसमें रखे सामान पर हाथ साफ कर दिया था। प्रतिमा कुमारी के अनुसार, दो माह पूर्व परिवार में शादी हुई थी। शादी के लिए घर में काशा-पीतल के बर्तन, सोने-चांदी के आभूषण और करीब 25 हजार रुपये नकद रखे थे, जिन्हें चोर ले गए।पीडिता ने कहा कि जब-जब घर में शादी होती है, तब चोरी की घटना हो जाती है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल की जांच की। थाना प्रभारी ललित विजय ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। फिलहाल पीडित की ओर से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

# हरनौत के सभी 19 वार्ड होंगे दूधिया रोशनी से जगमग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**हरनौत।** नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 19 वार्ड अब दूधिया रोशनी से जगमग होंगे। नगर पंचायत प्रशासन ने विभिन्न मोहल्लों और गांवों में नई स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना तैयार की है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। योजना पर एक करोड़ 81 लाख 89 हजार रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। आदर्श नगर, नियामतपुर, चेरन, बस्ती, धर्मपुर, पटेल नगर, बीच बाजार, गोगीपर, रूपसपुर, पोरई, डिहरीगढ़, श्रीचंदपुर, सबनहुआडीह, माधोपुर-सबनहुआ, अंबेडकर नगर, हनुमान नगर, जोरारपुर समेत अन्य मोहल्लों और गांवों में स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इससे मुख्य सड़कों के साथ आवासीय क्षेत्रों में भी रात के समय रोशनी की बेहतर व्यवस्था होगी।नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार, कई स्थानों पर पहले से लगी लाइटों के बावजूद पर्याप्त प्रकाश की सुविधा नहीं है। अंधेरे के कारण लोगों को रात में आवागमन में परेशानी होती है। नई लाइटें लगने से ऐसे क्षेत्रों में रोशनी बढ़ने के साथ लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर कार्यपालक पदाधिकारी सौरव सुमन ने बताया कि इच्छुक संवेदक 29 सितंबर को शाम तीन बजे तक टेंडर जमा कर सकते हैं। 30 सितंबर को बीड खोला जाएगा। वहीं, 22 सितंबर को नगर पंचायत कार्यालय में प्री-बीड मीटिंग आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट योजना से नगर पंचायत क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को बेहतर नगरीय सुविधा मिलेगी।

# खतियानी जमीन पर बल पूर्वक ईंट सोलिंग कराने का मुखिया पर आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के महद्दीपुर गांव में खतियानी जमीन पर पंचायत निधि से कथित तौर पर जबरन ईंट सोलिंग कराए जाने का मामला सामने आया है। जमीन मालिक शैलेन्द्र कुमार ने इस संबंध में संबंधित पदाधिकारी को आवेदन देकर निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने पंचायत की मुखिया सरिता देवी पर पद का प्रभाव इस्तेमाल कर जबरन निर्माण कराने और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। शैलेन्द्र कुमार ने आवेदन में बताया है कि खाता संख्या-76, खसरा संख्या-300 में 29 डिसमिल उनके दादा स्व. रामकिशुन महतो के नाम से खानदानी जमीन है। वर्तमान में उक्त जमीन की रसीद उनके पिता सियाशरण सिंह के नाम से कट रही है। उनका आरोप है कि उनकी खतियानी जमीन में छोड़ी गई रास्ते पर मुखिया द्वारा पंचायत निधि से बलपूर्वक ईंट सोलिंग कराया जा रहा है। आवेदनकर्ता का कहना है कि जब उन्होंने अपनी जमीन पर निर्माण कराने का विरोध किया तो उन्हें मुखिया होने का धौंस दिखाया गया। साथ ही उनके विरुद्ध कार्रवाई कराने और पिटवाने तक की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। इससे जमीन मालिक और पंचायत प्रतिनिधि के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। शैलेन्द्र कुमार ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर खतियानी जमीन की स्थिति स्पष्ट कराने तथा कथित तौर पर कराए जा रहे ईंट सोलिंग के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि उनकी जमीन पर बिना अनुमति किसी प्रकार का निर्माण कराया जाना उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

## एक नजर

### सुहागिनों का प्रमुख पर्व हरितालिका तीज आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सुहागिन महिलाओं के प्रमुख पर्व हरितालिका तीज व्रत की शुरुआत रविवार को नहाय-खाय की परंपरा के साथ हुई। सुबह स्नान कर महिलाओं ने स्वच्छ वस्त्र धारण किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सात्विक भोजन ग्रहण किया। इसके साथ ही महिलाओं ने पति की दीर्घायु, अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ निर्जला व्रत की तैयारी शुरू कर दी। धार्मिक मान्यता के अनुसार, हरितालिका तीज भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन और माता पार्वती की कठोर तपस्या की स्मृति में मनाया जाता है। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। इसी आस्था के चलते सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन की सुख-शांति के लिए यह कठिन व्रत रखती हैं। अविवाहित युवतियां भी मनचाहे वर की प्राप्ति की कामना से तीज व्रत करती हैं। नहाय-खाय को व्रत की शुद्धता और संकल्प का पहला चरण माना जाता है। इसके बाद महिलाएं निर्जला उपवास रखकर अगले दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करेंगी। घरों में तीज गीतों और पूजा की तैयारियों से भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

### जन सुराज में शामिल हुई डॉ. दिव्या ज्योति

**बिहारशरीफ।** पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद चुनाव की तैयारी कर रहीं डॉ. दिव्या ज्योति ने प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। शनिवार को बिहारशरीफ स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर उन्होंने पार्टी से जुड़ने के कारणों और शिक्षकों के मुद्दों पर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से पटना, नालंदा और नवादा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझ रही हैं। शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए अब निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने जन सुराज को शिक्षा, रोजगार, विकास और सामाजिक बदलाव का मंच बताते हुए कहा कि गांधी और बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर बिहार में बदलाव संभव है। डॉ. दिव्या ज्योति ने वर्तमान एमएलसी पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों में पांच बार प्रतिनिधित्व के बावजूद वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन, सातवें वेतन आयोग का पूर्ण लाभ, स्पष्ट सेवा नियमावली, वरीयता के आधार पर प्रोन्नति, पारदर्शी स्थानांतरण नीति और सम्मानजनक पेंशन शिक्षकों का अधिकार है।उन्होंने वित्त रहित संस्थानों की चार दशक पुरानी मांगों के समाधान तथा डिग्री कॉलेजों व विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता बनाए रखने को भी प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और खासकर महिला शिक्षकों का उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है। मौका मिला तो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महिला प्रतिनिधि के रूप में शिक्षकों की आवाज सदन में मजबूती से उठाएंगी।

### ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं, मच्छरों का बढ़ा प्रकोप

**राजगीर।** राजगीर नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों में नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं होने से गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वार्ड संख्या 21 के बड़ी मिल्की मोहल्ले में ग्रामीणों का कहना है कि कई महीनों से गलियों, नालियों, सड़कों और कचरा जमा होने वाले स्थानों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नहीं किया गया है। इससे बदबू के साथ मच्छरों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। बरसात के दिनों में जगह-जगह जलजमाव होने से मच्छर और अन्य कीड़े-मकोड़े तेजी से पनपते हैं। ऐसे में नियमित अंतराल पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और फॉगिंग जरूरी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद की ओर से छिड़काव के नाम पर महज खानापूर्ति की जा रही है। लोगों का कहना है कि वार्डों में छिड़काव के लिए नगर परिषद में लाखों रुपये की सामग्री आती है, लेकिन इसका समुचित उपयोग हो रहा है या नहीं, इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं की जाती। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से सभी वार्डों में नियमित छिड़काव कराने और व्यवस्था की निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नवादा

# सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में 'सेवा संकल्प अभियान' एवं 'सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान' की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक हुई। डीएम ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जनभागीदारी के साथ सेवा, समर्पण एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ना तथा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना है। उप विकास आयुक्त शंभु शरण पांडेय ने पीपीटी के माध्यम से जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को जिले में कम-से-कम 10 प्रमुख एवं प्रतीकात्मक सार्वजनिक स्थलों का चयन कर कार्यक्रम आयोजित करने पर चर्चा हुई। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहों के अलावा अनुमंडल एवं प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत सरकार भवनों, स्वास्थ्य केंद्रों, विद्यालयों, सामुदायिक भवनों एवं प्रमुख टोला क्षेत्रों में भी कार्यक्रम होंगे। 'सेवा चित्र-ड्रॉइंग एवं भाषण प्रतियोगिता' के तहत सरकारी एवं निजी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 'विकसित भारत एवं 25 वर्षों के सेवा कार्य' विषय पर ड्रॉइंग एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों को समय पर तैयारियां पूरी कर प्रतियोगिताओं का आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम के तहत 25 सितंबर से 07 अक्टूबर 2026 तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा। इसमें माताओं एवं बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पोषण, मातृ सहायता, टीकाकरण, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े कर्मियों एवं लाभार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। डीएम ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों को शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन एवं पात्र लाभुकों को उसी दिन योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक तैयारी करने को कहा गया।

# अर्जक संघ का दो दिवसीय जिला सम्मेलन नवादा में संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** मानववादी संगठन अर्जक संघ का दो दिवसीय छठा जिला सम्मेलन नवादा के बंधन पैलेस में संपन्न हो गया, जिसमें जिले का सैंकड़ों अर्जक उपस्थित हुए। सम्मेलन में अगले वर्ष के लिए नयी जिला समिति का गठन भी हुआ जिसमें रामसहाय प्रसाद सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष चुने गए। जबकि परमेश्वर मंडल जिला मंत्री, और भुवनेश्वर प्रसाद संयुक्त मंत्री चुने गए। इंद्रदेव प्रसाद जिला के कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा किशोरी शरण वर्मा, अनामिका कुमारी, महेंद्र यादव, उदय पासवान, संजय आदर्शी, किशोरी प्रसाद, जगदेव प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, आफताब आलम, उगांता देवी,जयपाल प्रसाद, अनिल कुमार, भागीरथ प्रसाद, सत्येंद्र पासवान, आदि कार्यकारणी के सदस्य चुने गए।यह चुनाव बिहार के प्रांतीय महामंत्री दीपक पासवान की देखरेख में संपन्न हुई। अर्जक संघ के विस्तार में जुटे हुए तमाम अर्जकों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।इसके पूर्व बिहार का अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक पासवान, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवनंदन प्रभाकर, बोकारो की जिलाध्यक्ष श्री मति ऊषा सिंह समेत दर्जनों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समारोह को संबोधित करते हुए अर्जक संस्कृति को अपनाने, श्रम की महत्ता और वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री और मानववादी दार्शनिक राम स्वरूप वर्मा ने महामना बुद्ध के विचार और आचार के आधार पर संस्कार और त्यौहार प्रतिपादित किया है जो देश और समाज के हित में है। इसे अमल में लाकर ही सुख और शांति स्थापित की जा सकती है।

# राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित निकिता भारती का अभिनंदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, जिला इकाई नवादा की ओर से राजकीय शिक्षक पुरस्कार-2026 से सम्मानित शिक्षिका निकिता भारती, प्रधान शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय शाहपुर, नवादा के सम्मान में नवीन नगर स्थित संघ भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष ओंकारनाथ राय ने की। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने श्रीमती निकिता भारती द्वारा विद्यालय में किए जा रहे सराहनीय एवं अनुकरणीय कार्यों की प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण, नवाचार और विद्यालय के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखते हुए उन्हें राजकीय शिक्षक पुरस्कार मिलना गौरव की बात है। शिक्षकों ने उन्हें इस सम्मान का वास्तविक हकदार बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार तक पहुंचने की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। समारोह में ओंकारनाथ राय के अलावा अविनाश कुमार, नवल किशोर प्रसाद, विजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, अरुण कुमार पुष्कर, डॉ. राजू रंजन, राजू रविदास, सुनील कुमार रजक, राजेश कुमार, सुभाष चंद्र, आनंदी यादव, ज्ञानचंद प्रसाद, महेश प्रसाद यादव, मुकेश चंद्र चौधरी, डॉ. गोपाल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अमीन की लिखित परीक्षा में 200 अभ्यर्थी शामिल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के अम्बेडकर सभागार में रविवार को अमीन की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अमीन अनुदेशक मुकेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस परीक्षा में कुल 200 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। यह पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम उमा विकास संस्थान के तत्वावधान में प्रखंड स्तर पर आयोजित किया गया था। संस्थान द्वारा 50 दिवसीय इस विशेष प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बिहार में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण में रैयतों को सहयोग करना और आम लोगों को खेसरा मापी, खाता-खतियान, जमाबंदी और भू-अभिलेखों की जानकारी देना था।
अनुदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि संस्थान का दोहरा उद्देश्य है। पहला, रैयतों को सर्वे में सही सहयोग मिल सके ताकि वे अपने कागजातों को समझ सकें और किसी बिचौलिए के चक्कर में न पड़ें। दूसरा, इस प्रशिक्षण के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार का एक नया साधन उपलब्ध कराना। प्रशिक्षण प्राप्त युवा गांव-गांव में जाकर जमीन की पैमाइश कर अपना जीविकोपार्जन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अमीन प्रशिक्षण के लिए रजौली इंटर विद्यालय के बाबूलाल भवन में 17 जुलाई से 12 सितंबर तक लगातार 50 दिनों तक कक्षाएं संचालित की गईं। इस दौरान रजौली प्रखंड के विभिन्न पंचायतों - हरदिया, चितरकोली, सवैयातांड़, अमावां, बहादरपुर, अंधरवारी समेत अन्य गांवों से आए 200 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह परीक्षा कुल 500 अंकों की थी, जिसमें 400 अंक सैद्धांतिक और 100 अंक प्रायोगिक परीक्षा के लिए निर्धारित किए गए थे। परीक्षा में भूमि सर्वेक्षण अधिनियम, माप की विधियों और दस्तावेजों से संबंधित वस्तुनिष्ठ और वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए। मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा का परिणाम एक माह के भीतर प्रकाशित किया जाएगा। सफल अभ्यर्थियों को उमा विकास संस्थान की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद ये युवा बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे विशेष सर्वेक्षण में रैयतों के सहयोगी के रूप में काम कर सकेंगे।

# 50वीं वर्षगांठ पर श्री गणपति महायज्ञ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड क्षेत्र के ओड़ो गांव स्थित ब्राह्मण टोला में श्री गणेश कला परिषद के द्वारा 50वीं वर्षगांठ (स्वर्ण जयंती समारोह) के पावन अवसर पर सात दिवसीय श्री गणपति महायज्ञ की भव्य एवं ऐतिहासिक शुरुआत हुई, जहाँ यह यज्ञ गांव के ब्राह्मण टोला स्थित गणेश मंदिर के निकट बने यज्ञशाला में आयोजित हो रहा है। रविवार को यज्ञ के प्रथम दिन 501 श्रद्धालुओं के साथ भव्य कलश जलयात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई, जो यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर ढोल-बाजे की गूंज के साथ नारदीगंज स्थित कॉलेज के समीप संगम तट पर पहुंची और वहां यज्ञाचार्य एवं अन्य सहयोगी ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भराई की रस्म पूरी की। जलभराई के उपरांत कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल की ओर लौटी, जिससे पूरा मार्ग गणेश बाबा की जय के गूंजते जयकारों से भक्तिमय हो उठा तथा शोभायात्रा के दौरान प्रस्तुत की गई भगवान शंकर, कृष्ण, राम समेत अन्य देवी देवताओं की मनमोहक झांकियों ने स्थानीय ग्रामीणों का मन मोह लिया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सफल संचालन में श्री गणेश युवा सेवा संस्थान के अध्यक्ष अंबुज कुमार मिश्र, सचिव जितेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष जैनेंद्र मिश्र एवं अभय कुमार मिश्रा समेत अन्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जबकि अमरेश कुमार मिश्रा (पप्पू) सपत्नी आरती कुमारी, जैनेंद्र मिश्र सपत्नी पूनम देवी, राजीव रंजन पांडेय सपत्नी अंशु देवी गिरेंद्र मिश्रा सपत्नी सुमन मिश्रा,धनंजय कुमार सपत्नी पूनम देवी तथा मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। यज्ञ को विधि-विधान से संपन्न कराने के लिए वाराणसी से पधारे प्रधान यज्ञाचार्य अमृत पांडेय और उनके सहयोगी ब्राह्मणों में योगेंद्र नाथ द्विवेदी, मातृलेश्वर पांडेय, बलिराम उपाध्याय, अंकित पांडेय, शालिग्राम पांडेय एवं मृत्युंजय चौबे शामिल हैं।

### पूर्व विधायक मो. कामरान के प्रयास से कई स्थानों पर लगाए गए विद्युत ट्रांसफार्मर

**कौआकोल।** गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मो. कामरान के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जले अथवा खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मरों को बदलकर नए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य लगातार जारी है। इससे लंबे समय से बिजली की समस्या झेल रहे ग्रामीणों को राहत मिल रही है। इस संबंध में राष्ट्रीय जनता दल (अधिवक्ता प्रकोष्ठ) के बिहार प्रदेश महासचिव सह अधिवक्ता देवनन्दन यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व विधायक मो. कामरान चुनाव में पराजित होने के बाद भी लगातार जनता के बीच रहकर जनसेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक गंभीर हैं और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। अधिवक्ता देवनन्दन यादव के अनुसार, गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र के रोह, कौआकोल एवं गोविंदपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में खराब एवं जले हुए ट्रांसफार्मरों को बदलवाकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का काम किया गया है। ग्रामीणों ने भी इस पहल से राहत मिलने की बात कही है। देवनन्दन यादव ने कहा कि मो. कामरान आगे भी इसी तरह जनता की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के सरौनी पंचायत अंतर्गत प्रभानगर गांव के नयकाडीह टोला में शनिवार की देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान नयकाडीह निवासी सुविता कुमारी (18 वर्ष), पति गोलू कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतका के गर्भ में करीब चार माह का बच्चा भी था। जानकारी के अनुसार, सुविता कुमारी की शादी करीब 14 माह पूर्व गोलू कुमार, पिता प्रमोद चौधरी के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि मृतका का पति बाहर रहकर कमाई का काम करता था। शनिवार की देर रात विवाहिता की मौत की सूचना मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा भेज दिया है। मृतका के माता एवं पकरीबरावां प्रखण्ड अंतर्गत धमौल थाना क्षेत्र के रेवार गांव निवासी रामाशीष चौधरी की पत्नी संजू देवी सहित अन्य मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की माता संजू देवी ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर मृतक के ससुर प्रमोद चौधरी,सास सानू देवी एवं पति गोलू चौधरी पर दहेज के रूप में तीन लाख रुपये मांगने और नहीं देने पर प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सुविता कुमारी को कथित रूप से जहर देकर हत्या कर दी गई है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। परिजनों के बयान, घटनास्थल से मिले साक्ष्यों तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इलाज के दौरान पीड़ित का निधन

**कौआकोल।** प्रखंड के पाण्डेयगंगौट ग्राम कचहरी के सरपंच सह पंच-सरपंच संघ के प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अरफात आजम के बड़े भाई एवं पाण्डेयगंगौट पंचायत के वार्ड संख्या-04 की वार्ड सदस्य लाडली खातून के पति मोहम्मद नाजिर का शनिवार की देर रात पटना के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया और शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि 9 सितंबर को रूपौ में हुई सड़क दुर्घटना में मोहम्मद नाजिर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था,जहां इलाज के दौरान शनिवार की देर रात उन्होंने अंतिम सांस ली। सरपंच मोहम्मद अरफात आजम ने बताया कि उनके बड़े भाई मोहम्मद नाजिर के अंतिम संस्कार से पूर्व जनाजे की नमाज सोमवार को पैतृक गांव मनसागर पटोरी में अदा की जाएगी। मोहम्मद नाजिर के निधन पर स्थानीय मुखिया दीपक कुमार, पूर्व मुखिया विष्णुदेव यादव, पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, मद्दी सिंह, वार्ड सदस्य विकास कुमार, पैक्स अध्यक्ष राहुल रत्नेश, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार, उप सरपंच शमशाद आलम सहित अन्य लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया शहरी विकास की करोड़ों की योजनाओं का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने रविवार को मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत गया नगर क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का शुभारंभ, शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गया को स्वच्छ, सुंदर, हरित और सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, फुटपाथ, पौधारोपण, पार्किंग और वेंडिंग जोन जैसी नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम 2026-27 के तहत डिग्गी तालाब में परमेट सौंदर्यीकरण एवं पौधारोपण कार्य का शुभारंभ 319.7985 लाख रुपये की लागत से किया गया। जेपी झरना से मिर्जा गालिब होते हुए नाजरत एकेडमी तक फुटपाथ, वृक्षारोपण, वेंडिंग जोन एवं पार्किंग के विकास कार्य का शुभारंभ 1,47,36,719 लाख रुपये की लागत से हुआ। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2025-26 के तहत वार्ड 14 में पंचायती अखाड़ा, मगध पैलेस से मुख्य पथ तक पथ निर्माण का शिलान्यास 19,03,732 लाख रुपये, वार्ड 10 में केंद्रीय विद्यालय के पीछे नाला निर्माण 16,33,155 लाख रुपये तथा वार्ड 32 में आप कॉलोनी स्थित खुशी रेस्टोरेंट से जेल अधीक्षक आवास तक पथ एवं नाली निर्माण का शिलान्यास 86,72,851 लाख रुपये की लागत से किया गया। वार्ड 30 में चंदौती उच्च विद्यालय पहुंच पथ का शिलान्यास 6,20,728 लाख रुपये और वार्ड 44 में खजुरिया सामुदायिक भवन से कर्पूरी भवन होते हुए मुख्य पथ तक पथ एवं नाली निर्माण का उद्घाटन 1,02,75,687 लाख रुपये की लागत से हुआ। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना 2024-25 के तहत वार्ड 44 के मदनपुर महादेव नगर में पथ एवं नाली निर्माण का शिलान्यास 20,05,642 लाख रुपये, वार्ड 23 में एसपी कार्यालय से सहकारिता विभाग कार्यालय होते हुए दुर्गाबाड़ी पथ तक पथ निर्माण 23,77,367 लाख रुपये, वार्ड 32 में जीआरडीए स्टोर के निकट पथ एवं नाली निर्माण 7.55,471 लाख रुपये तथा वार्ड 24 में पब्लिक लाइब्रेरी के पास पथ एवं नाली निर्माण का उद्घाटन 28.33,807 लाख रुपये की लागत से किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आधारभूत सुविधाओं के साथ पर्यावरण संरक्षण और वायु गुणवत्ता सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क-नाली निर्माण से आवागमन और जल निकासी बेहतर होगी, जबकि फुटपाथ, वेंडिंग जोन और पार्किंग से यातायात व्यवस्था सुधरेगी। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया और कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



# डिजिटल युग में हिन्दी अपने नए स्वरूप में : डॉ संगीता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जगजीवन महाविद्यालय में ''डिजिटल युग में हिन्दी की भूमिका'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. फागुनी राम सभागार, जगजीवन महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मो. ऐयूब ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से किया गया। इस अवसर पर डॉ पूर्णेंदु, डॉ राम सिंहासन सिंह, डॉ अनुरानी, डॉ मनीष, डॉ हिमांशु कुमार सुधांशु और मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग से आए सम्मानित वक्ता डॉ परम प्रकाश राय, डॉ अनुज कुमार तरुण, डॉ राकेश कुमार रंजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रदीप और डॉ शिव कुमार रविदास भी मौजूद थे। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ संगीता ने अपने संबोधन में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में हिन्दी भाषा को नई तकनीकों के साथ जोड़ते हुए संतुलन की आवश्यकता है। साहित्य कभी समाप्त नहीं होता जब तक मनुष्य का अस्तित्व है साहित्य का भी अस्तित्व रहेगा। बदलते डिजिटल समय में बेशक इसका स्वरूप भिन्न हो परंतु अपने अलग रूप में यह अपनी सम्पूर्ण संवेदनाओं के साथ अपने को व्याख्यायित करेगा। इसी क्रम में इन्होंने यात्रा वृतांत, डायरी लेखन, संस्मरण आदि नई विधाओं का भी जिक्र किया। संगोष्ठी में मगध विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग से पधारे सहायक प्राध्यापक डॉ. अनुज कुमार तरुण, डॉ. परम प्रकाश राय एवं डॉ. राकेश कुमार रंजन ने भी सम्मानित वक्ता के रूप में शिरकत की तथा डिजिटल युग में हिन्दी भाषा की बदलती भूमिका, चुनौतियों और संभावनाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार ने किया जबकि संचालन मगध विश्वविद्यालय की शोधार्थी रश्मि प्रसाद ने किया।



# हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर कवि ज्योति रीता का एकल पाठ एवं चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को सुप्रसिद्ध कवि ज्योति रीता के एकल काव्य पाठ एवं चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रति विद्यार्थियों और साहित्यप्रेमियों में रुचि एवं संवेदनशीलता विकसित करने के साथ-साथ समकालीन हिंदी कविता के विविध सरोकारों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. बिनोद कुमार मंगलम उपस्थित रहे। प्रो. मंगलम ने अज्ञेय, रघुवीर सहाय और मुक्तिबोध की कविताओं के उदाहरण देते हुए ज्योति रीता के कविताओं की संवेदना और सौंदर्य को उद्घाटित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुपरिचित कवि एवं आलोचक तथा सेवानिवृत्त प्रो. सदानंद शाही, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के सहायक प्राध्यापक एवं चर्चित कवि डॉ. अनुज लुगुन तथा सुपरिचित कवि डॉ. चाहत अन्वी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आनंद कुमार सिंह द्वारा सभी आगत अतिथियों का अंगवस्त्र, पौधा एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत समारोह के दौरान अतिथियों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का संदेश भी दिया गया। ज्योति रीता ने समकालीन कविता का प्रभावशाली काव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कवि ज्योति रीता का एकल काव्य पाठ रहा।



# दिव्यांगजनों की बैटरी चालित ट्राईसाइकिल के लिए बुनियाद केंद्र में सर्विस कैंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** दिव्यांगजनों को वितरित की गई बैटरी चालित ट्राईसाइकिल की तकनीकी जांच एवं आवश्यक मरम्मत के लिए बुनियाद केंद्र, शेरघाटी में सर्विस कैंप का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना (संभल) के अंतर्गत आयोजित इस कैंप का संचालन सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, गया जी के आदेशानुसार एलीमको द्वारा किया गया। बुनियाद केंद्र के प्रबंधक प्रेम शंकर प्रसाद ने बताया कि सर्विस कैंप में एलीमको के प्रशिक्षित एवं अधिकृत तकनीकी अभियंताओं द्वारा लाभार्थियों की बैटरी चालित ट्राईसाइकिल की जांच की गई। जांच के दौरान ट्राईसाइकिल में पाई गई तकनीकी खराबियों को दूर किया गया। इसके साथ ही बैटरी, चार्जर, मोटर एवं अन्य आवश्यक पार्ट्स की भी जांच की गई। केंद्र प्रबंधक ने बताया कि सर्विस कैंप का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी ट्राईसाइकिल के रख-रखाव एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि वे इसका सुचारू रूप से उपयोग कर सकें जिन ट्राईसाइकिलों में पार्ट्स अथवा अन्य तकनीकी समस्या पाई गई, उनके संबंध में आवश्यक कार्रवाई की गई। वहीं, लाभार्थियों को वारंटी एवं रिप्लेसमेंट की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सर्विस कैंप से दिव्यांगजनों को काफी सुविधा मिलती है। ट्राईसाइकिल में छोटी-बड़ी तकनीकी खराबी आने पर उन्हें दूर नहीं जाना पड़ता है।

# सिद्ध काव्य वाटिका में 72वीं कवि गोष्ठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड स्थित सिद्ध काव्य वाटिका में 72वीं कवि गोष्ठी शिक्षक सह युवा कवि धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में उल्लासपूर्ण एवं साहित्यिक वातावरण में आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अभयानन्द मिश्र ने अपनी कविता 'वर्तमान सुधरेगा' का पाठ कर वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर अपनी प्रस्तुति दी। रणजीत कुमार ने 'बेटियां', अजय कुमार शास्त्री ने 'ले जा संदेशा', श्यामसुन्दर मिश्र ने 'बड़ा हो जा कन्हैया' गणेश दत्त मिश्र ने 'संस्मरण', नवीन शंकर नवल एवं मदन पाठक सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया और साहित्यिक वातावरण को और समृद्ध बनाया। संचालक अभयानन्द मिश्र ने इसके बाद अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार को उनकी रचना 'रिश्ते में गर्माहट नहीं रही' के वाचन के लिए आमंत्रित किया। अध्यक्षीय काव्य पाठ के पश्चात कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर त्रिगुणानन्द, प्रभानन्द, प्रभु प्रजापति सहित अनेक साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे। गोष्ठी ने कविता के माध्यम से सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदना और साहित्यिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया।

# उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने आईएमसी गया के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया/ पटना।** उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने आज इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर, गया के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर चल रहे विभिन्न निर्माण एवं आधारभूत संरचना संबंधी कार्यों की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कुंदन कुमार ने परियोजना प्रबंधन एजेंसी के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्धता की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। सचिव ने आईएमसी गया के विस्तार एवं दीर्घकालिक विकास की संभावनाओं पर भी जोर दिया।



उन्होंने एसडीएम, सीईओ, जीएमडीआईसी एवं डीजीएम, गया को आईएमसी परिसर से सटी उपलब्ध भूमि तथा अतिरिक्त भूमि के अधिग्रहण की संभावनाओं का समुचित आकलन एवं सर्वेक्षण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपयुक्त भूमि को आईएमसी के साथ जोड़कर परियोजना के विस्तार की संभावनाओं का अध्ययन करने तथा इस संबंध में अगले दो दिनों में अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा। कुंदन कुमार ने कहा कि आईएमसी गया बिहार में आधुनिक औद्योगिक आधारभूत संरचना और निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। परियोजना के विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसके विस्तार की संभावनाओं पर भी समानांतर रूप से कार्य किया जाना आवश्यक है।

# सोमेश्वर मंदिर से दान पेटी चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** उतरेंन ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन बाबा सोमेश्वर महादेव मंदिर से अज्ञात चोरों ने दान पेटी चोरी कर ली। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण अवध शर्मा, शत्रुघ्न पाठक, राजेंद्र तिवारी व सुनील पांडेय ने बताया कि अज्ञात चोर दान पेटी उखाड़कर ले गए और नकदी निकालकर फेंक दिया। सुबह पूजा के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने दान पेटी टूटी देखी तो चोरी का पता चला। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। गांजा-शराब पीने वालों की शिकायत पहले भी की जा चुकी है। आशंका है कि उन्हीं तत्वों ने घटना को अंजाम दिया है। सूचना चौकीदार के माध्यम से कोंच थाना को दी गई। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि सूचना मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पैसे के मामूली विवाद में नाबालिग पुत्र ने ली पिता की जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** प्रखंड क्षेत्र के बरमा गांव में रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यहां एक नाबालिग पुत्र पर अपने 50 वर्षीय पिता दीपा मांझी की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या करने का आरोप है। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई जबकि परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार दीपा मांझी एक निजी विद्यालय में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार को विद्यालय बंद होने के कारण वह घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर एक बस के पास पहिया सुधारने अथवा उससे जुड़े किसी काम में लगे हुए थे। इसी दौरान उनका नाबालिग पुत्र वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई और आरोप है कि पुत्र ने लोहे की रॉड से अपने पिता पर हमला कर दिया। हमले में दीपा मांझी गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में घायल दीपा मांझी को इलाज के लिए गुरुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। हालांकि इलाज के लिए ले जाने के दौरान दीपा मांझी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया बताया जाता है कि घटना से कुछ समय पहले मृतक की पत्नी ने अपने पति को कुछ रुपये दिए थे। इसी रुपये अथवा किसी पारिवारिक आर्थिक विवाद को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद होने की बात सामने आ रही है। हालांकि पुलिस ने अभी घटना की वास्तविक वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच और पूछताछ के बाद ही विवाद की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही गुरुआ थानाध्यक्ष मानेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

# मगध की गौरवशाली पहचान को फिर स्थापित करने की जरूरत : विकास वैभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** मगध की ऐतिहासिक विरासत को वर्तमान विकास से जोड़कर बिहार की नई पहचान बनाने की जरूरत है। मगध प्राचीन काल से ही शौर्य और उद्यमिता की भूमि रहा है। विकसित भारत के निर्माण में मगध की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ये बातें मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने टिकारी में आयोजित 'टिकारी संवाद' कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि ग्रीक इतिहासकारों ने भी मगध की क्षमता और सामर्थ्य का उल्लेख किया है। मगध नाम में ही शक्ति और प्रेरणा निहित है। प्राचीन मगध साम्राज्य की सैन्य शक्ति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उस दौर में उसकी सेना की ताकत को लेकर कहा जाता था कि जब मगध की सेना निकलती थी तो सूर्य भी छिप जाता था। आईजी ने टिकारी नगर परिषद की ऐतिहासिक महत्ता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि टिकारी सूबे की पुरानी नगर निकायों में शामिल है। ऐसे ऐतिहासिक नगर को विकसित बिहार के निर्माण में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार को आगे बढ़ाने के लिए समाज के प्रत्येक योग्य व्यक्ति को अपने स्तर से समाज और प्रदेश के विकास के बारे में सोचने की आवश्यकता है। नगर परिषद के मुख्य पार्षद अजहर इमाम की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य पार्षद मो. इमाम ने नगर में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी और विकास वैभव के 'लेट्स इंस्पायर बिहार' अभियान में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु शेखर ने किया जबकि संचालन मो. जावेद हसन ने किया। आईजी के टिकारी पहुंचने पर ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। सदस्यों ने पितृपक्ष मेला के दौरान सुरक्षा कर्मी के रूप में निशुल्क तैनाती का अवसर देने की भी मांग की। टिकारी संवाद कार्यक्रम के बाद आईजी विकास वैभव टिकारी बाल उद्यान पहुंचे। यहां उन्होंने ओपन जिम, झूले, वाटर फव्वारे समेत अन्य लगाए गए संसाधनों का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान पार्क परिसर में पौधारोपण भी किया गया। आईजी के बाल उद्यान पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में युवा वहां जुट गए। विकास वैभव ने युवाओं का अभिवादन स्वीकार किया और इसके बाद मुख्यालय के लिए रवाना हो गए।




# मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना से अल्पसंख्यक युवाओं को मिला कौशल और रोजगार का संबल

## वर्ष 2008-09 से अब तक 5,186 युवाओं को दिया गया रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, 1,191 युवाओं को मिला रोजगार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी उद्देश्य से वर्ष 2008-09 से संचालित मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना के तहत अब तक 5,186 युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं में से 1 हजार 191 युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया गया है। योजना के माध्यम से युवाओं को बाजार की मांग के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। वर्ष 2008-09 में शुरू हुई मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना ने अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं के कौशल विकास को नई दिशा दी है। योजना के तहत अब तक हजारों युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ा गया है। लगभग 17 वर्षों की अवधि में 5,186 युवाओं का प्रशिक्षण और 1,191 युवाओं का रोजगार से जुड़ना इस योजना के प्रभाव को दर्शाता है। सरकार का जोर प्रशिक्षण को केवल प्रमाणपत्र तक सीमित रखने के बजाय युवाओं को वास्तविक रोजगार के अवसर से जोड़ने पर है। मुख्यमंत्री श्रमशक्ति योजना का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को विभिन्न रोजगारोन्मुखी क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उनके लिए नियोजन के अवसर सृजित करना है। योजना के माध्यम से युवाओं की क्षमता और दक्षता विकसित करने के साथ उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जा रहा है। इससे युवाओं में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी मदद मिल रही है। कौशल विकास को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित 11 छात्रावासों में कंप्यूटर लैब की स्थापना की गई है। गया, किशनगंज, कटिहार, दरभंगा, खगड़िया, बेगूसराय, औरंगाबाद, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नवादा एवं रोहतास स्थित छात्रावासों में आवासित अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं को इन लैब के माध्यम से प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इन कंप्यूटर लैब में युवाओं को डिजिटल मित्र एवं डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (डीसीए) जैसे पाठ्यक्रमों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं को डिजिटल एवं कंप्यूटर आधारित कार्यों में दक्ष बनाना है, ताकि वे वर्तमान समय में उपलब्ध रोजगार के अवसरों का बेहतर तरीके से लाभ उठा सके।

# कोंच में दम तोड़ रही नल-जल योजना, दर्जनों गांवों में पेयजल संकट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के अधिकांश पंचायतों में नल-जल योजना फेल है। इससे ग्रामीणों को पेयजल की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। प्रखण्ड के अचुकी, धनछुहा, कंचनपुर, तुलसी बिगहा, चबूरा, मंझियावां, विश्वनाथपुर, जमालपुर, रूपसपुर, ददरेजी, चतुरी बिगहा, छत्तीहर-जमालपुर, खबरा, रामपुर, ओरानीपर, गरारी, ललिया बिगहा, बेलीपर, सलेमपुर, राजमलचक, सिमरा, दौरमा, घोंघीमठ, बढ़ौना, दौलतपुर, सिंदुआरी, नेवधी, कुरमावां, गौहरपुर, कैथी और कराई सहित सैकड़ों गांवों में नल-जल योजना ठप पड़ी है। कहीं मोटर खराब है तो कहीं पाइप लीकेज है। कई जगह तो महीनों से पानी नहीं आया है।

**क्या है नल-जल योजना?**

यह मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना का हिस्सा है। इसका उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है, ताकि लोगों को चापाकल और कुएं के पानी पर निर्भर न रहना पड़े और जल-जनित बीमारियों से बचाव हो सके। योजना के तहत हर वार्ड में बोरिंग कर टंकी और पाइपलाइन के जरिए घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन रख-रखाव के अभाव में यह योजना अब कागजों तक सिमट गई है।

# सोन शिविर की बदहाली पर विभाग की नजर, मरम्मत का प्रस्ताव भेजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** सोन उच्च स्तरीय नहर अवर प्रमंडल कार्यालय, टिकारी की बदहाल स्थिति को लेकर विभाग ने अब भवन की विशेष मरम्मती की पहल शुरू की है। लंबे समय से जर्जर भवन और जलजमाव की समस्या से जूझ रहे सोन शिविर परिसर के जीर्णोद्धार के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद भवन की मरम्मत कराए जाने की बात कही गई है। करीब ढाई एकड़ में फैले इस परिसर में कार्यालय के अलावा स्टाफ क्वार्टर, गेस्ट हाउस, विद्यालय और बीएसएनएल कार्यालय भी संचालित हैं। परिसर की चहारदीवारी का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर गिर चुका है। वहीं, बारिश के बाद परिसर में जलजमाव की समस्या गंभीर हो जाती है। इससे कार्यालय आने वाले कर्मियों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कर्मियों के अनुसार लंबे समय तक पानी जमा रहने से मच्छरों के साथ जहरीले सांपों का खतरा भी बना रहता है। कई बार दूषित पानी से होकर कार्यालय पहुंचना पड़ता है। दूसरी ओर जर्जर भवनों में अधिकारियों और कर्मियों के बैठने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कर्मियों का कहना है कि कार्यालय के समीप स्थित आहर पर अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी बाधित है। यही वजह है कि बारिश का पानी परिसर में जमा हो जाता है। जल निकासी की समस्या दूर करने के लिए विभाग की ओर से नगर परिषद को पत्राचार किया गया है। नगर परिषद सूत्रों के अनुसार परिसर के आसपास जल निकासी के लिए दो बड़े नालों के निर्माण की तैयारी की जा रही है। नाला बनने के बाद जलजमाव की समस्या कम होने की उम्मीद है। कर्मियों के बीच चर्चा है कि भवन के जीर्णोद्धार के लिए पूर्व में विभाग से राशि उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन समय पर उसका उपयोग नहीं होने के कारण राशि वापस चली गई। हालांकि अब विभाग की ओर से विशेष मरम्मत के लिए नया प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही गई है। कार्यपालक अभियंता नवल किशोर ने बताया कि भवन की विशेष मरम्मत को लेकर विभाग को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

स्वीकृति मिलने के बाद भवन का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।



# चबूरा और अदई में पुलिस-पब्लिक संवाद, कई मामलों का निबटारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** मगध आईजी विकास वैभव के निर्देश पर शनिवार शाम 4 बजे आंती थाना क्षेत्र के चबूरा पंचायत सरकार भवन और कोंच थाना क्षेत्र के अदई में पुलिस-पब्लिक संवाद गोष्ठी आयोजित की गई। चबूरा में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव के समक्ष तीन मामले आए जिनका मौके पर ही निबटारा कर दिया गया। वहीं, अदई में थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई का मौके पर समाधान किया जबकि अन्य मामलों के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया। दोनों जगह दर्जनों लोग शामिल हुए।

# जमीन विवाद में मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** आंती पुलिस ने कांड संख्या 56/26 के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नंदलाल राम (58), पिता रामेश्वर राम, ग्राम दौरमा थाना आंती का निवासी है। वादी मिथिलेश कुमार सिंह ग्राम अंगरा ने आवेदन देकर भूमि विवाद को लेकर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया था। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

संपादकीय

# ब्रिक्स से भारत की उम्मीदें

ब्रिक्स का दो दिनी शिखर सम्मेलन देश की राजधानी नई दिल्ली में शनिवार से प्रारंभ हो रहा है। इसमें भाग लेने 11 देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंच गए हैं। मोदी सरकार ने इसे भी जी-20 की तरह एक मेगा इवेंट का रूप देने में जुटी है। पूरी दिल्ली को दो दिन के लिए मानो बंद कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बेहद क़ड़ी है। संदेश यही है कि दिल्ली में कुछ बड़ा हो रहा है। और यह बड़ा काम प्रधानमंत्री मोदी करा रहे हैं। राजनीति में ऐसे मैसेज बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। नरेंद्र मोदी बार-बार ऐसे मैसेज कराते हैं, जिससे देश के लोग समझें कि उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद से भारत कितना बड़ा हो गया है। आयोजन की यह उत्सवी भावना अपनी जगह है, लेकिन असल सवाल यह है कि ब्रिक्स की इस मेजबानी से भारत को क्या हासिल होगा? फिलहाल मोदी सरकार की पहली सफलता तो यह है कि ब्रिक्स के संस्थापक देशों में मुख्य सदस्य रूस और चीन के राष्ट्राध्यक्ष भारत पहुंच गए हैं या आज पहुंच जाएंगे। हालांकि हमारे पड़ोसी बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने आने से यह कहकर इंकार कर दिया है कि उन्हें बतौर पीएम नहीं बुलाया गया। यह कारण बेतुका सा है। इससे संदेश साफ है कि बांग्लादेश भारत के साथ अपने रिश्तों को नहीं सुधारना चाहता। जबकि ब्रिक्स सम्मेलन इसके लिए अच्छा अवसर था। वैसे भी बांग्लादेश को विशेष आंमत्रित के रूप में बुलाया गया था। ब्रिक्स बुनियादी रूप से चीन की पहल पर बनाया गया एक वैश्विक फोरम है। चीन ने इसे अमेरिका को जवाब देने के मकसद से बनाया था। चर्चा यह भी है कि इस बार ब्रिक्स में अमेरिका मुद्रा डॉलर को हाशिए पर करने का कोई ठोस प्लान सामने आ सकता है। हालांकि रूस ने ऐसी किसी संभावना से इंकार किया है। बड़ा सवाल यह है कि क्या इस सम्मेलन की मेजबानी कर भारत कोई छाप छोड़ पाएगा, को वैश्विक कूटनीति और व्यापार की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो। क्या ऐसा कोई समझौता संभव है, जिससे भारत को व्यापार, उद्यम और रोजगार में लाभ होगा? क्या भारत किसी तरह से रूस पर दबाव बना कर यूक्रेन युद्ध खत्म करा पाएगा? इन सब सवालों के जवाब 13 सितंबर को जारी होने वाले साझा बयान में मिलेगा। लेकिन उससे पहले संदेह इसलिए पैदा हो रहा है क्योंकि इसी साल मई में भारत में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी, जिसमें साझा बयान नहीं जारी हो पाया था। भारत ने मेजबान के नाते अध्यक्षीय बयान जारी किया था, जिसमें सदस्य देशों की असहमतियों का भी जिक्र था। क्योंकि ईरान चाहता था कि उस पर अमेरिका और इजराइल के हमले की आलोचना हो, जिसके लिए संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब तैयार नहीं थे। ब्रिक्स देशों के आपसी टकराव खत्म होने की जगह और तेज हुए हैं। यही बड़ी चिंता का विषय है। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत पहुंच चुके हैं और भारत तथा रूस के बीच कुछ बड़े समझौते होने की उम्मीद है। उम्मीद तो चीनी राष्ट्रपति शी जिन पिंग से भी है, जो एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल लेकर भारत आ रहे हैं। भारत चीन के बीच बड़ी दरार सीमा विवाद को लेकर साथ ही चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा भी हमारे लिए चिंता का सबब है। देखना होगा कि ब्रिक्स सम्मेलन से दोनों देशों के बीच रिश्तों की बर्फ कितनी पिघलती है। फिलहाल भारत और चीन दोनों ने थोड़ी सदाशयता दिखाई है। चूंकि इस सम्मेलन का भारत अध्यक्ष है, इसलिए भारत की यह जिम्मेदारी रहेगी कि सदस्य देशों के आपसी झगड़े का सम्मेलन की साझा गतिविधियों पर असर न पड़े।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में हिंदी : अवसर, चुनौती और भविष्य

## हिंदी दिवस पर विशेष



अभिषेक दास

कल की दुनिया में शायद यह सवाल उतना महत्वपूर्ण नहीं होगा कि मनुष्य मशीन से बात कर सकता है या नहीं। असली सवाल यह होगा कि मशीन मनुष्य से किस भाषा में बात करेगी–और उस भाषा के पीछे किस समाज, संस्कृति और ज्ञान की आवाज होगी?

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के तेजी से विस्तार के बीच हिंदी के सामने यही सबसे बड़ा प्रश्न है। भाषा को यदि केवल संवाद का माध्यम समझा जाए तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता और हिंदी का संबंध एक तकनीकी विषय भर दिखाई देगा। लेकिन भाषा संवाद से कहीं अधिक है। वह ज्ञान की संरचना है, संस्कृति की स्मृति है, समाज की चेतना है और मनुष्य के अनुभव को अर्थ देने का माध्यम है। इसलिए एआई के युग में हिंदी का प्रश्न केवल यह नहीं है कि मशीन हिंदी समझ पाएगी या नहीं। असली प्रश्न यह है कि भविष्य की डिजिटल दुनिया में हिंदी की भूमिका क्या होगी–सिर्फ तकनीक का इस्तेमाल करने वाली भाषा की या तकनीक को दिशा देने वाली भाषा की?

यह प्रश्न इसलिए निर्णायक है क्योंकि आने वाला डिजिटल युग केवल इंटरनेट के विस्तार का युग नहीं है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब यह तय करने की क्षमता हासिल कर रही है कि कौन-सी सूचना हमारे सामने आएगी, उसे किस भाषा में समझाया जाएगा, ज्ञान तक हमारी पहुँच कितनी सहज होगी और मनुष्य मशीन से किस भाषा में संवाद करेगा। यानी भाषा अब तकनीक की सतह पर नहीं, बल्कि उसके बुनियादी ढाँचे में प्रवेश कर रही है। यहीं से हिंदी के सामने अवसर भी शुरू होता है और चुनौती भी।

भारत में भाषा-तकनीक के क्षेत्र में 'भाषिणी' जैसे प्रयास, भारतीय भाषाओं के लिए विकसित हो रहे भाषा मॉडल और एआई आधारित अनुवाद तथा वॉयस तकनीकें निश्चित रूप से उम्मीद जगाती हैं। आवाज को पाठ में बदलना, एक भाषा से दूसरी भाषा में तत्काल अनुवाद करना और जटिल जानकारी को सरल भाषा में प्रस्तुत करना अब तेजी से संभव हो रहा है। पहली बार तकनीक के पास भाषाई दूरी को बड़े पैमाने पर कम करने की क्षमता दिखाई दे रही है।

लेकिन केवल तकनीक उपलब्ध हो जाने से हिंदी डिजिटल रूप से सशक्त नहीं हो जाएगी। जिस भाषा के पास अपना समृद्ध डिजिटल डेटा, ज्ञान-संसाधन और तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र नहीं होगा, वह एआई युग में अपने ही भविष्य की कहानी किसी और से लिखवाने के लिए मजबूर हो सकती है। इसलिए हिंदी के सामने सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न 'डेटा' का है।

एआई की क्षमता उसके प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सामग्री पर निर्भर करती है। यदि हिंदी के पास उच्च गुणवत्ता वाले साहित्य, विज्ञान, शोध, पत्रकारिता, शिक्षा, प्रशासन और लोकज्ञान का विशाल, व्यवस्थित और विश्वसनीय डिजिटल भंडार नहीं होगा, तो हिंदी को समझने वाली मशीनें भी सीमित रहेंगी।

इसलिए हिंदी के लिए अब केवल पुस्तकें छापना पर्याप्त नहीं है। हिंदी के ज्ञान को डिजिटल रूप में संरक्षित करना और मशीन-पठनीय बनाना भी उतना ही आवश्यक है। यह काम केवल सरकार या तकनीकी कंपनियों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों को मिलकर हिंदी का ऐसा डिजिटल ज्ञान-संसार तैयार करना होगा, जिसमें भाषा के साथ उसका संदर्भ भी सुरक्षित रहे।

एक मशीन किसी मुहावरे का अनुवाद कर सकती है, लेकिन उसके पीछे की सामाजिक स्मृति को समझना अलग बात है। वह व्याकरण की गलती पकड़ सकती है, लेकिन व्यंग्य और विडंबना की महीन परतों को पहचानना अभी भी चुनौती है। वह वाक्य का अर्थ बता सकती है, लेकिन उसमें छिपी करुणा, हास्य, लोक-स्मृति या सांस्कृतिक संकेत को समझना कहीं अधिक कठिन है। यही कारण है कि हिंदी के एआई भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती केवल भाषा की 'शुद्धता' नहीं, बल्कि उसकी प्रामाणिकता है।

हिंदी एकरूप भाषा नहीं है। उसके भीतर अनेक क्षेत्रीय भाषाएँ और बोलियाँ साँस लेती हैं। भोजपुरी, मैथिली, मगही और अन्य भारतीय भाषाई रूप केवल बोलचाल के साधन नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के अनुभव और लोकज्ञान के भंडार हैं। यदि एआई केवल मानकीकृत हिंदी को समझेगा और भाषाई विविधता को हाशिए पर रखेगा, तो वह भारतीय समाज की वास्तविक भाषाई तस्वीर को अधूरा ही समझ पाएगा। इसलिए भारतीय भाषाओं के बीच एआई आधारित संवाद का निर्माण केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि भाषाई लोकतंत्र की परियोजना होना चाहिए।

कल्पना कीजिए कि बिहार का कोई किसान अपनी स्थानीय भाषा में प्रश्न करे और उसे ऐसी हिंदी या स्थानीय भाषा में उत्तर मिले जिसे वह सहजता से समझ सके। कोई विद्यार्थी हिंदी में विज्ञान का प्रश्न पूछे और उसे गुणवत्तापूर्ण ज्ञान उपलब्ध हो। किसी छोटे शहर का उद्यमी वैश्विक बाजार की जानकारी अपनी भाषा में प्राप्त कर सके। किसी सरकारी योजना की सूचना भाषा की जटिलता के कारण नागरिक से दूर न रहे। यदि एआई यह कर पाता है तो वह केवल हिंदी को मजबूत नहीं करेगा; वह ज्ञान और अवसर की असमानता को भी कम कर सकता है। लेकिन इसके लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है–एआई को हिंदी का विकल्प नहीं, हिंदी का सहायक बनना होगा।

एआई के बढ़ते इस्तेमाल के साथ यह आशंका भी सामने आ रही है कि कहीं मशीनें लेखक, पत्रकार, शिक्षक और अनुवादक की भूमिका को ही सीमित न कर दें। यह चिंता पूरी तरह निराधार नहीं है। यदि मशीन द्वारा तैयार सामग्री को बिना संपादन और तथ्य-जाँच के स्वीकार किया जाने लगे, तो गलत सूचना, भाषाई त्रुटि और कृत्रिम अभिव्यक्ति का जोखिम बढ़ेगा। विशेष रूप से पत्रकारिता में यह खतरा गंभीर है। समाचार केवल शब्दों का संयोजन नहीं है। उसमें तथ्य की विश्वसनीयता, संदर्भ की समझ और सामाजिक उत्तरदायित्व शामिल है। एआई समाचार का प्रारूप तैयार कर सकता है, लेकिन यह तय करने की जिम्मेदारी मनुष्य की ही रहनी चाहिए कि क्या प्रकाशित किया जाए, किस संदर्भ में किया जाए और उसका सामाजिक प्रभाव क्या होगा।

शिक्षा में भी एआई विद्यार्थियों की मदद कर सकता है, लेकिन शिक्षक का स्थान पूरी तरह नहीं ले सकता। साहित्य में एआई अभिव्यक्ति को गति दे सकता है, लेकिन अनुभव से पैदा होने वाली मौलिक संवेदना का स्थान नहीं ले सकता। इसलिए भविष्य की सही नीति 'मनुष्य बनाम मशीन' नहीं, बल्कि 'मनुष्य के साथ मशीन' की होनी चाहिए।

इसके साथ एक और बड़ा प्रश्न जुड़ा है–क्या हिंदी केवल तकनीक की उपभोक्ता बनेगी? यदि दुनिया में विकसित एआई मॉडल हिंदी में उपलब्ध हैं और हम उनका उपयोग कर रहे हैं, तो यह स्वागतयोग्य है। लेकिन इससे आगे बढ़ना भी जरूरी है। हमें यह तय करना होगा कि हिंदी के लिए बेहतर भाषा मॉडल कौन बनाएगा, उसका डेटा कौन तैयार करेगा, उसके मानक कौन तय करेगा और उसमें भारतीय समाज की विविधता का प्रतिनिधित्व कौन सुनिश्चित करेगा। तकनीकी आत्मनिर्भरता के बिना भाषाई आत्मनिर्भरता अधूरी रहेगी।

हिंदी के सामने अवसर असाधारण है। करोड़ों वक्ताओं, विशाल साहित्य, समृद्ध पत्रकारिता, विविध लोकपरंपराओं और व्यापक सामाजिक उपयोग के कारण हिंदी के पास मजबूत आधार मौजूद है। जरूरत इस आधार को डिजिटल शक्ति में बदलने की है। इसके लिए हिंदी में उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल कॉर्पस तैयार करने होंगे। पुराने साहित्य और अभिलेखों का डिजिटलीकरण करना होगा। विज्ञान और तकनीकी विषयों की मौलिक सामग्री बढ़ानी होगी। लोकभाषाओं और बोलियों के डेटा को संरक्षित करना होगा। भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद और संवाद की तकनीक विकसित करनी होगी। और सबसे महत्वपूर्ण–इन सबके साथ भाषाई गुणवत्ता और नैतिक मानकों को भी सुनिश्चित करना होगा।

हिंदी को तकनीक से डरने की जरूरत नहीं है। हिंदी का इतिहास स्वयं परिवर्तन का इतिहास है। उसने समय के साथ नए शब्द अपनाए, नए विचारों को आत्मसात किया और अपनी अभिव्यक्ति को विस्तार दिया। इसलिए एआई से आने वाले नए शब्द और नए प्रयोग हिंदी के लिए संकट नहीं हैं। संकट तब होगा जब हिंदी तकनीक की भाषा बनने की क्षमता खो देगी। इसलिए बहस यह नहीं होनी चाहिए कि एआई हिंदी को बदलेगा या नहीं। बदलेगा–और बदलना स्वाभाविक है। असली बहस यह होनी चाहिए कि बदलाव की दिशा कौन तय करेगा। क्या हिंदी में तैयार होने वाला डिजिटल ज्ञान गुणवत्तापूर्ण होगा? क्या भारतीय भाषाओं का डेटा पर्याप्त प्रतिनिधित्व पाएगा? क्या मशीनें हिंदी के सांस्कृतिक संदर्भों को समझने के लिए प्रशिक्षित होंगी? क्या एआई से तैयार सामग्री की तथ्य-जाँच होगी? क्या हिंदी के लिए अपने तकनीकी मॉडल विकसित किए जाएँगे? और सबसे बढ़कर–क्या इस पूरी प्रक्रिया में मनुष्य अंतिम निर्णायक बना रहेगा? इन सवालों के जवाब ही तय करेंगे कि एआई हिंदी के लिए वरदान बनेगा या केवल ऐसी तकनीक, जिसमें हिंदी का इस्तेमाल तो होगा, लेकिन दिशा कोई और तय करेगा।

हिंदी का भविष्य अब केवल किताबों, अखबारों और कक्षाओं में तय नहीं होगा। वह मोबाइल की स्क्रीन, डिजिटल शिक्षा, इंटरनेट, सोशल मीडिया, वैज्ञानिक ज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्लेटफॉर्म पर भी तय होगा। इसलिए हिंदी दिवस पर केवल हिंदी बोलने और लिखने का संकल्प पर्याप्त नहीं है। अब संकल्प इससे बड़ा होना चाहिए–हिंदी को डिजिटल युग की ज्ञान-भाषा बनाना होगा। इसके लिए हिंदी को तकनीक के दरवाजे पर दस्तक देने वाली भाषा नहीं, बल्कि तकनीक के निर्माण में भागीदारी करने वाली भाषा बनाना होगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता हिंदी को गति दे सकती है, उसकी पहुँच बढ़ा सकती है और ज्ञान के नए द्वार खोल सकती है। लेकिन हिंदी की आत्मा मशीन में नहीं बनाई जा सकती। उसकी संवेदना, सांस्कृतिक स्मृति और मानवीय ऊष्मा समाज से आती है। इसलिए भविष्य की लड़ाई हिंदी बनाम एआई की नहीं है। असली सवाल यह है कि एआई के युग में हिंदी कितनी सक्षम, कितनी स्वायत्त और कितनी मानवीय बनी रह सकेगी।

यदि हमने सही समय पर डिजिटल संसाधन तैयार किए, अपनी भाषाई विविधता को तकनीक से जोड़ा, अपने एआई मॉडल विकसित किए और तकनीक के साथ मानवीय विवेक को बनाए रखा, तो हिंदी केवल एआई से संवाद करने वाली भाषा नहीं होगी–वह एआई के भविष्य को आकार देने वाली भाषाओं में भी शामिल हो सकती है। और शायद यही हिंदी दिवस का सबसे सार्थक संकल्प होना चाहिए।

हिंदी का भविष्य केवल इस बात में नहीं है कि मशीन हिंदी समझती है या नहीं। हिंदी का भविष्य इस बात में है कि हम मशीनों की दुनिया को कितना हिंदीमय, कितना भारतीय और कितना मानवीय बना पाते हैं।

(लेखक आकाशवाणी पटना में समाचार वाचक हैं)

अध्यात्म

## गुरु की शिष्य को सीख

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक आश्रम में एक गुरु अपने शिष्यों को शिक्षा दे रहे थे। एक दिन आश्रम में एक नया शिष्य आया। उसने देखा कि सभी शिष्य गुरु की बात बड़े ध्यान से सुनते हैं। गुरु के ज्ञान और व्यवहार के कारण हर कोई उनका आदर करता है। यह देखकर नए शिष्य के मन में भी इच्छा जागी कि वह भी जल्दी से जल्दी गुरु बन जाए, ताकि उसे भी इतना सम्मान मिले। उसने गुरु से कहा, 'गुरु जी, मैं भी आपकी तरह गुरु बनना चाहता हूं। मेरी इच्छा है कि मेरे भी कई शिष्य हों और लोग मुझे भी आपकी तरह सम्मान दें। गुरु ने उसको बात सुनी और शांत स्वर में कहा, 'तुम्हारी इच्छा अच्छी है, लेकिन इसे पूरा करने के लिए तुम्हें कई वर्षों तक मेहनत करनी होगी। तुम्हें धैर्य रखना होगा, ज्ञान हासिल करना होगा और अपने अनुभव को बढ़ाना होगा। केवल गुरु का पद पाने की इच्छा रखने से कोई अच्छा गुरु नहीं बन जाता। शिष्य ने पूछा, 'लेकिन गुरु जी, मुझे इतना इंतजार क्यों करना पड़ेगा? मैं आज से ही दूसरों को ज्ञान क्यों नहीं दे सकता?' गुरु मुस्कुराए। उस समय वे लकड़ी के एक तख्त पर बैठे हुए थे। उन्होंने शिष्य को तख्ते के पास बुलाया। शिष्य तख्त के पास खड़ा हुआ, तो गुरु स्वयं उस तख्त पर खड़े हो गए। फिर गुरु ने कहा, 'अब मुझे पास रखे हुए ऊपर वाले तख्ते पर पहुंचा दो। शिष्य कुछ क्षण सोचता रहा और फिर बोला, 'गुरु जी, मैं खुद नीचे खड़ा हूं। मैं आपको और ऊपर कैसे पहुंचा सकता हूं? इसके लिए तो पहले मुझे खुद ऊपर आना पड़ेगा। गुरु हंसते हुए बोले, 'यही तुम्हारे प्रश्न का उत्तर है। यदि तुम किसी दूसरे को ऊपर उठाना चाहते हो, तो सबसे पहले तुम्हें खुद अपना स्तर ऊंचा करना होगा। अगर तुम्हारे पास पर्याप्त ज्ञान, अनुभव और सही-गलत की समझ ही नहीं है, तो तुम किसी और का मार्गदर्शन कैसे करोगे? शिष्य को गुरु की बात समझ आ गई। उसने तुरंत गुरु बनने की इच्छा छोड़ने के बजाय अपने लक्ष्य तक पहुंचने की सही राह चुन ली। उसने मन लगाकर अध्ययन किया, कठिन साधना की, अनुभव प्राप्त किया और कई वर्षों तक धैर्य के साथ स्वयं को बेहतर बनाया। समय के साथ उसका ज्ञान और समझ बढ़ती गई। अब वह दूसरों को केवल बातें नहीं बताता था, बल्कि अपने अनुभव से उनका मार्गदर्शन भी कर सकता था। इस कथा का संदेश यह है कि जीवन में कोई भी बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए पहले स्वयं को उसके योग्य बनाना पड़ता है। सही जानकारी, धैर्य, मेहनत और उचित समय का इंतजार सफलता की मजबूत नींव तैयार करते हैं।

**कथा की सीख :** सबसे पहले यह तय करें कि आपको वास्तव में हासिल क्या करना है। अस्पष्ट लक्ष्य के कारण हमारी मेहनत सही दिशा में नहीं लग पाती। लक्ष्य जितना स्पष्ट होगा, उसके लिए योजना बनाना उतना ही आसान होगा।लक्ष्य से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल करें - किसी भी काम को शुरू करने से पहले उसके बारे में पर्याप्त जानकारी जुटाएं। आपको यह समझना चाहिए कि लक्ष्य तक पहुंचने के लिए किन चीजों और अनुभव की जरूरत होगी।

# कुपोषण कैलेंडर का कार्यक्रम नहीं, यह हर दिन की बात

मेरी नजर में कुपोषण किसी कैलेंडर का कार्यक्रम नहीं हो सकता। बच्चे को इस पोषण माह में, यानी सितंबर में ही प्रोटीन की जरूरत नहीं होती। गर्भवती महिला को केवल पोषण माह में ही आयरन और उचित आहार की जरूरत नहीं होती। छह महीने के बच्चे को केवल अभियान के दौरान ही पूरक आहार की जानकारी नहीं चाहिए। समझने की बात है कि यह हर रोज, हर महीने की जरूरत है। मप्र के सागर संभाग, भोपाल, ग्वालियर-चंबल संभाग, नर्मदापुरम् संभाग के कई जिलों में इस साल बीते अप्रैल माह से जुलाई तक लगातार राशन की घर पहुंच सेवा ठप्प रही। इससे बच्चों, गर्भवती, स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण पर बुरा असर पड़ा। तंत्र के स्तर पर अगर किसी ने पूछने की कोशिश की तो तंत्र से एक ही जवाब मिला, कोशिश की जा रही है कि व्यवधान कम से कम हो।

देश में नौवां राष्ट्रीय पोषण माह शुरू गया है। इस साल यानी 2026 की थीम है 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी'। थीम बहुत आकर्षक है। इस बार भी पूरे महीने पोषण को लेकर हंसते खिल-खिलाते बच्चों-महिलाओं के पोस्टर लगेंगे। पोषण मेले लगेंगे, आंगनबाड़ी सजेंगी, रैलियां होंगी, पोषण के सहज उपलब्ध स्थानीय खाद्य पदार्थों और प्रोटीन पर चर्चा होगी। जागरूकता अच्छी बात है, लेकिन इसके साथ कुछ असुविधाजनक सवाल भी पूछा जाना चाहिए, पहला- हमारी आंगनवाड़ी-हमारी जिम्मेदारी है, तो जवाबदेही किसकी है? दूसरा- क्या पोषण का काम केवल 'अभियान' है या रोज का सार्वजनिक काम? आंगनवाड़ी हमारी जिम्मेदारी है तो उन महिलाओं यानी आंगनवाड़ी या आशा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी किसकी है, जो गांव-गांव जाकर इस पूरी व्यवस्था को चलाती हैं और जिन्हें कई बार महीनों मानदेय नहीं मिलता और मजबूरन काम छोड़ आंदोलन के लिए सड़क पर उतरना पड़ता है? इस साल सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में साप्ताहिक मेन्यू में विविधता, स्थानीय खाद्य पदार्थों, दालों, अनाज, मिलेट, मौसमी सब्जियों आदि पर जोर दिया है। सामुदायिक स्वाद-परीक्षण और भोजन की गुणवत्ता पर निगरानी की भी बात है। यह महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है, लेकिन इसके साथ ही सवाल है–क्या एक महीने की गतिविधियों से पोषण सुधरेगा, या इसके लिए पूरे साल काम करने वाली मजबूत स्थानीय व्यवस्था चाहिए?



मेरी नजर में कुपोषण किसी कैलेंडर का कार्यक्रम नहीं हो सकता। बच्चे को इस पोषण माह में, यानी सितंबर में ही प्रोटीन की जरूरत नहीं होती। गर्भवती महिला को केवल पोषण माह में ही आयरन और उचित आहार की जरूरत नहीं होती। छह महीने के बच्चे को केवल अभियान के दौरान ही पूरक आहार की जानकारी नहीं चाहिए। समझने की बात है कि यह हर रोज, हर महीने की ज़रूरत है। मप्र के सागर संभाग, भोपाल, ग्वालियर-चंबल संभाग, नर्मदापुरम संभाग के कई जिलों में इस साल बीते अप्रैल माह से जुलाई तक लगातार राशन की घर पहुंच सेवा ठप्प रही। इससे बच्चों, गर्भवती, स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण पर बुरा असर पड़ा है। तंत्र के स्तर पर अगर किसी ने पुछने की कोशिश की तो तंत्र से एक ही जवाब मिला, कोशिश की जा रही है कि व्यवधान कम से कम हो। इस साल यानी 2026 की थीम तो बहुत ही बढ़िया है, लेकिन यह सवाल तो बनता है कि 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी', लेकिन जवाबदेही किसकी? वास्तव में अगर आप देखें तो इस वर्ष की थीम का सबसे महत्वपूर्ण शब्द शायद 'हमारी' है। सरकार चाहती है कि समुदाय आंगनवाड़ी को अपना माने। यह सोच बहुत अच्छी है, मगर 'सामुदायिक जिम्मेदारी' को सरकारी जिम्मेदारी का विकल्प नहीं बनाया जा सकता। समुदाय निगरानी कर सकता है, सवाल पूछ सकता है, नागरिक अधिकारों की मांग कर सकता है, स्थानीय संसाधन जुटा सकता है, लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को मानदेय समय पर देना, पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराना, प्रशिक्षण देना, पोषण सामग्री की गुणवत्ता और निरंतरता सुनिश्चित करना और स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभागों के बीच समन्वय बनाना सरकार की संस्थागत जिम्मेदारी है। इसी तरह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से चुनावों, वोटरलिस्ट अपडेशन से लेकर लगातार नए-नए काम लेने के साथ यह भी पूछना होगा कि उनके पास उन कामों को करने के लिए पर्याप्त समय, प्रशिक्षण, यात्रा सहायता, डिजिटल साधन और आर्थिक सुरक्षा है या नहीं। पोषण की लड़ाई में 'फ्रंटलाइन' शब्द का इस्तेमाल बहुत आसान है। हम आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अक्सर 'फ्रंटलाइन वर्कर' कहते हैं। यह सम्मानजनक शब्द है, लेकिन इसमें एक खतरा भी है। फ्रंटलाइन पर वही व्यक्ति होता है जो व्यवस्था की हर कमी का सामना सबसे पहले करता है। जरा सोचिए, परिवार भोजन नहीं जुटा पाता...कार्यकर्ता समझाए। बच्चा टीका नहीं लगवाता... कार्यकर्ता घर जाए। गर्भवती महिला अस्पताल नहीं जाती... कार्यकर्ता समझाए। बच्चा कुपोषित है...कार्यकर्ता निगरानी करे। डेटा पोर्टल पर अपडेट नहीं है–कार्यकर्ता दर्ज करें। पोषण माह है...कार्यक्रम भी करे, लेकिन उसका वेतन कह लीजिए या मानदेय, वो देर से आए, तो किससे शिकायत करे। सरकार और तंत्र को यह भी देना होगा, कि जिससे वह पोषण का संदेश दिलवा रहा है, वास्तव में उसका पोषण कैसा है? यही विरोधाभास हमें इस पोषण माह में देखना चाहिए।

वास्तव में फोकस पोषण माह के मेलों, प्रदर्शनियों, आयोजनों की चकाचौंध पर नहीं, पोषण की व्यवस्था और उसके मिलने की निरंतरता पर होनी चाहिए। समुदाय हो या मीडिया उसे देखना होगा, कि क्या उस केंद्र पर नियमित रूप से गर्म पका भोजन मिल रहा है? मेन्यू बोर्ड पर जो लिखा है, क्या वही भोजन बच्चों को मिल रहा है? क्या बच्चे की वृद्धि की नियमित निगरानी हो रही है? कितने बच्चे, माताएं, दिव्यांग पोषण की सेवाओं से छूट रहे हैं और क्यों? और सबसे जरूरी–क्या इन कार्यकर्ताओं को उनका मानदेय समय पर मिल रहा है? क्योंकि इस साल की थीम 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' तभी सार्थक होगी, जब 'जिम्मेदारी' का अर्थ केवल नागरिकों से और अधिक काम करवाना न हो, बल्कि सरकार की अपनी जवाबदेही को भी स्पष्ट करना हो। पोषण की थाली में दाल, अनाज, सब्जी और प्रोटीन जरूरी हैं। लेकिन उस थाली तक पहुंच बनाने वाली व्यवस्था में सम्मान, पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित कार्यकर्ता और समय पर भुगतान भी उतने ही जरूरी हैं। एक कुपोषित बच्चे को केवल पौष्टिक भोजन की जरूरत नहीं होती, उसे ऐसी सार्वजनिक व्यवस्था चाहिए जो उस भोजन को उसके घर और आंगनवाड़ी तक लगातार पहुंचा सके। इस पोषण माह में बुनियादी जरूरतों से जुड़े कुछ और सवालों के जवाब खोजना होंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज काम में तेजी लाना और सही बजट बनाना होगा। आज अपने पैसों को सही ढंग से लगाने का मन करेगा। घर के कुछ रुके हुए खर्च सामने आ सकते हैं।

**वृषभ**
आज बचत का ध्यान और सही तालमेल से कार्य बनेंगे। आज पैसों के मामले में संभलकर चलने की जरूरत है। हर महीने होने वाले खर्चों और पुरानी जरूरतों की फिर से जांच करें।

**मिथुन**
आज समझदारी से काम और पैसों में रुकावट से बचाव करना होगा। जल्दबाजी में फैसला लेने का मन हो सकता है। किसी भी नए विचार पर पैसा लगाने से पहले हिसाब जरूर जांच लें।

**कर्क**
आज लंबे समय की सोच और टीम का साथ मिलेगा। पैसों को लेकर मन में अच्छा भरोसा रहेगा। आज का दिन जोखिम उठाने के बजाय धीरे-धीरे आगे बढ़ने का है।

**सिंह**
आज दिखावे से दूरी और काम में मजबूती आएगी। असली जरूरतों और केवल दिखावे के खर्चों के बीच का फर्क समझना होगा। पैसों को लेकर आपकी सोच बदल सकती है।

**कन्या**
आज सही हिसाब और काम में सफाई रखना होगा। आज आपका दिमाग बहुत तेज काम करेगा। आप उन बातों को भी पकड़ लेंगे जो बाकी लोग छोड़ देते हैं।

**तुला**
आज लेन-देन में बात और बातचीत से समस्या हल हो जाएगी। पैसों के मामलों में सही संतुलन बना रहेगा। अनुबंध, लेन-देन या साझा धन से जुड़ी बातचीत में आपको फायदा हो सकता है।

**वृश्चिक**
आज पुरानी रुकावटें और काम में लगन होना। पैसों के मामले में आज थोड़ा रुककर चलने की जरूरत है। पुरानी बकायों, टैक्स या किसी जगह पैसे लगाने से पहले पूरी जांच करें।

**धनु**
आज खर्च पर लगाम और साफ बात करना होगा। सही योजना बनाने से पैसों की स्थिति संभल जाएगी। घूमने, नई चीजें सीखने या मनपसंद सामान पर खर्च करने की इच्छा हो सकती है।

**मकर**
आज नियम से बचत और अधिकारियों का सम्मान करना होगा। आज पैसों को नियम से चलाने का दिन है। घर की जरूरतों और बचत पर गंभीर विचार होगा। हर आने वाली समस्या से डरने के बजाय उन बातों पर ध्यान दें जो आपके हाथ में हैं।

**कुंभ**
आज संभलकर कदम और नई योजना बनाना होगा। पैसों को लेकर नए और अलग विचार आ सकते हैं। नए मौके भले ही अच्छे लगें, पर कदम उठाने से पहले खतरे को जांच लें।

**मीन**
आज खातों की जांच और रुका काम पूरा करेंगे। पैसों की पुरानी जिम्मेदारियों को याद दिला रहे हैं। पुराने भुगतानों और अपनी बचत के तरीके को फिर से देखें।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में भाई को किया अधमरा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बिंद टोली गांव में शनिवार के दिन पिता के साथ एक भाई गाली गलौज और मारपीट कर रहा था तभी दूसरे भाई ने ऐसा करने से मना किया तो अनिल महतो नामक व्यक्ति ने मसूदन महतो को मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया माथे पर लाठी से प्रहार कर जख्मी कर दिया जिसके बाद परिजनों ने घायल को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां इलाज के बाद परिजन लिखित शिकायत के लिए थाना पहुंचे।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चालीसकुरबा गांव निवासी 18 वर्षीय बिट्टू कुमार पिता संजय यादव को अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों के द्वारा अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए युवक को पटना भेजा गया है युवक की हालत गंभीर बताई जाती है वहीं टक्कर मारने के बाद वाहन फरार हो गया।

### करंट लगने से महिला जख्मी

**बाढ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बल्लोंपुर गांव निवासी 25 वर्षीय काजल कुमारी पति अजय कुमार को घर में काम करने के दौरान करंट लग गया गंभीर हालत में महिला को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां कहीं घंटे इलाज के बाद महिला के हालात में सुधार हुई बाद में महिला को छुट्टी दे दी गई परिजनों ने बताया कि घर में काम करने के दौरान नंगे तार की चपेट में आ गया जिससे महिला की हालत गंभीर हो गई थी।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र के बिहार विभाग गांव में मंदिर निर्माण में मजदूरी का लौट रहे मजदूर 37 वर्षीय सुधीर कुमार पिता परसराम बिहारी बीघा बागी निवासी मक्का के खेत में गिरे हुए नंगे तार के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई साथ में आ रहे दोस्त ने जब उसे गिरा हुआ देखा तो शोर मचाना शुरू किया जिससे आसपास के ग्रामीण युवक को उठाकर आसपास के ग्रामीण डॉक्टर के पास ले गए और फिर हालत गंभीर देखते हुए अनुमंडल अस्पताल पहुंचा। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचने के साथ-साथ अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर मृतक के रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है परिजनों के द्वारा विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग करते नजर आए रात हो जाने के चलते पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जिलाधिकारी के आदेश के बाद कराए जाने की बात कही जा रही है।

### 22 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिपरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने देवकली गांव में छापेमारी कर स्मैक की खरीद-बिक्री कर रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पिपरा थाना पुलिस ने देवकली ग्राम में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 22.02 ग्राम अवैध स्मैक / ब्राउन शुगर, बिक्री के 1,910 रुपये नकद और एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया है। मौके से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार युवक का नाम सोहील कुमार, पिता सुधीर सिंह देवकली निवासी बताया जाता है।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से इलाके में मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा था। उसके खिलाफ पिपरा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थ के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।



### चोरों ने महिला का मंगलसूत्र और जितिया

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरितालिका तीज को लेकर रविवार को मसौढ़ी बाजार में जबरदस्त भीड़ उमड़ी रही। हर दुकान पर महिलाओं की खरीदारी के लिए भीड़ लगी थी। इसी भीड़ का फायदा उठाकर उचक्कों ने एक महिला को अपना निशाना बना लिया।बताया जाता है कि नदवां से तीज की खरीदारी करने मसौढ़ी आई सुषमा देवी जैसे ही तारेगना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरीं, तभी अज्ञात चोरों ने उनका मंगलसूत्र और जितिया काट लिया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई और काफी संख्या में महिलाएं वहां जमा हो गईं।पीड़ित महिला ने बताया कि ट्रेन से उतरते ही भीड़ में धक्का-मुक्की हुई और उसी दौरान गले से मंगलसूत्र गायब हो गया। घटना की सूचना के बाद आसपास हंगामा शुरू हो गया।स्थानीय लोगों ने रेल पुलिस से स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है। त्योहार के मौके पर बाजार और स्टेशन पर भीड़ बढ़ने से इस तरह की घटनाएं बढ़ जाती हैं।



### जप्त 6 हजार 226 लीटर विदेशी शराब का विनष्टीकरण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी स्थित मद्य निषेध विभाग ने शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जप्त विदेशी शराब का विनष्टीकरण कराया। उत्पाद थाना, मसौढ़ी में विभिन्न 9 कांडों में जप्त की गई 6 हजार 226 लीटर विदेशी शराब को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नष्ट किया गया। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक निशांत कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर समय-समय पर थाना में जप्त शराब का विनष्टीकरण कराया जाता है। इसी क्रम में उत्पाद थाना मसौढ़ी में छापेमारी के दौरान जप्त की गई शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि कुल 9 कांडों में जप्त लगभग 6 हजार 226 लीटर विदेशी शराब को मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में विनष्ट किया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग के अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहे। विनष्टीकरण की पूरी प्रक्रिया का वीडियोग्राफी भी कराया गया। अधीक्षक ने कहा कि शराबबंदी को सख्ती से लागू करने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और शराब के धंधेबाजों पर कार्रवाई जारी रहेगी।



### हाइवा ने युवक को कुचला, मौके पर मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा थाना क्षेत्र के शिवनार फोरलेन पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बाढ़ के जमुनीचक निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। वह बर्तन का व्यवसाय करता था।मिली जानकारी के अनुसार संतोष कुमार ऑटो से बेगूसराय से बाढ़ की ओर जा रहा था। शिवनार पेट्रोल पंप के पास ऑटो रुकवाकर वह सड़क किनारे पेशाब करने गया था। वापस लौटकर ऑटो में सवार होने के दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर मोकामा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस फरार हाइवा चालक की तलाश में जुटी है।

### एमडीएम में बच्चों की संख्या में हेराफेरी का आरोप

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) योजना के तहत बच्चों की संख्या में कथित हेराफेरी का मामला सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। सोमवार को बाढ़ एसडीएम कृष्णा जोशी के निरीक्षण के दौरान बच्चों की संख्या में कथित गड़बड़ी और एमडीएम योजना में अनियमितता का मामला सामने आया।मोकामा प्रखंड में कुल 106 विद्यालय हैं। इनमें 43 स्कूलों में एक अगस्त 2025 से दिल्ली की सोहवासिया कल्याणकारी फाउंडेशन नामक एनजीओ के माध्यम से एमडीएम उपलब्ध कराया जा रहा है। इन स्कूलों में करीब 4,500 बच्चों के लिए प्रतिदिन भोजन भेजे जाने की जानकारी है। आरोप है कि वास्तविक उपस्थिति की तुलना में अधिक संख्या दिखाकर भोजन की खपत का आंकड़ा तैयार किया जा रहा है। शुक्रवार को अंडा दिए जाने वाले दिन बच्चों की संख्या में अपेक्षाकृत बढ़ोतरी होने की भी शिकायत है।वहीं, शेष 63 विद्यालयों में विद्यालय स्तर पर एमडीएम तैयार किया जाता है। इन स्कूलों में अगस्त तक 11,843 बच्चे नामांकित बताए गए हैं, जबकि प्रतिदिन करीब 8,080 बच्चों को भोजन कराने की सूचना विभाग को दिए जाने का दावा है।

# हिंदी साहित्य की महान छायावादी कवयित्री महादेवी वर्मा को उनकी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

डॉ. राजीव नयन

## उनकी कृतियों में सिर्फ वेदना ही नहीं ऊर्जा के स्वर भी हैं

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिन्दी साहित्य की अमर स्वर-साधिका महादेवी वर्मा (1907-1987) की पुण्यतिथि पर हिन्दी विकास मंच,सरथुआ एवं उपशाखा लक्ष्मी निवास,द्वारिका नगर, हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को साहित्यिक गोष्ठी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य प्रेमियों और बुद्धिजीवियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि अर्पित कर



महादेवी जी को नमन किया। इस साहित्यिक गोष्ठी में मंच के अध्यक्ष व साहित्यकार वरीय मीडिया कर्मी डॉ. राजीव नयन सिंह ने कहा - महादेवी वर्मा हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक हैं। आधुनिक हिन्दी की सबसे सशक्त कवयित्री होने के कारण उन्हें आधुनिक मीरा कहा जाता है, और निराला जी ने उन्हें 'हिन्दी के विशाल मंदिर की सरस्वती' कहा। उन्होंने स्वतंत्रता के पहले और बाद दोनों का भारत देखा। उन्होंने समाज में रहकर भीतर के हाहाकार, रुदन को देखा-परखा और करुणा के साथ अंधकार को दूर करने की दृष्टि दी। केवल काव्य ही नहीं, उनके गद्य में समाज सुधार, महिलाओं और पशु-पक्षियों के प्रति चेतना,दया और संवेदना की भावना में भी काफी गहरी है।गिल्लू,गौरा शब्द चित्र में एक गिलहरी और गौर वर्ण गाय गौरा का जिक्र है। उन्होंने मन की पीड़ा को इतने स्नेह और श्रृंगार से सजाया कि 'दीपशिखा' में वह जन-जन की पीड़ा बन गई, जिसने पाठकों ही नहीं, समीक्षकों को भी गहराई तक प्रभावित किया। 'यामा' पर 27 अप्रैल 1982 को उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला। मंच की सचिव नीतू कुमारी ने कहा कि दीपशिखा, नीहार, रश्मि, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं में वेदना के साथ ऊर्जा के स्वर भी हैं और उनकी पंक्ति को उद्धृत किया - बाँध लेंगे क्या तुझे यह मोम के बन्धन सजीले? पन्थ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रँगीले। तुम न अपनी छांव को अपने लिए कारा बनाना, जाग तुझको दूर जाना! मौके पर -वार्ड-11 सदस्य अधिवक्ता शम्भू कुमार, विमलेश कुमार, खरभैया पैक्स अध्यक्ष मुन्ना कुमार, हिलसा नगर परिषद के समाजसेवी प्रसेनजीत उर्फ रिशु पटेल, वरीय अधिवक्ता दिलीप कुमार, मुख्तार सालेह, शिक्षक पप्पू कुमार, चंद्रभूषण मंटू, बीमा अभिकर्ता मुकेश कुमार, शिक्षक मंटू कुमार, कल्पना सिंधु, दीपशिखा अनायरा श्री, अविरल नयन, शिवानी सुमन, वार्ड सदस्य चंदन ठाकुर, जयंत बबलू सिंह सहित हिलसा, दनियावां व तोप-सरथुआ के 100 से अधिक साहित्यप्रेमी मौजूद रहे।

# बाढ़ का पानी उतरा, पर सड़क टूटने से नहीं जुड़ा गांवों का संपर्क

## 50 फीट टूटी सड़क की मरम्मत की उठी मांग



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में आये बाढ़ का पानी अब गांवों से निकल चुका है, लेकिन बाढ़ अपने पीछे बबार्दी के निशान छोड़ गई है। पुनपुन प्रखंड के लखनपार पंचायत की मुख्य सड़क बाढ़ के तेज बहाव में करीब 50 फीट तक टूट कर बह गई थी।, लेकिन अभी तक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं हुई है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है।स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सड़क लखनपार पंचायत को पुनपुन प्रखंड से जोड़ने वाली मुख्य लाइफलाइन है। सड़क टूटने से सिसवाचक, जोगापुर,घुडदौड, फहीमचक, हरेचक, सबलपुर सहित करीब आधा दर्जन गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। टूटे हुए 50 फीट के हिस्से में अभी भी छाती भर पानी लगा हुआ है, जिसके कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बाइक तो दूर, साइकिल भी पार नहीं हो पा रही है।आवागमन बाधित होने से सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों और स्कूली बच्चों को हो रही है। गांव में एंबुलेंस नहीं जा पा रही है। अगर रात में कोई बड़ी घटना हो जाए तो मरीज को कंधे पर टांग कर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है लखनपार के वार्ड सचिव सुभाष कुमार ने बताया कि हमने कई बार प्रशासन से सड़क मरम्मत की मांग की है। वार्ड सदस्य अयोध्या दास, गिरधारी दास, मिथिलेश कुमार, भोला सिंह, चंदन केवट, दुलारपुर की उषा देवी और रणविजय राम ने कहा कि बाढ़ का पानी निकल गया, लेकिन सरकार ने सुध नहीं ली। वहीं लखनपार पंचायत के मुखिया ने कहा कि हमने टूटी सड़क की सूचना अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को दे दी है और जल्द मरम्मत की मांग की है। लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन मिला है, काम शुरू नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मती कर आवागमन बहाल करने की मांग की है। वहीं पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने भी जिला प्रशासन से टूटी हुई सड़क को जल्द मरम्मत करने की मांग की है।

# पुनपुन में बाढ़ पीड़ितों को मिलेगा अनुग्रह अनुदान डीबीटी से खाते में आएंगे 7000 रुपये

## अब तक तीन हजार की सूची तैयार ● एक हफ्ते के अंदर सभी पंचायत प्रतिनिधि से मांगी गई है सूची

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अनुग्रह अनुदान योजना के तहत बाढ़ पीड़ितों को सहायता राशि दी जाएगी। इसके लिए अंचल प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों की सूची तैयार की जा रही है। बता दें कि इस बार पुनपुन नदी में आई बाढ़ से पुनपुन प्रखंड के पांच पंचायत और पुनपुन शहर के चार वार्ड बाढ़ से पुरी तरह प्रभावित हुए थे। सैकड़ों घरों में पानी घुस गया था और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि अनुग्रह अनुदान योजना के तहत बाढ़ पीड़ितों को सहायता दी जाती है। पुरानी सूची जो वर्ष 2019 में 17 हजार लोगों की बनी थी, उसमें कई लोगों की मृत्यु हो चुकी है और कई लोगों के नाम में सुधार की जरूरत थी। इसलिए नए सिरे से सर्वे का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक ढाई हजार से अधिक बाढ़ पीड़ितों की नई सूची तैयार कर ली गई है। एक सप्ताह के अंदर सभी बाढ़ पीड़ितों की सूची को अंतिम रूप देकर जिला मुख्यालय भेज दिया जाएगा। सत्यापन के बाद सभी पात्र बाढ़ पीड़ितों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 7,000 रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि भेजी जाएगी। इसके अलावा कृषि विभाग द्वारा फसल क्षति का भी आकलन किया जा रहा है, ताकि किसानों को फसल नुकसान का भी मुआवजा मिल सके।

# बाढ़ राहत कैंप में पहुंचे पूर्व मंत्री कार्तिक कुमार







**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी में आई भीषण बाढ़ के बाद मोकामा प्रखंड कार्यालय परिसर, भगवती स्थान और सूर्यनारायण घाट में शरण लिए करीब 400 बाढ़ पीड़ितों से मिलने और उनकी समस्याएं सुनने के लिए पूर्व मंत्री सह विधान पार्षद कार्तिक कुमार दोबारा राहत कैंप पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।राहत कैंप में रह रहे लोगों ने शिकायत की कि उन्हें दोनों वक्त भात और खिचड़ी ही खाने को मिल रही है। वहीं, अपने पशुओं के लिए भूसा-चारा और धूप से बचाव के लिए प्लास्टिक शीट उपलब्ध कराने की मांग भी कई दिनों से की जा रही है।कार्तिक कुमार ने कहा कि भोजन को लेकर उन्होंने पटना के जिलाधिकारी से बात की है। उन्होंने बताया कि राहत कैंपों में हल्का भोजन देने की व्यवस्था सिर्फ मोकामा में नहीं, बल्कि पूरे बिहार में लागू है। बाढ़ के दौरान तरल भोजन से बीमार होने का खतरा रहता है, इसलिए दोनों वक्त हल्का भोजन दिया जा रहा है। सूखा चूड़ा और गुड़ भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा

## पीड़ितों ने चारा और प्लास्टिक शीट की उठाई मांग

कि बीमार लोगों के लिए रोटी की व्यवस्था कराने का प्रयास किया जाएगा।कार्तिक कुमार ने कैंप में सामुदायिक रसोई का जायजा लिया और बाढ़ पीड़ितों के बीच प्लास्टिक शीट सहित राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जंजीरा दियारा के लोग महिला, पुरुष, बच्चों और पशुओं के साथ कैंप में रह रहे हैं। उनकी समस्याओं को लगातार सुना जा रहा है और समाधान कराया जा रहा है। इसके बावजूद कोई समस्या रहती है तो वे दोबारा कैंप में पहुंचेंगे।

कसहा दियारा में सड़ने लगा बाढ़ का पानी, संक्रमण का खतरा। गंगा के जलस्तर में धीरे-धीरे कमी आने के बाद बाढ़ प्रभावित इलाकों से पानी निकलने लगा है। हालांकि, कई जगहों पर जमा पानी अब सड़ने लगा है और उससे दुर्गंध उठ रही है। कसहा दियारा पंचायत में स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, जहां बदबूदार पानी के कारण ग्रामीण परेशान हैं।ग्रामीणों के बीच दूषित पानी से संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है। लंबे समय तक जलजमाव रहने से डायरिया, डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में जलजमाव वाले इलाकों में तत्काल साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी उपाय किए जाने की जरूरत है।मोकामा अंचलाधिकारी लवली कुमारी ने बताया कि शनिवार को कसहा दियारा और डुमरा-जंजीरा में चल रहे आठ सामुदायिक रसोई केंद्र बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति अब सामान्य हो रही है। हालांकि, रविवार रात जंजीरा दियारा के लोगों के लिए प्रखंड कार्यालय में भोजन बनाया जा रहा है। सोमवार को जंजीरा दियारा क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा।

### पारिवारिक कलह से तंग आकर युवक ने पंखे से लटक कर की आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के बिरंची मोड़ स्थित एक मकान में एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। घटना का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान विकास कुमार (28 वर्ष), पिता जगदीश प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विकास के पिता जगदीश प्रसाद पटना में सुधा डेयरी में काम करते हैं। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए पटना ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार विकास कुमार की शादी पिछले साल ही हुई थी और वह मूल रूप से धनरूआ के अशरफगंज का रहने वाला था, जो फिलहाल बिरंची मोड़ के पास मकान में परिवार के साथ रह रहा था।

### हत्या के प्रयास और मंगलसूत्र लूट मामले में एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुराने मुकदमे को वापस लेने के दबाव में मारपीट और सोने का मंगलसूत्र लूटने के मामले में भगवानगंज थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पीड़िता सूर्यमणी देवी (58 वर्ष), पति लाला पासवान, ग्राम बिजौरा, थाना भगवानगंज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 दिसंबर 2025 की शाम करीब 7 बजे वह अपने घर पर थीं, तभी गांव के ही (1) गोवर्धन पासवान (2) धनंजय कुमार (3) रामू पासवान (4) उषा देवी और (5) मुन्नी देवी हाथ में खंती और लाठी लेकर उनके घर आए और पुराना मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर गोवर्धन पासवान ने सूर्यमणी देवी को घर से बाहर खींचकर खंती से सिर पर वार कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आए पति लाला पासवान के सिर पर रामू पासवान ने लाठी से हमला कर दिया। बेटी मालो कुमारी को बचाने आने पर धनंजय कुमार ने खंती से चेहरे पर और दूसरी बेटी पार्वती कुमारी के जांघ पर वार किया। इसी दौरान उषा देवी ने घर में घुसकर पुत्रवधू मीनी देवी के गले से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया।घटना के बाद घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल मसौढ़ी में कराया गया। पीड़िता ने इलाज की पर्ची के साथ थाने में लिखित शिकायत दी थी।इस मामले में भगवानगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त धनंजय कुमार, पिता रामू पासवान, ग्राम बिजौरा को गिरफ्तार कर लिया है।

### हरितालिका तीज को लेकर मसौढ़ी बाजार में दिखी जबरदस्त रौनक, महिला खरीदारों की उमड़ी भीड़





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखंड सुहाग और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना को लेकर मनाए जाने वाले हरितालिका तीज व्रत को लेकर रविवार को मसौढ़ी बाजार में दिनभर जबरदस्त रौनक देखी गई। सुबह से ही मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, पुरानी बाजार और फल मंडी में महिला खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बाजार में पूजा-पाठ की सामग्री, श्रृंगार का सामान, फल, फूल और अनरसा मिठाई की दुकानों पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। तीज व्रत को लेकर महिलाएं निर्जला व्रत की तैयारी में जुटी दिखीं। मेहंदी, सिंदूर, चूड़ियां, साड़ियां और फल की खरीदारी के लिए दुकानों पर लाइन लगी रही। मिठाई दुकानों पर खास तौर पर अनरसा और ठेकुआ की मांग अधिक रही।दुकानदारों ने बताया कि पिछले दो दिनों से ही बाजार में तीज को लेकर भीड़ बढ़ गई है। इस बार बाजार में नई डिजाइन की साड़ियों और श्रृंगार सामग्री की काफी मांग है। महिलाओं में तीज को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कई महिलाएं परिवार के साथ बाजार में खरीदारी करने पहुंची थीं।स्थानीय महिलाओं ने बताया कि हरितालिका तीज सुहागिनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। शाम तक बाजार में चहल-पहल बनी रही और देर रात तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील




**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के मलाही स्थित भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी निवेदिता सिंह ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने वाले पार्टी के कार्यक्रमों की जानकारी दी। एमएलसी निवेदिता सिंह ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। इस अवसर पर भाजपा की ओर से 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक प्रधानमंत्री की दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 वर्षों तक राष्ट्रसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसी के सम्मान और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता जन्मदिन के अवसर पर दीप जलाकर आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर की शाम 7 बजे कार्यकताओं के साथ आम जनता से भी अपने-अपने घरों में एक दीप जलाने की अपील की गई है। निवेदिता सिंह के अनुसार, कार्यक्रम में सांसद, विधायक, मंत्री सहित पार्टी के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के निर्देशानुसार 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम प्रदेश, जिला, प्रखंड से लेकर बूथ स्तर तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यकाल में जिन स्थानों और क्षेत्रों में विकास कार्य हुए हैं, वहां भी दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इनमें आयुष्मान अस्पताल, ताल-तलैया, पुल-पुलिया, खेत-खलिहान सहित अन्य विकास स्थलों को शामिल किया गया है। भाजपा ने इस कार्यक्रम को जनभागीदारी के माध्यम से प्रधानमंत्री के प्रति आभार और शुभकामना व्यक्त करने का अभियान बताया है।

### मोदी के जन्मदिन पर दुल्हिनबाजार मंडल में माहभर चलेगा सेवा अभियान

**पालीगंज (पटना)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा दुल्हिनबाजार मंडल में एक माह तक विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसे लेकर रविवार को मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण की भावना के साथ मनाया जाएगा। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाकर कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष इन्द्रजीत कुमार, महामंत्री कुंदन कुमार, विधानसभा संयोजक नारायण कुमार,विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन निकेश, विनोद कुमार, मनोज सिंह, विनय कुमार, राजू कुमार, दीपक कुशवाहा, सूर्यमोहन शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, अभय कुमार, महेश सिंह, नीरज कुमार सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों पर चर्चा

**पालीगंज** भारतीय जनता पार्टी पालीगंज मंडल की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार एवं राघवेंद्र कुमार शाही ने संयुक्त रूप से की। कार्यशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा एवं समर्पण के 25 वर्षों की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यशाला में कार्यक्रमों की रूपरेखा, कार्यकताओं की जिम्मेदारियों और अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के सेवा, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार को पटना ग्रामीण जिला के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल मसौढ़ी की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष आशीष देव ने की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर अपने घर, दुकान एवं प्रतिष्ठान पर दीप जलाकर सेवा और समर्पण का संदेश दें। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पटना ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी तेज नारायण शर्मा ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा और इसके तहत रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण एवं गरीबों की मदद जैसे सेवा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने इसे बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की अपील करते हुए कहा कि यह अभियान सेवा भावना को जनभागीदारी से जोड़ने का माध्यम है। कार्यशाला का संचालन महामंत्री आलोक कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री संजीव रंजन ने किया। इस अवसर पर शोभा कुमारी, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, किसान मोर्चा जिला मंत्री अजय शर्मा, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक आलोक कुमार, नंदलाल प्रसाद गुप्ता, नीरज शर्मा, उपेंद्र केसरी, राजेंद्र पासवान, रंजन रजक, विजय यादव, रामजीवन, अजीत पाण्डेय, गौरव कुमार, रवि शर्मा, चिंता देवी, गीता देवी, खुशी कुमारी, सुनीता देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### मसौढ़ी में सूखे नशा के खिलाफ अनोखा अभियान: ढोलक-झाल की थाप पर युवाओं ने किया जागरूक

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर की हर गली, चौक-चौराहे और मोहल्ले में इन दिनों सूखा नशा तेजी से पांव पसार रहा है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर युवा और बुजुर्ग तक इसकी चपेट में आ रहे हैं। इसे लेकर रविवार को नगर परिषद मसौढ़ी के वार्ड नंबर 26 में युवाओं ने अनोखे अंदाज में जागरूकता अभियान चलाया। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र कुमार उर्फ भुटाली और संजय सिंह,मिथलेश सिंह आदी के नेतृत्व में युवाओं की टोली ढोलक, झाल और मंजीरे के साथ पूरे मोहल्ले में निकली। ढोलक की थाप पर सूखा नशा बंद करो के नारे लगाते हुए युवाओं ने हर गली-मोहल्ले में लोगों को नशे से दूर रहने की अपील की। अभियान के दौरान टीम ने लोगों को सूखा नशा से होने वाली गंभीर बीमारियों और इसके दुष्परिणामों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सूखा नशा से न केवल नशा करने वाले व्यक्ति की जिंदगी बर्बाद हो रही है, बल्कि उसका पूरा परिवार तबाह हो रहा है। शहर में बढ़ रहे अपराध के पीछे भी कहीं न कहीं नशा ही मुख्य कारण है। पार्षद प्रतिनिधि ने कहा कि शहर को बर्बाद कर रहे इस नशे के कारोबार पर पुलिस-प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सूखा नशा बेचने और पिलाने वालों पर नकेल कसना बेहद जरूरी है, तभी युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है।इस अनोखे अभियान को मोहल्ले के लोगों ने खूब सराहा और नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग का भरोसा दिलाया। इस कार्यक्रम में अमृतेश कुमार, साकेत कुमार,मंजीत कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, रोहित कुमार, छोटे कुमार ,गुदन सिंह, करण कुमार, मनीष सिंह, दीपक कुमार, गौतम सिंह, चूचू पांडे और सोनू कुमार एवं अन्य शामिल रहे



### मसौढ़ी में नगर परिषद की पहल: दुकानदारों से डस्टबिन रखने की अपील

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद मसौढ़ी ने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाने की दिशा में एक और सराहनीय पहल की है। रविवार को नगर परिषद के स्वच्छता साथियों द्वारा शहर के मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, पटना-गया रोड और सब्जी मंडी इलाके में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्वच्छता साथियों ने घर-घर और दुकान-दुकान जाकर दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी और ठेला संचालकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सभी से विशेष अपील की गई कि वे अपनी दुकान या ठेले के पास अनिवार्य रूप से दो डस्टबिन रखें - एक गीले कचरे के लिए और एक सूखे कचरे के लिए। साथ ही ग्राहकों को भी कचरा सड़क पर न फेंक कर केवल डस्टबिन में ही डालने के लिए प्रेरित करें।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन ने बताया कि शहर को कचरा मुक्त बनाना सिर्फ नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। अगर हर दुकानदार अपनी दुकान के सामने सफाई रखेगा और कचरे को सही जगह डालेगा तो पूरा शहर साफ-सुथरा और सुंदर दिखेगा। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से ही बीमारियों से बचा जा सकता है। अभियान के दौरान स्वच्छता साथियों के अलावा सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद, अमीन रामाधार कुमार ने भी दुकानदारों के बीच जागरूक किया उन्होंने बताया कि लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और नगर परिषद की डोर-टू-डोर कचरा गाड़ी में ही कचरा देने के लिए भी प्रेरित किया। कहा गया कि जो दुकानदार अभियान में सहयोग नहीं करेंगे और सड़क पर कचरा फेंकते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ जुमार्ना की कार्रवाई भी की जा सकती है।इस पहल का स्थानीय दुकानदारों ने स्वागत किया है। दुकानदारों ने भरोसा दिलाया कि वे नगर परिषद के इस अभियान में पूरा सहयोग करेंगे और अपने आसपास सफाई रखेंगे।



### कोचिंग के बाहर से अपाची बाइक चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बाइक चोरों का आतंक बढता जा रहा है ऐसे में दिनदहाड़े एक बाइक चोरी की एक और घटना सामने आई है।मसौढी थाना के पिछे से चोरों ने कोचिंग संस्थान के बाहर लगे ग्राउंड से एक अपाचे बाइक चुरा ली। पीड़ित कुनाल कुमार, पिता संतोष कुमार, ग्राम गंगाचक मलिकाना के रहने वाले हैं। उन्होंने थाने में दिए आवेदन में बताया है कि उनकी काले रंग की अपाचे बाइक है जो सुबह करीब 6:30 बजे एस. मणि के कोचिंग के सामने वाले छोटे ग्राउंड में खड़ी की थी। छुट्टी होने के बाद जब वह 7:30 बजे अपनी गाड़ी के पास गए तो वहां बाइक नहीं मिली। आसपास काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### टिकट जांच में पकड़े गये 21 यात्री

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा कचहरी-थावे-मशरख रेलखंड पर रेलवे की ओर से चलाए गए सघन टिकट जांच अभियान में बिना टिकट एवं अनियमित टिकट पर यात्रा कर रहे 21 यात्रियों को पकड़ा गया। इन यात्रियों से कुल 10,820 रुपये जुमार्ना वसूल कर रेल राजस्व में जमा कराया गया। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के निर्देशन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रशस्ति श्रीवास्तव के नेतृत्व में शनिवार को यह अभियान चलाया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 75103 छपरा-थावे डेमू तथा 55109 थावे-मशरख-छपरा कचहरी सवारी गाड़ी समेत विभिन्न ट्रेनों में टिकटों की जांच की गई।



## राष्ट्रीय लोक अदालत में रिकॉर्ड निष्पादन

# 2,743 ट्रैफिक चालान सहित हजारों मामलों का निबटारा, करोड़ों रुपये की राशि का समझौता

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वावधान में शनिवार को आयोजित वर्ष 2026 की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में हजारों मामलों का निपटारा कर रिकॉर्ड निष्पादन किया गया। न्यायालयीन, प्री-लिटिगेशन, ट्रैफिक चालान एवं बैंक मामलों में करोड़ों रुपये की राशि का समझौता एवं वसूली हुई। जिले में 32 पीठों का गठन किया गया था, जिसमें 5 विशेष पीठें ट्रैफिक चालान के लिए थीं। न्यायालयीन मामलों में 1,739 पोस्ट-लिटिगेशन प्रकरणों का निष्पादन कर लगभग ₹20.35 लाख तथा 1,688 प्री-लिटिगेशन मामलों में ₹8.27 करोड़ से अधिक की राशि का समझौता/वसूली की गई। BSNL के 55 मामलों का भी निष्पादन हुआ। वहीं 2,743 ट्रैफिक चालान मामलों का निपटारा कर लगभग ₹36 लाख की राशि जमा कराई गई। विभिन्न बैंकों से संबंधित 2,000 से अधिक ऋण वसूली मामलों में लगभग ₹8.50 करोड़ की राशि का समझौता/वसूली की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्री इसरार अहमद की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-2 विद्या प्रसाद, जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं सचिव नितिन त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।अतिथियों ने लोक अदालत को त्वरित, सुलभ एवं सौहार्दपूर्ण न्याय का प्रभावी माध्यम बताते हुए आम लोगों से आपसी सहमति के आधार पर मामलों का निपटारा कराने की अपील की। सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का यह निष्पादन जिले में लोक अदालत की कार्यप्रणाली की प्रभावशीलता को दशार्ता है। उन्होंने सफलता के लिए न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, पैनल अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, पुलिस, परिवहन विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों तथा पक्षकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का त्वरित एवं आपसी सहमति से समाधान होने से पक्षकारों के समय और धन की बचत के साथ न्यायालयों का बोझ भी कम होता है।



## रास्ता विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

# कट्टा सटाकर धारदार हथियार से किया हमला, गाड़ी तोड़ी और घर से नकदी-गहने लूटे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बैरीचक गांव में रास्ता अवरुद्ध करने के विवाद को लेकर सात लोगों ने एक घर पर धावा बोलकर जमकर मारपीट की। इस दौरान एक व्यक्ति को कट्टा सटाकर धारदार हथियार से घायल कर दिया गया, गाड़ी को तोड़ दिया गया और घर से नकद व गहने लूट लिए गए। पीड़ित दयानंद उर्फ टुन्नी कुमार (40 वर्ष), पिता स्व. अर्जुन प्रसाद, ग्राम बैरीचक, पोस्ट दौलतपुर ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दी है। आवेदन के अनुसार 10 सितंबर 2026 की रात करीब 10 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में सोए हुए थे। तभी गांव के ही (1) अरविंद कुमार (2) रवि रंजन उर्फ गोरन कुमार (3) रोहित कुमार (4) सुनैना देवी (5) फुला देवी (6) द्विवेदी कुमार और (7) पंचू कुमार ईंट और हथियार लेकर उनके दरवाजे पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि रवि रंजन उर्फ गोरन ने कनपटी पर कट्टा सटा दिया, अरविंद कुमार ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया और रोहित कुमार ने कट्टे के बट से हमला कर माथा फाड़ दिया। बीच-बचाव करने आए परिवार के सदस्यों के साथ भी मारपीट की गई। इतना ही नहीं, दरवाजे पर खड़ी गाड़ी को खंती और कुदाल से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर पत्नी के कमरे से 20 हजार रुपये नकद और गहने भी निकाल लिए और धमकी दी कि थाने में शिकायत करने पर इससे भी बुरा अंजाम होगा। शोर सुनकर गांव के लोग जुटने लगे तो सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राज्य नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह का एकमा में गर्मजोशी के साथ हुआ स्वागत

**गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ समर्थकों ने किया अभिनंदन, लगे जमकर नारे**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना से सीवान जाने के क्रम में रविवार को राज्य नागरिक परिषद के नवमनोनीत उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह का एकमा स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल परिसर में समर्थकों एवं स्थानीय लोगों ने गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। उनके पहुंचते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. रतन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान डॉ. रतन सिंह ने डॉ. अजय सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। समर्थकों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं राज्य नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष अजय सिंह के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर रतन सिंह ने कहा कि राज्य नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद पहली बार छपरा-सिवान की धरती पर पहुंचे अजय सिंह के स्वागत को लेकर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह और उमंग है। उन्होंने कहा कि डॉ अजय सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने से समर्थकों में खासा उत्साह है। स्वागत समारोह में शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, सुनील सिंह, ओम प्रकाश सिंह, डॉ. श्रीराम रावत, हरेश्वर सिंह, सुदिश सिंह, सरपंच अरविंद सिंह, पूर्व सरपंच अजय सिंह, मंटू सिंह, शिक्षक अरुण सिंह, समाजसेवी फूल सिंह, कामरेड अरुण कुमार, जिला परिषद के पूर्व प्रत्याशी सुनील सिंह, डॉ. अभिषेक सिंह, मनोज गिरी, मनु सिंह, रविंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में समर्थक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। इसी में रसूलपुर में भी समर्थकों के द्वारा डॉन अजय सिंह का फूल माला से स्वागत किया गया।

# सिंगोड़ी थाने के शौचालय में युवक ने गमछे से फांसी लगाई, मौत

**बकाया मजदूरी के विवाद में तीन युवक पूछताछ के लिए लाए गए थे थाना, घटना के बाद वरीय अधिकारियों ने पहुंचकर की जांच**



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिंगोड़ी थाना परिसर में रविवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब पूछताछ के लिए लाए गए तीन युवकों में से एक ने थाना परिसर स्थित शौचालय में गमछे से फांसी लगा ली। पुलिसकर्मी उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अजय मांझी (35), पिता लालमोहन मांझी, निवासी कुढ़ना के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्स, पटना भेजा गया है।घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, सिटी वेस्ट एसपी संकेत कुमार, एसडीपीओ पालीगंज-2 पंकज शर्मा और एसडीएम पालीगंज चंदन कुमार समेत अन्य अधिकारी सिंगोड़ी थाना पहुंचे और पूरे मामले की जांच की। माँ के अनुसार अनुसार अजय मांझी का चिकसी स्थित ईंट भट्ठे पर मिट्टी ,एवं मजदूर का सप्लाई करता था। जिसमे पूर्व में मिट्टी एवं मजदूर सप्लाई का राशि बकाया था। बकाया राशि मांगने के लिए वह शनिवार को अपने दो साथियों रंजन कुमार और विष्णुदयाल पंडित के साथ स्कॉर्पियो से ईंट भट्ठे पर पहुंचा था। वहां भट्ठा मालिक श्याम कुमार और शरद कुमार से बकाया राशि को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद भट्ठा मालिकों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके पर पहुंचता देख तीनों स्कॉर्पियो से पालीगंज की ओर निकल गए। पुलिस ने पीछा कर उन्हें पालीगंज थाना क्षेत्र से पकड़ लिया और सिंगोड़ी थाना ले आई। पुलिस के अनुसार, भट्ठा मालिकों द्वारा अजय मांझी के खिलाफ बकाया राशि को लेकर लिखित शिकायत भी दी गई थी। तीनों को पूछताछ के लिए थाना लाकर गार्ड कक्ष में रखा गया था। नगर पुलिस अधीक्षक संकेत कुमार ने बताया कि 12 सितंबर की रात सिंगोड़ी थाना कांड संख्या 173/26 में तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। उनकी निगरानी के लिए एक चौकीदार की ड्यूटी लगाई गई थी। 13 सितंबर की सुबह चौकीदार ने थानाध्यक्ष को सूचना दी कि तीनों में से एक व्यक्ति ने कमरे से जुड़े शौचालय में गमछे से फांसी लगा ली है। पुलिस ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है। सभी पहलुओं की जांच करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। वहीं, थाना लाए गए रंजन कुमार और विष्णुदयाल पंडित के परिजनों का कहना है कि दोनों की मुलाकात अजय मांझी से कुरवां बाजार में हुई थी। अजय ने दोनों से जहानाबाद घूमने चलने की बात कही थी। इसी बात पर दोनों उसके साथ चले गए थे, लेकिन अजय उन्हें चिकसी स्थित ईंट भट्ठे पर ले आया। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# धनरूआ के तेतरीचक में मारपीट-लूट कांड में एक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना के तेतरीचक गांव में गोतिया विवाद में मारपीट, लूट और हवाई फायरिंग के मामले में धनरूआ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। परिवादी विमल प्रसाद, ने न्यायिक दंडाधिकारी मसौढ़ी की अदालत में परिवाद दायर कर बताया था कि 21/05/2026 की रात 8 बजे गोतिया रामनाथ प्रसाद, धर्मेन्द्र कुमार, ममता देवी और सरसतिया देवी ने नाली-गली के पूर्व विवाद को लेकर उनके दरवाजे पर गाली-गलौज और हमला कर दिया।

# प्रभुनाथ नगर में जलजमाव के स्थायी समाधान की पहल, डीडीसी ने किया निरीक्षण

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा सदर प्रखंड के साढ़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत प्रभुनाथ नगर कॉलोनी में जलजमाव की समस्या का जायजा लेने के लिए उप विकास आयुक्त, सारण लक्ष्मण तिवारी, (भाप्रसे) ने शनिवार को क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए विभिन्न स्थानों पर नाला निर्माण, पुनर्स्थापन, उड़ाही एवं सफाई के कार्य चिह्नित किए गए। निरीक्षण के दौरान एनएच-19 स्थित भोला भंडारी के पास से कमता सखी मठ तक, विनोद श्रीवास्तव के घर से कमता राखी मठ होते हुए बासुकी नाय सिंह के घर तक, निरंजन सिंह के घर से गुड्डू किराना दुकान तक तथा मुन्ना श्रीवास्तव के घर से गुड्डू किराना दुकान तक नाला निर्माण कार्य चिह्नित किया गया। इसके अलावा अतिथि बिहार टांडी से कदंब चौक तक भी नाला निर्माण कराने की योजना बनाई गई। वार्ड संख्या-11 में पहले से बने शाखा नाले को मुख्य सड़क के नाले से जोड़ने के लिए छूटे हिस्से का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। वहीं, भोला भंडारी के पास एनएच-19 स्थित बुडको के नाले को आवश्यकतानुसार पुनर्संयोजित कर नगर निगम के दहियावां टोला से आने वाले पानी को कमता राखी रोड की ओर प्रवाहित करने की व्यवस्था करने को कहा गया। इसके साथ ही कमता सखी मठ से शक्तिनगर, आईपीएस-सी के समीप, लोको शेड, बस स्टैंड सीआरसीडी पुलिया, इरकॉन नाला, ईदगाह होते हुए जटही पोखरा तक नाला उड़ाही एवं सफाई कराने का निर्देश दिया गया। बड़ी हनुमान मंदिर के समीप बुडको द्वारा निर्मित नाले को आरसीडी/इरकॉन नाले से जोड़ने का कार्य भी चिह्नित किया गया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को चिह्नित कार्यों के तहत नाला पुनर्स्थापन, उड़ाही-सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



### मोतिहारी में युवा आयाम, प्रज्ञा प्रवाह ने किया 'यात्रा' कार्यशाला का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रज्ञा प्रवाह के युवा आयाम, चंपारण विभाग की ओर से शनिवार को 'यात्रा- outh for Awareness, Transformation, Research and Action' विषय पर दिनांक - 12/09/2026 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन शहर के मुंशी सिंह महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं विषय - उपस्थापन मनीष त्रिगुणायत ने किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय विचार मंच के महामंत्री एवं प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय युवा आयाम प्रमुख ईशान जोशी ने कहा कि युवाओं को भारतीय दृष्टि से शोध की ओर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी कहानी, अपनी स्मृति और अपनी संस्कृति में विश्वास रखना होगा।

# मेगा टिकट जांच अभियान में एक दिन में 2,436 मामले पकड़े गए

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के निर्देशन में सोनपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जैसे सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया एवं ट्रेनों में विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले 2436 यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे 22,08,825 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। सितंबर माह (07 सितंबर 2026 तक) में सोनपुर मंडल द्वारा कुल 10,380 मामलों का निपटारा करते हुए ₹ 90,32,135 /- का राजस्व अर्जित किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।

# हरतालिका तीज आज, सुहागिनों में उत्साह, शिव-पार्वती की आराधना कर मांगेंगी अखंड सौभाग्य

**सोलह श्रृंगार व पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर एकमा, रसूलपुर व परसागढ बाजारों में रही चहल-पहल**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पति की दीघार्यु, अखंड सौभाग्य, सुखी दांपत्य जीवन व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर सुहागिन महिलाओं का प्रमुख पर्व हरतालिका तीज सोमवार यानी 14 सितंबर को श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। एकमा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण इलाकों समेत जिले भर के विभिन्न हिस्सों में इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। रविवार को महिलाओं ने नहाय-खाय के साथ व्रत की तैयारियां शुरू कर दीं। घरों में पूजा सामग्री जुटाने, मेहंदी लगाने व श्रृंगार की तैयारियां देर शाम तक चलती रहीं। संस्कृत शिक्षक व ज्योतिषाचार्य डॉ. कृष्ण कुमार चतुर्वेदी के अनुसार हरतालिका तीज भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। माता पार्वती की इसी तपस्या, संकल्प और शिव-पार्वती के दांपत्य प्रेम की स्मृति में हरतालिका तीज का व्रत किया जाता है। सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, जबकि कई अविवाहित युवतियां भी मनोवांछित वर की कामना से यह व्रत करती हैं।

**सोमवार को ही होगा तीज का व्रत:**

ज्योतिषाचार्य डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष तृतीया तिथि 13 सितंबर की सुबह शुरू होकर 14 सितंबर की सुबह समाप्त हो रही है। उदया तिथि के आधार पर हरतालिका तीज का व्रत 14 सितंबर, सोमवार को ही रखा जाएगा। बिहार भर में भी इसी दिन व्रत व पूजन की परंपरा रहेगी।

**सुबह 6:05 से 7:06 बजे तक शुभ पूजन मुहूर्त**

पंचांग आधारित गणना के अनुसार 14 सितंबर को भगवान शिव व माता पार्वती के पूजन का प्रमुख शुभ मुहूर्त सुबह 6:05 बजे से 7:06 बजे तक बताया गया है। इस दौरान शिव-पार्वती की पूजा, तीज व्रत कथा का श्रवण और संकल्प करना शुभ माना जाता है। हालांकि स्थानीय पंचांग के अनुसार जगहों पर कुछ मिनट का अंतर भी संभव है। हरतालिका तीज की पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती व भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करने की परंपरा है। कई स्थानों पर महिलाएं मिट्टी या बालू से शिव-पार्वती की प्रतिमाएं स्वयं बनाकर उनकी पूजा करती हैं। पूजा स्थल को साफ कर चौकी पर कलश स्थापित किया जाता है। इसके बाद शिव-पार्वती का श्रृंगार, रोली, अक्षत, पुष्प, बेलपत्र, धूप-दीप व नैवेद्य अर्पित कर तीज की कथा सुनी जाती है।

**सोलह श्रृंगार व पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर एकमा, रसूलपुर व परसागढ बाजारों में रही चहल-पहल:**

तीज को लेकर रविवार को सोलह श्रृंगार व पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर एकमा, रसूलपुर व परसागढ बाजारों में भी चहल-पहल रही। महिलाओं ने नई साड़ी, चूड़ी, बिंदी, सिंदूर, मेहंदी, महावर, आभूषण सहित सोलह श्रृंगार की सामग्री की खरीदारी की। पूजा के लिए फल, फूल, बेलपत्र, धतूरा, दूर्वा, मिठाई, दीपक, धूप, कलश, वस्त्र तथा अन्य पूजन सामग्री भी खरीदी गई। कई घरों में सोमवार की पूजा के लिए पहले से ही प्रसाद और अन्य सामग्री तैयार कर ली गई।

**रातभर भजन-कीर्तन की परंपरा:**

धार्मिक परंपरा के अनुसार हरतालिका तीज का व्रत कठिन व्रतों में माना जाता है। कई महिलाएं पूरे दिन निर्जला उपवास रखकर शाम अथवा प्रदोष काल में शिव-पार्वती की पूजा करती हैं और रात में भजन-कीर्तन तथा तीज की कथा का श्रवण करती हैं। रुचि सिंह सहित कई व्रती महिलाएं बताती हैं कि वे नजदीकी मंदिरों में पहुंच कर सांय काल शिव-पार्वती की पूजा कर कथा श्रवण कर अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं। वहीं अगले दिन पूजा-विधि पूरी करने के बाद पारण किया जाता है। ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार चतुर्वेदी व एकमा प्रखंड मुख्यालय शिव मंदिर के पुजारी पं. नागेंद्र मिश्र ने कहा कि हरतालिका तीज केवल एक व्रत नहीं, बल्कि नारी के संकल्प, श्रद्धा, प्रेम व पारिवारिक मंगलकामना का पर्व है।

# देव सूर्य मंदिर में अखंड कीर्तन शुरू, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**करीब 100 वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत भादो माह में आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया भाग**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर परिसर में रविवार से अखंड कीर्तन की शुरुआत हुई। अखंड कीर्तन को लेकर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। कीर्तन शुरू होते ही पूरा परिसर भक्ति के रंग में रंग गया। श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना में लीन होकर लगातार 24 घंटे तक अखंड कीर्तन करेंगे। सोमवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इसका समापन किया जाएगा। अखंड कीर्तन में रावल बिगहा, रघुनंदन बिगहा, हसौली, कोइरी बीघा, कुंडा और कामा बिगहा सहित आसपास के कई गांवों के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ग्रामीणों के आर्थिक और शारीरिक सहयोग से इस धार्मिक आयोजन को संपन्न कराया जाता है। श्रद्धालु पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ कीर्तन में शामिल होकर भगवान सूर्य की भक्ति में डूबे रहे। आयोजन के संचालन में मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं रघुनंदन बिगहा निवासी जितेंद्र कुमार यादव तथा बड़-छोटू ने श्रोता के रूप में भाग लिया। आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि देव सूर्य मंदिर में होने वाला यह अखंड कीर्तन करीब 100 वर्षों से लगातार आयोजित होता आ रहा है। प्रत्येक वर्ष भादो माह में इस परंपरा का निर्वहन किया जाता है। अखंड कीर्तन के अवसर पर मंदिर के सामने पूरे दिन श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं रविवार की रात तथा सोमवार को कीर्तन के समापन के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। इस धार्मिक आयोजन में प्रमोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, अक्षयवर यादव, रामस्वरूप यादव, ब्रजेश यादव, जनेश्वर यादव, सुदर्शन यादव, अरविंद यादव, अरुण यादव, राजा पासवान, टीएन सिंह, रामदयाल यादव, रामदयाल महतो, अर्जुन राम, मीता राम, ब्रजेश गिरी, निरंजन कुमार, नंद सिंह, रामकेवल यादव, कमलेश, हरेन्द्र, आदर्श, आकाश, सूरज, कन्हैया साव, महेंद्र महतो, ललन महतो, अवध पासवान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## कार्यपालक सहायकों ने आंदोलन की तैयारी को लेकर की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। बिहार राज्य कार्यपालक सहायक संघ के आह्वान पर आगामी आंदोलन की तैयारी को लेकर रविवार को राजेंद्र बाल उद्यान परिसर में कार्यपालक सहायकों की बैठक भूपेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कार्यपालक सहायकों की लंबित मांगों, सभी विभागों में स्थानांतरण का लाभ देने तथा अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि मांगों के समर्थन में आंदोलन को प्रभावी बनाने के लिए सभी कार्यपालक सहायकों की एकजुटता जरूरी है। आंदोलन की रणनीति और तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। आंदोलन की तैयारी एवं संचालन के लिए सर्वसम्मति से कमेटी गठित की गई। इसमें विजय कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, धनंजय कुमार एवं दुर्गेश कुमार को कार्यकारी सचिव, अमित कुमार को कोषाध्यक्ष तथा दीपक कुमार और अम्बुज पांडे को मीडिया प्रभारी बनाया गया।

# नगर पंचायत की सामान्य बैठक आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में मुख्य पार्षद मिरीख दरखशा की अध्यक्षता में नपं की सामान्य बैठक आयोजित की गई। संचालन वार्ड पार्षद सुबोध कुमार ने किया।बैठक में नगर पंचायत दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस देने, टैक्स बकायेदारों से शिविर लगाकर राशि जमा कराने तथा विभागीय आदेशानुसार टैक्स निर्धारण हेतू पथों के वर्गीकरण पर पुनर्विचार करने हेतू विचार विमर्श किया नाजनीनगया। विचारोपरांत सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावे मुख्य पार्षद द्वारा लगभग छः करोड़ रुपए की लागत से कार्यान्वित होने वाली साठ योजनाओं की सूची प्रशासनिक स्वीकृति के साथ कार्यपालक पदाधिकारी को उपलब्ध कराई गई। साथ ही प्रत्येक वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर दो दो योजनाओं का कार्यान्वयन विभागीय कराने का आदेश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया। पूरी बैठक की वीडियोग्राफी भी कराई गई। वार्ड पार्षद नूरुल होंडा खान, उमेश रजक, गुलाम रसूल, राजेश गुप्ता, मदन चौधरी, रविंद्र प्रसाद, इंदु कुमारी, शाहजहां खातून, पचीया देवी, रीता देवी, राजकुमार मिश्रा, नाजनीन आमना खातून, साबुन प्रवीण, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक ललिता कुमारी, कनीय विद्युत अभियंता मारुतिनंदन प्रियदर्शी उपस्थित रहे।

## रजौली पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**रजौली**। थाना पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के भड़रा गांव से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अपने-अपने घरों में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान राजेंद्र भुइयां और जय कुमार के रूप में हुई है।

# लैपटॉप मिला, प्रशिक्षण नहीं, पार्षदों के घरों में शोपीस बने संसाधन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए राजगीर नगर परिषद के सभापति, उपसभापति और 32 वार्ड पार्षदों को लैपटॉप उपलब्ध कराया गया, लेकिन प्रशिक्षण के अभाव में इसका अपेक्षित उपयोग नहीं हो पा रहा है। कई पार्षदों को लैपटॉप चलाने की बुनियादी जानकारी तक नहीं है। ऐसे में लाखों रुपये के डिजिटल संसाधन घरों में शोपीस बनकर रह गये हैं। नगर परिषद की योजना थी कि पार्षद विकास कार्यों के प्रस्ताव, फंड की मांग, वार्ड की समस्याओं और शिकायतों को ईमेल अथवा सरकारी पोर्टल के माध्यम से भेजेंगे। साथ ही बैठक की सूचना, एजेंडा, नोटिस और पारित प्रस्ताव भी डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराये जाएंगे। लेकिन प्रशिक्षण और नियमित मॉनिटरिंग के अभाव में यह व्यवस्था धरातल पर प्रभावी नहीं हो सकी है। पार्षद महेन्द्र यादव ने बताया कि वे लैपटॉप का उपयोग करते हैं। वहीं डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि लैपटॉप उनके किसी काम का नहीं है और इसे लौटाने की बात कही। अनीता सिन्हा, सुनीता देवी और राजबल्लभ पासवान समेत अन्य पार्षदों ने भी कहा कि लैपटॉप केवल घर की शोभा बनकर रह गया है। जानकारों का कहना है कि लैपटॉप देने के साथ पार्षदों को बुनियादी डिजिटल प्रशिक्षण, ईमेल संचालन, दस्तावेज तैयार करने और सरकारी पोर्टल के इस्तेमाल की जानकारी दी जानी चाहिए थी। इसके अलावा डिजिटल उपयोग की मासिक समीक्षा भी जरूरी है। तभी डिजिटल संसाधन नगर परिषद के कामकाज और जनता की समस्याओं के समाधान में कारगर साबित होंगे।

## बाइक समेत शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। थानाक्षेत्र के हसपुरा-चौराही रोड स्थित उचित विगहा देवी मंदिर के समीप पुलिस ने शराब के साथ एक बाइक जब्त की। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि पुलिस गश्ती दल के देवी मंदिर के पास पहुंचने पर बाइक छोड़कर दो युवक फरार हो गए। बाइक की डिक्की खोलने पर उसमें से 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। फरार युवकों की पहचान रामचन्द्र सिंह के पुत्र मुकेश कुमार एवं स्व. लाल बिहारी पासवान के पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बिहार उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत दोनों युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# वर्षों से महात्मा बुद्धस्थल उपेक्षित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। वर्षों से महात्मा बुद्ध का पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थल उपेक्षा का शिकार है। मामला ओबरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रतनपुर के मनोरा-बाजितपुर गांव की है। इस स्थल पर प्रत्येक वर्ष आर्द्रा नक्षत्र के अवसर पर करीब 15 दिनों तक मेले का आयोजन होता है। मेले में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और लोग पहुंचते हैं। महात्मा बुद्ध के अनुयायियों का भी इस स्थल पर वर्षभर आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थल के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए यहां बुनियादी सुविधाओं के साथ सौंदर्यीकरण और विकास की आवश्यकता है। पंचायत के सरपंच राजश्री शर्मा एवं सरपंच प्रतिनिधि संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि महात्मा बुद्ध स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए तो क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की भी बड़ी संभावना है। ग्रामीण विश्वनाथ सिंह, आनंद कुमार, गिरजानंद मेहता, रामप्रवेश ठाकुर, कइल राम, सुदामा कुमार, अमरेंद्र कुमार, रामरहेश मेहता, राम पुकार पासवान, श्रीकांत कुमार, सुलभ कुमार, धनंजय मालाकार, विकास कुमार, सुनील कुमार, रामबाबू मेहता सहित अन्य लोगों ने बताया कि कई बार वरीय पदाधिकारी स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक न तो स्थल का अपेक्षित सौंदर्यीकरण हो सका है और न ही इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल दिखाई दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि ऐतिहासिक स्थल के महत्व को देखते हुए जल्द विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटन की दिशा में आवश्यक पहल की जाए, ताकि क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित करने के साथ स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से प्रस्ताव की मांग की गई थी। प्रखंड स्तर से संबंधित प्रस्ताव विभाग को भेज दिया गया है।

# प्रखंड परिसरों में लग रहे विशेष रजिस्ट्रेशन कैंप

**16 से 32 हजार रुपये वेतन के साथ मिलेंगे कई सरकारी लाभ**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के लिए भारत की प्रतिष्ठित सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड द्वारा नवादा जिले में बड़े पैमाने पर सीधी बहाली प्रक्रिया शुरू की जा रही है। भर्ती का पहला चरण रजौली अनुमंडल के प्रखंडों में 11 से 18 सितंबर तक आयोजित होगा। इसके बाद जिले के अन्य प्रखंडों में शिविर लगाए जाएंगे। अभियान को सुचारू रूप से संपन्न कराने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अनुमंडल अधिकारी, रजौली ने पत्र जारी कर सभी अंचल अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। बहाली में 10वीं पास या फेल युवाओं के लिए सिक्योरिटी गार्ड तथा 12वीं पास अभ्यर्थियों के लिए सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पद निर्धारित हैं। गार्ड के लिए आयु 18 से 40 वर्ष और ऊंचाई 150 से 170 सेमी, जबकि सुपरवाइजर के लिए आयु 21 से 40 वर्ष और ऊंचाई 170 सेमी से अधिक होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 16,000 से 32,000 रुपये मासिक वेतन के साथ 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, दो बोनस, पदोन्नति, पीएफ, ईएसआईसी, ग्रेच्युटी एवं मेडिकल इंश्योरेंस की सुविधा मिलेगी। बच्चों के लिए आजीवन मुफ्त शिक्षा का प्रावधान तथा भारत सरकार की आईएलआई योजना के तहत 15,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक आयोजित होंगे। रजौली अनुमंडल के तहत 11 सितंबर को अकबरपुर, 12 को गोविंदपुर, 14 को रोह, 15 को मेसकौर, 16 को सिरदला, 17 को रजौली और 18 सितंबर को नरहट में कैंप लगाया जाएगा। इसके बाद 21 से 27 सितंबर तक हिसुआ, काशीचक, कौवाकोल, नारदीगंज, पकरीबरावां, वारिसलीगंज और नवादा प्रखंड में बहाली होगी। बहाली अधिकारी दिनेश कुमार ने युवाओं से समय पर उपस्थित होने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए 8319327946 पर संपर्क किया जा सकता है।

## शिक्षक नेता के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। प्रखंड स्थित अंछा निवासी सेवानिवृत प्रधानाध्यापक, बिहार राज्य बीपीएससी प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक एवं जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के अनुमंडलीय सचिव 61 वर्षीय कमलेश कुमार सिंह का पटना के अपोलो अस्पताल में इलाज के क्रम में निधन हो गया। उनके निधन पर बिहार राज्य बीपीएससी प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार ने कहा कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ प्रधानाध्यापक, सादगी, शालीनता, मधुर व्यवहार व मिलनसार प्रवृत्ति के इंसान थे। उनके निधन से शैक्षणिक जगत व शिक्षक संघ को अपूरणीय क्षति हुई है।

# श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रक्तसेवा के लिए सम्मानित हुए बमेंद्र एवं किरण

**रक्तदान जागरूकता और जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने के अभियान की सराहना**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। पूरे देश में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने एवं जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रहे औरंगाबाद के क्षत्रिय नगर निवासी, पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक-सह-सचिव एवं रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह तथा उनकी पत्नी किरण सिंह को श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में सम्मानित किया गया। अयोध्या में श्रीराम कृष्ण फाउंडेशन की ओर से 12 एवं 13 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव सह सम्मान समारोह में बमेंद्र कुमार सिंह को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में देश के 22 राज्यों से पहुंचे रक्तसेवकों एवं रक्तदाताओं के साथ अयोध्या के स्थानीय रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया। बमेंद्र कुमार सिंह एवं किरण सिंह को रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने, रक्तदान शिविरों के आयोजन तथा जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए सम्मान मिला। सम्मान प्राप्त करने के बाद बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान ऐसी मानवीय सेवा है, जिसका प्रत्यक्ष लाभ जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के रूप में मिलता है। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी किरण का सामाजिक सेवा में पूरा सहयोग रहता है। किरण स्वयं रक्तदानी हैं और अब तक सात बार रक्तदान कर चुकी हैं। बमेंद्र कुमार सिंह ने सम्मान का श्रेय पथ प्रदर्शक से जुड़े सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों को देते हुए कहा कि उनके सहयोग से लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं और जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। बमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पथ प्रदर्शक द्वारा युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 से 'मिशन रक्तदान हिंदुस्तान' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्थानीय संस्थाओं के सहयोग से अब तक देश के 9 राज्यों के 18 शहरों में रक्तदान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। अयोध्या में मिले सम्मान से औरंगाबाद के रक्तसेवा अभियान से जुड़े लोगों में उत्साह है। बमेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में रक्तदान जागरूकता एवं रक्तसेवा के अभियान को देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

# शैक्षणिक भ्रमण पर शाहाबाद क्षेत्र गए विद्यार्थी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। मनार स्थित सरस्वती विद्या पब्लिक स्कूल के 55 बच्चों का दल शैक्षणिक परिभ्रमण पर रविवार को सासाराम एवं भभुआ भेजा गया। वहां बच्चों को पुरातत्व स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा। परिभ्रमण दल को पूर्व मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण कुमार मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर प्राचार्य सुबोध कुमार उपाध्याय एवं निदेशक सुमन सौरभ, ग्रामीण संतु कुमार,मंडल कुमार उपस्थित रहे। सभी ने सुखद यात्रा की

## अपराध नियंत्रण को लेकर चला सघन बाइक जांच अभियान

**हसपुरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा के निर्देश पर हसपुरा थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से हसपुरा-मेहंदिया मुख्य मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व एसआई मो. कलाम आलम ने किया। जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों की गहन जांच की तथा बाइक की डिक्की की भी तलाशी ली। वाहन चालकों से आवश्यक कागजात की जांच की गई और बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को सख्त हिदायत दी गई। एसआई मो. कलाम आलम ने बताया कि अपराध पर अंकुश लगाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाया जाता है।

# परंपरागत लोकगीतों और राष्ट्रभक्ति गीतों का होगा समूह-गान, तैयारियां प्रारंभ

**भारत विकास परिषद अखिल भारतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में जनपद से भेजेगा प्रतिनिधि**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नवादा जिला में परंपरागत लोकगीतों के साथ राष्ट्रभक्ति गीतों का समूह गान प्रतियोगिता होगी। नवादा नगर के काली चौक स्थित अहिबरण पैलेस में दो अक्टूबर को भारत विकास परिषद जिला स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन कराएगा, इसको लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है। नगर के वीआइपी कालोनी में शनिवार की देर रात परिषद सदस्य मनोज कुमार एलआईसी के आवास पर भारत विकास परिषद की बैठक हुई, जिसमें पदाधिकारियों और सदस्यों ने सामूहिक रूप से विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। राष्ट्र की प्राण भारत माता और उनके योद्धा सन्यासी पुत्र स्वामी विवेकानन्द के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पार्पण पश्चात राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का गायन हुआ। भारत विकास परिषद के जिलाध्यक्ष मुन्ना प्रसाद ने कहा कि परिषद की नवादा इकाई अखिल भारतीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में नवादा जनपद से मंझे हुए प्रतिनिधि भेजेगा, जो हमारी लोक संस्कृति का डंका बजाएंगे। सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिलेभर के युवाओं में टीम वर्क, समन्वय और सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है, जबकि कोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आएं प्रतिभागियों के बीच सामाजिक सामंजस्य और राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

**हिन्दी और संस्कृत भाषाओं में गीत गायन की परंपरा को बढ़ावा देना उद्देश्य:**


भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागी हिन्दी और संस्कृत भाषाओं में गीत गायन करेंगे। परिषद के पदाधिकारी रामचन्द्र सोनी ने कहा कि यह हमारी परंपरा को बढाएगा, यही हमारा उद्देश्य है। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारत विकास परिषद भारत की गौरवशाली परंपरा औऱ संस्कृति को बढ़ावा देने में जुटा है, यह प्रेरणादायक कार्य है। उन्होंने 14 प्रखंडों के विद्यालयों और युवाओं तक प्रतियोगिता के उद्देश्य को लक्षित करते हुए सहभागिता बढ़ाने का प्रोत्साहन दिया। बैठक में शिक्षाविद् आर पी साहू, तुलसी दयाल, चिकित्सक समाजसेवी डा. मनोज कुमार बरनवाल, अभय कुमार श्रीवास्तव, अरविंद कुमार गुप्ता, भोला प्रसाद, संदीप कुमार चुन्नू, डा. सुनील कुमार, गोपाल प्रसाद, नित्यानंद प्रसाद, नवीन कुमार, सतीश कुमार, शैलेश कुमार समेत कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# 15 सितंबर को सहयोग शिविर में होगा समस्याओं का समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, औरंगाबाद द्वारा पंचायत स्तर पर "सहयोग शिविर" के आयोजन की तैयारियों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के मार्गदर्शन में 15 सितंबर ( मंगलवार) को निर्धारित पंचायतों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविरों के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इसके माध्यम से आम नागरिकों को शिविर की प्रक्रिया, आवेदन जमा करने की व्यवस्था एवं उपलब्ध सेवाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है, ताकि अधिकाधिक पात्र एवं जरूरतमंद नागरिक इस पहल से लाभान्वित हो सकें। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं, शिकायतों अथवा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़े मामलों के संबंध में शिविर से पूर्व ही पंचायत सरकार भवन में अपना आवेदन जमा करें, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके तथा शिविर के दौरान उनके मामलों के निष्पादन की प्रक्रिया को त्वरित एवं प्रभावी बनाया जा सके। "सहयोग शिविर" का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की शिकायतों की सुलभ प्राप्ति एवं उनके त्वरित, पारदर्शी तथा प्रभावी समाधान को सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में कम-से-कम 30 दिन पूर्व से आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि प्राप्त आवेदनों का पूर्व परीक्षण कर निष्पादन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक शिविर हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं सहयोगी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को शिविर के सफल संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी क्रम में 15 सितंबर को आयोजित होने वाले पंचायतवार "सहयोग शिविर" के अंतर्गत कुटुम्बा प्रखंड के रिसियप एवं भरौंधा, पंचायत, औरंगाबाद प्रखंड के पोखराहां पंचायत, बारूण प्रखंड के पिपरा एवं धनगाई पंचायत, देव प्रखंड के हसौली एवं पवई पंचायत, मदनपुर प्रखंड के पिपरौरा एवं वार पंचायत, रफीगंज प्रखंड के पौथु एवं इटार, नवीनगर प्रखंड के महुआंव एवं अंकोराह पंचायत, ओबरा प्रखंड के तेजपुरा एवं डिहरा पंचायत, दाउदनगर प्रखंड के शमशेर नगर एवं अरई पंचायत, गोह प्रखंड हथियारा एवं बनतारा पंचायत तथा हसपुरा प्रखंड पिरु पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों का आयोजन सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुखी तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिकों को इस पहल का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करें तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# आज से शुरू होगा 11 दिवसीय गणेश उत्सव




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। सोमवार से 11 दिवसीय गणेश उत्सव शहर के धर्मशाला चौकी स्थित गणेश मंदिर के प्रांगण में शुरू होगा। गणेश उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्सुकता दिखाई दे रही है। गणेश सेवा समिति द्वारा गणेश मंदिर से लेकर आसपास के सड़के एवं गलियारों को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। शाम होते ही रंग बिरंगी लाइटे आकर्षण का केंद्र बन रहा है। सोमवार की आले सुबह से ही गणपति बप्पा का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसको लेकर गणेश सेवा समिति के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह एवं अन्य सदस्यों द्वारा विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा कायम करने को लेकर तमाम तैयारियां कर ली गई है। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा भी सहयोग रहती है। पहले दिन संध्या महा आरती में पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा के अलावे अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल होंगे।

# यूजीसी इक्विटी कानून की विसंगतियों पर परिचर्चा, वापसी की मांग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। औरंगाबाद नगर स्थित कुंडा हाउस के प्रांगण में रविवार को यूजीसी इक्विटी कानून, एससी-एसटी आरक्षण तथा दलित उत्पीड़न निरोधक अधिनियम की कथित विसंगतियों को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में वक्ताओं ने संबंधित प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचारों का आदान-प्रदान किया। वक्ताओं ने कहा कि इन प्रावधानों के कारण समाज में विभाजन और असमानता की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। उन्होंने केंद्र सरकार से ऐसे प्रावधानों की समीक्षा करते हुए उन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कानून के कुछ प्रावधान समाज में वैमनस्य पैदा करने वाले तथा अन्यायपूर्ण हैं और इनके दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। परिचर्चा में रामकेवल सिंह, अंकित पांडे, अनिल सिंह, रूद्र सिंह, विजय सिंह सतवत, राजेंद्र सिंह मलिक, सुनील सिंह, प्रमोद सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि समानता और सामाजिक समरसता के उद्देश्य से कानूनों की समीक्षा जरूरी है, ताकि किसी भी वर्ग के साथ अन्याय न हो। परिचर्चा में आंदोलन को आगे भी अहिंसात्मक तरीके से जारी रखने का निर्णय लिया गया। सवर्ण संघर्ष समिति की ओर से बताया गया कि इस आंदोलन को गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर से पुनः शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार सिंह ने किया।

# बस स्टैंड निर्माण कार्य में तेजी लाने का डीएम ने दिया निर्देश

## निरीक्षण के दौरान डीएम ने गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं नियमित मॉनिटरिंग पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने रविवार को दिल्ली मोड़ स्थित बस स्टैंड परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन सहित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बस स्टैंड परिसर में प्रस्तावित प्लेटफार्म निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों की सुविधा, बसों के सुचारु आवागमन तथा परिसर के समुचित उपयोग को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बस स्टैंड परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं को कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बुडको के परियोजना निदेशक को बस स्टैंड के निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए इसे यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा कार्य की प्रगति की सतत समीक्षा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मदारपुर स्थित होली क्रॉस स्कूल के समीप निर्माणाधीन नाला कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने नाला निर्माण की प्रगति, कार्य की गुणवत्ता एवं स्थल की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक, बुडको को नाला निर्माण कार्य सहित सभी संबंधित कार्यों को भी तीव्र गति से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं से जुड़े निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक, बुडको, उप नगर आयुक्त जयचंद्र अकेला संबंधित अभियंता गण, संवेदक के प्रतिनिधिगण तथा संबंधित विभागों के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## नाबालिग अपहृता बेंगलुरु से बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग को पुलिस ने कर्नाटक से सकुशल बरामद कर लिया है। वहीं इस मामले में प्राथमिकी नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना कांड संख्या 106/26 मामले में पुलिस टीम ने अपहृता नाबालिग को हुलिमावु थाना, बेंगलुरु, कर्नाटक से सकुशल बरामद कर भगवानपुर थाना लाया।इस मामले में प्राथमिकी नामजद अभियुक्त थाना क्षेत्र के चेरिया निवासी नक्षत्र पासवान का 20 वर्षीय अंकित कुमार को गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त मामले में जरूरी कार्रवाई की जा रही है वहीं गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई बनी शोभा की वस्तु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन तथा राज्य सरकार की लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत गांवों को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने का सपना अधूरा नजर आ रहा है। प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां (डब्ल्यूपीयू) आज तक पूरी तरह संचालित नहीं हो सकी हैं। परिणामस्वरूप ये भवन उपयोग के बजाय केवल शोभा की वस्तु बनकर रह गए हैं। जानकारी के अनुसार प्रत्येक पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कचरा संग्रहण केंद्र, प्रसंस्करण शेड, कचरा ढोने के लिए रिक्शा-ठेला, डस्टबिन तथा स्वच्छता कर्मियों की व्यवस्था की गई थी। योजना का उद्देश्य घर-घर से कचरा संग्रहित कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण तथा जैविक खाद का निर्माण करना था। लेकिन अधिकांश पंचायतों में न तो नियमित रूप से कचरा संग्रहण हो रहा है और न ही अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों में खाद निर्माण का कार्य शुरू हो पाया है। इधर जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय ने टूटे पड़े ठेले की मरम्मति, डस्टबिन नया खरीदने की बात भी कही थी।ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों में लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए भवन बंद पड़े हैं। कई स्थानों पर परिसर में झाड़ियां उग आई हैं, जबकि कुछ जगहों पर भवनों का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा रहा है। कहीं कहीं बने इकाई के छप्पर आंधी में उड़ चुके हैं। इससे सरकारी राशि के सदुपयोग पर भी सवाल उठ रहे हैं। गांव के कचरे सड़कों के किनारे यत्र तत्र फेंके जा रहे हैं, जिससे वातावरण दूषित होता दिख रहा है एवं पर्यावरण पर इसका असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि योजना के क्रियान्वयन में निगरानी की कमी के कारण स्वच्छता अभियान अपेक्षित परिणाम नहीं दे पा रहा है। यदि अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों को नियमित रूप से संचालित किया जाए तो गांवों की सफाई व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ जैविक खाद उत्पादन से पंचायतों को आय भी प्राप्त हो सकती है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन ने बताया कि जल्द ही इस इकाई पर काम शुरू हो जाएगा। सरकार भी इस महत्वाकांक्षी योजना के प्रति कटिबद्ध हैं।

## एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए किसानों की जमीन औने-पौने दाम में लेने का आरोप

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** माकपा लोकल कमेटी की बैठक रविवार को रजाकपुर में रामनरेश प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हुई, जिसमें भूमि अधिकार, महंगाई, बेरोजगारी और बाढ़ की समस्याओं पर चर्चा की गई। पूर्व नगर विधायक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के नाम पर किसानों की जमीन औने-पौने दाम में लेने का प्रयास हो रहा है। इसके विरोध में 30 सितंबर को दरभंगा में भूमि अधिकार कन्वेंशन में भाग लेने की अपील की। उन्होंने पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि से आम बजट बिगड़ने, बाढ़ राहत में अनियमितता, सामुदायिक रसोई में गड़बड़ी और बूढ़ी गंडक के जर्जर उत्तरी तटबंध पर चिंता जताते हुए तत्काल मरम्मत की मांग की। जिला सचिव रत्नेश झा ने शाखा बैठकों को नियमित करने पर जोर दिया। मौके पर कामेश्वर झा, नवल किशोर राय, राम बालक सहनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूडाईस पोर्टल से वंचित छात्रों की होगी फ्रेश इंट्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के आलोक में जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 2 से 12 तक के छूटे हुए विद्यार्थियों का यूडाईस पोर्टल के स्टूडेंट मॉड्यूल पर प्रोफाइल बनाया जाएगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अभियान) कुमार अनुभव ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीइ एमसी, डाटा इंट्री ऑपरेटर और सभी कोटि के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किया है। इसमें पूर्व वर्षों में छूटे हुए, ड्रॉपआउट के बाद पुनः नामांकित और नए स्कूल में नामांकित छात्र शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि पहले ग्लोबल सर्च में नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि या आधार से जांच करें कि पूर्व प्रोफाइल तो नहीं है। यदि प्रोफाइल ड्रॉपबॉक्स में या दूसरे स्कूल में है तो रीलिज/ ट्रान्सफर/ इम्पोर्टेस करें। नहीं मिलने पर फॉर्म -एस ओ 2 भरकर एडमिशन रजिस्टर की सत्यापित प्रति, जन्म प्रमाण पत्र, टी सी/ एस एल सी के साथ बीईओ को जमा करें। डुप्लीकेट प्रोफाइल नहीं बनाएं, बिना प्रमाण दस्तावेज में बदलाव नहीं करें। सभी पात्र छात्र का यू डाइस पोर्टल पर दर्ज हों, यह सुनिश्चित करें। 25 सितंबर 2026 तक फ्रेश एंट्री और अपार आई डी जेनरेशन का कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया है।

## कभी भी ढह सकता है जुड़ाही गांव का पुल

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मदनपुर प्रखंड के जुड़ाही गांव स्थित पुल ढह सकता है। यह पुल काफी जर्जर हो गई है, जिसके कारण बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता है, यह पुल काफी पुराना है। चुकी आवागमन को लेकर यह पुल हर लिहाज से काफी व्यस्था है। अहम पहलू यह है कि वह पुल से जुड़ाही, बंगरे सीमा समेत कई पंचायतों को जोड़ती है, किंतु दिनों दिन भारी वाहन रखरखाव की कमी के कारण पुल की स्थिति दयनीय हो गई है। अभी बारिश के दिनों में पुल पर पानी भर जाता है, जिसके कारण कभी घटना घट सकती है। बारिश हो जाने के बाद पुल की स्थिति गंभीर हो जाती है और इसी पुल से भारी वाहनों का आवागमन होते रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पंचायत को जोड़ने की लिहाज से यह पुल काफी महत्वपूर्ण है।

# दिव्यांगों के लिए विशेष रोजगार शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत जिला नियोजनालय द्वारा दिव्यांगजनों को स्व-रोजगार एवं रोजगार अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें रोजगार के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से 'निःशक्त जनों के लिए नियोजन सहायता' योजना के तहत विशेष रोजगार-सह-मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष जॉब कैंप आगामी 17 सितंबर को संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई कैंपस, पन्हास में आयोजित होगा। इस रोजगार-सह-मार्गदर्शन शिविर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित संस्था यूथ फॉर जॉब फाउंडेशन द्वारा विभिन्न पदों पर दिव्यांगजनों के नियोजन के लिए सहभागिता की जाएगी। शिविर में एसोसिएट हाउसकीपिंग, टेलीकॉलिंग एक्जीक्यूटिव, सेलर फीडबैक एक्जीक्यूटिव, कस्टमर कॉलिंग एक्जीक्यूटिव, सेल्समैन, पंप अटेंडेंट, डेटा एंट्री ऑपरेटर, वैन डिलीवरी एक्जीक्यूटिव एवं प्रोडक्ट पिकर सहित विभिन्न पदों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। इन पदों के लिए आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पद के अनुसार 10वीं अथवा 12वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों के लिए बेसिक कंप्यूटर ज्ञान एवं अच्छे संवाद कौशल को भी आवश्यक योग्यता में शामिल किया गया है। आवेदकों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। विभिन्न पदों के लिए वेतनमान 8,000 रुपये से 16,000 रुपये प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है। जिला नियोजनालय द्वारा इच्छुक एवं योग्य दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे इस रोजगार-सह-मार्गदर्शन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर उपलब्ध रोजगार अवसरों का लाभ उठाएं। शिविर में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदकों का नेशनल करियर सर्विस पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा के साथ 17 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक जिला नियोजनालय, बेगूसराय, संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई कैंपस, पन्हास में उपस्थित होना होगा। जिला नियोजनालय ने दिव्यांगजनों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित होने की अपील की है।

## सूर्य मंदिर में सो रहे दिव्यांग को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के डीह पंचायत के वार्ड संख्या 10 मुजफ्फरा गांव के इमली घाट स्थित सूर्य मंदिर पर सो रहे दिव्यांग युवक को शनिवार देर रात मुंह में गोली मार कर अपराधियों ने घायल कर दिया। घायल अवस्था में ग्रामीण एवं परिजनों के द्वारा युवक को बेगूसराय के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां युवक की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घायलों की पहचान स्वर्गीय देवेंद्र सहनी के करीब 19 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार के रूप में हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बेगूसराय सदर डीएसपी 2 कुमारी दुर्गा शक्ति और वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घायल युवकों के परिजनों से मुलाकात कर घटना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली। घटना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि ये घटना प्रथम दृष्टया आपसी रंजिश की लग रही है वहीं एक अपराधियों की पहचान की गई है जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। वहीं इस घटना के बाद घायल युवकों के मां रेखा देवी समेत परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं इस घटना से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं कुछ लोग पुलिस के कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं।

# डिवाइडर से टकरा कर पलटी कार, चालक व महिला जख्मी

## सिक्सलेन सोन नदी पुल पर बड़ा हादसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोईलवर (भोजपुर)।** कोईलवर थाना क्षेत्र स्थित सिक्सलेन सड़क सोन नदी पुल पर रविवार शाम को आरा की ओर से पटना तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उसमें सवार चालक व एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सूत्रों के अनुसार जख्मी युवक की पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी आलोक ओझा के रूप में हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए दोनों जख्मियों को इलाज के लिए बिहटा स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला को प्राथमिक उपचार के बाद होश आ गया, वहीं चालक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे बिहटा से बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। इस घटना के सूचना मिलते ही कोईलवर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार मंडल दारोगा जितेन्द्र तिवारी मौके पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर थाना ले आए। साथ ही सड़क पर बिखरे मोबाइल व अन्य सामानों को भी जब्त किया गया है। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के कारण कार डिवाइडर से टकरा कर तीन-चार बार पलटी, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## सारण में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सारण जिले के रसूलपुर थाना क्षेत्र में चंवर में मवेशी चराने गए एक युवक की उच्च क्षमता विद्युत तार की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अतरसन गांव निवासी स्व अरबिंद सिंह का पुत्र अर्जुन सिंह(22) अपने घर के मवेशी को लेकर चंवर में चराने गया था। जहां उच्च क्षमता विद्युत तार की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# मुफस्सिल पत्रकार मंच की बैठक में संगठन का विस्तार

## सर्वसम्मति से कमर आलम अध्यक्ष व जसीमउद्दीन बनाए गए सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** मुफस्सिल पत्रकार मंच अररिया, मुफस्सिल पत्रकार मंच अररिया की एक बैठक रविवार को एवरग्रीन होटल में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मंच का पुनर्गठन किया गया। मंच का संरक्षक वरीय पत्रकार परवेज़ आलम और फिरोज आलम को बनाया गया, जबकि मंच का अध्यक्ष कमर आलम और सचिव जसीम उद्दीन को पुनः सर्वसम्मति से बनाया गया। जबकि उपाध्यक्ष के रूप में मो अलाउद्दीन खान, मुश्ताक सिद्दीकी और जुबैर आलम और संयुक्त सचिव के रूप में हम्माद हैदर, शामशाद बागी और रजी अनवर का चयन किया गया। वहीं प्रवक्ता के रूप में फैसल कलीम, कार्यालय सचिव आमिर रेजा और कोषाध्यक्ष मो सलीम को बनाया गया। बैठक में संरक्षक परवेज़ आलम ने बताया कि जल्द ही मंच का रजिस्ट्रेशन करा लिया जाएगा, साथ ही मंच की मजबूती और आगामी योजना पर भी सदस्यों ने अपना अपना सुझाव दिया, जबकि कार्यकारिणी सदस्य में अब्दुल गनी लबीब, अब्दुल कैयूम, साजिद आलम परवेज़ आलम को बनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईमैक्स मोबाइल के प्रोपराइटर अब्दुर रहमान ने सहयोग किया। इसके लिए मंच उनका दिल से धन्यवाद करता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीएम मोदी के दूरदर्शी...

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा और आतंकवाद के सभी रूपों एवं तरीकों के विरूद्ध कार्रवाई की प्रतिबद्धता आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का महत्वपूर्ण संदेश है। आतंकवाद की फंडिंग, आतंकवादियों की सीमा-पार आवाजाही और उन्हें सुरक्षित पनाहगाह उपलब्ध कराने वालों के विरूद्ध निर्णायक कार्रवाई आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में बढ़ती अनिश्चितता के बीच नियम आधारित, खुली और निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था समय की आवश्यकता है। ब्रिक्स देशों द्वारा वैश्विक व्यापार में कमी, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और एकतरफा प्रतिबंधों को लेकर व्यक्त चिंता तथा डब्लूटीओ में सुधार की आवश्यकता पर जोर महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि युद्ध और संघर्षों का समाधान संवाद एवं कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए। परमाणु खतरे को कम करने और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सभी देशों को मिलकर प्रयास करना होगा। अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीक के शांतिपूर्ण उपयोग तथा अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ रोकने की प्रतिबद्धता भी मानवता के सुरक्षित भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआइ, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, क्वांटम तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग भविष्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा। भारत की तकनीकी क्षमता और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अनुभव से विकासशील देशों को व्यापक लाभ मिल सकता है। उन्होंने कहा कि सतत् विकास और गरीबी उन्मूलन वैश्विक प्राथमिकताएं हैं। नवीकरणीय ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और हाइड्रोजन सहित विभिन्न ऊर्जा स्रोतों के मायम से ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा न्यायपूर्ण ऊर्जा संक्रमण की दिशा में सहयोग आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का बढ़ता प्रभाव प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत ने दुनिया के सामने शांति, सहयोग, विकास और न्यायपूर्ण वैश्विक व्यवस्था का स्पष्ट दृष्टिकोण रखा है। यह भारत के बढ़ते सामर्थ्य, नेतृत्व और विश्व के प्रति उसकी जिम्मेदार भूमिका का प्रमाण है।

# गौ सेवा सम्मान अभियान को लेकर संतों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत 10 सितंबर को संतों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भेंट कर गौहत्या पर कठोर कानून, तस्करी पर रोक, हर जिले में सुदृढ़ गोशाला, चारा-चिकित्सा सुविधा और गो-आधारित जैविक कृषि को बढ़ावा देने की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इसी क्रम में बिहार प्रभारी साध्वी निष्ठा गोपाल सरस्वती का तीन दिवसीय बेगूसराय प्रवास हुआ। उन्होंने बछवाड़ा के गीताधाम में महंत आत्माराम दास, बीहट के बड़ी माता मंदिर में मातृशक्ति, बड़ी एघु, गढ़पुरा में नौ पंचायतें, मटिहानी, बारो में बैठकें कर पंचायत स्तर तक टीम गठन और हस्ताक्षर अभियान तेज करने की रणनीति बनाई। चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, मीडिया कर्मियों को दायित्व सौंपे गए।

# अपराध नियंत्रण को लेकर दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बड़हरा (भोजपुर)।** बड़हरा थाना परिसर में रविवार को थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी के नेतृत्व में सभी चौकीदारों का साप्ताहिक चौकीदारी परेड कराया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने चौकीदारों को अपराध एवं अवैध शराब तस्करी पर रोक लगाने, फरार वारंटियों एवं सक्रिय अपराधियों पर निगरानी रखने, ड्यूटी में अनुशासन बनाए रखने, आगामी त्यौहारों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने, थाना के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान करने एवं जमीनी स्तर पर खुफिया जानकारी एकत्रित कर पुलिस को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष चुनमुन कुमारी ने कहा कि सभी चौकीदार अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अविलंब थाना को दें, ताकि समय रहते अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।उस दौरान थानाध्यक्ष के साथ आधा दर्जन चौकीदार उपस्थित हुए थे।

# साईं की रसोई ने सिहमा में लगाया स्वास्थ्य शिविर

## दो सौ मरीजों की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सामाजिक संस्था साईं की रसोई द्वारा रविवार को नगर निगम के बाढ़ प्रभावित वार्ड 18 सिहमा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें 200 से अधिक महिला-पुरुष, बुजुर्ग व बच्चों की जांच कर मुफ्त दवाइयां दी गईं।शिविर का उद्घाटन पार्षद नीलम देवी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.एन. राय और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बुलबुल ने किया। शिविर में डॉ. पी.एन. राय, डॉ. बुलबुल और क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ. आशुतोष ने जलजनित, त्वचा संक्रमण व मौसमी बीमारियों की जांच की। पार्षद नीलम देवी ने इसे मानव सेवा की अनुकरणीय मिसाल बताया। डॉ. पी.एन. राय ने बच्चों में संक्रमण को लेकर सतर्कता की सलाह दी, वहीं डॉ. बुलबुल ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। दिनकर अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अभिषेक शर्मा व एनएसएस नोडल डॉ. सुमन कुमारी ने युवाओं की भागीदारी को सराहा। दवाओं में आर.डी. फार्मा के दीपक जायसवाल और फार्मा लिंक के अमितेश जायसवाल का सहयोग रहा। आयोजन में नितेश रंजन, पंकज कुमार सहित साईं की रसोई की पूरी टीम व छात्र वॉलंटियर्स सक्रिय रहे।

# सुंदरगंज पशु चिकित्सालय का हाल बेहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के बारूण प्रखंड के सुंदरगंज में लाखों रुपये की लागत से निर्मित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन वर्षों बाद भी अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए इस अस्पताल में आज तक नियमित चिकित्सा सेवा शुरू नहीं हो सकी है। वहीं भवन उपयोग के अभाव में बदहाल होता जा रहा है और परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। अस्पताल भवन के चारों ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। अस्पताल तक जाने वाला रास्ता भी घास और झाड़ियों से पट गया है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। परिसर में नशीले पदार्थों के खाली रैपर, शराब की बोतलें और अन्य कचरा बिखरा पड़ा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे आसपास के लोगों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। बताया कि पशुपालकों की सुविधा के लिए वर्षों पहले आधुनिक पशु चिकित्सालय भवन बनाया गया, लेकिन आज तक इसमें इलाज शुरू नहीं हो सका। शिकायत के बाद उप विकास आयुक्त ने पशुपालन विभाग और भवन निर्माण विभाग को संयुक्त जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।

# 50 किमी की रेल लाइफलाइन ने बदली मिजोरम की तस्वीर

## एक साल में 15 लाख से अधिक यात्रियों ने किया सफर, 2500 से ज्यादा माल वैगन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मिजोरम की राजधानी आइजोल के निकट सैरांग तक पहुंचने वाली बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन ने अपने संचालन का एक वर्ष पूरा कर लिया है। 51.38 किलोमीटर लंबी इस रेल लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 सितंबर 2025 को किया था। इसके शुरू होने से मिजोरम को देश के प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क मिलने के साथ यात्री परिवहन, पर्यटन, व्यापार और माल ढुलाई को नई गति मिली है।

बैराबी-सैरांग रेल परियोजना को दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। रेल लाइन में 153 पुल हैं, जिनमें



55 बड़े और 88 छोटे पुल शामिल हैं। छह पुल 70 मीटर से अधिक ऊंचे हैं। इनमें सबसे ऊंचा पुल 114 मीटर का है। इसके अलावा करीब 16 किलोमीटर लंबी 45 सुरंगें भी इस रेल मार्ग का हिस्सा हैं। इस मार्ग पर होर्टोकी, कानपुई, मुआलखांग और सैरांग स्टेशन बनाए गए हैं। एक वर्ष में इस रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों ने 1100 से अधिक फेरे पूरे किए हैं और 15 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा की है। सैरांग से गुवाहाटी, कोलकाता और आनंद विहार के लिए लंबी दूरी की ट्रेन सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा सैरांग-सिलचर यात्री ट्रेन सेवा भी जनवरी 2026 में शुरू की गई। यात्रियों की अधिक मांग के कारण कई ट्रेनों में औसत क्षमता से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। इन सेवाओं से रेलवे को करीब 54 करोड़ रुपये की टिकट आय हुई है। सैरांग स्टेशन पर एक वर्ष में 5.54 लाख से अधिक यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई है।

**माल ढुलाई में भी बड़ा बदलाव**

रेल संपर्क शुरू होने के बाद मिजोरम में माल परिवहन की तस्वीर भी बदली है। 14 सितंबर 2025 को पहली मालगाड़ी 26 हजार से अधिक बोरी सीमेंट लेकर सैरांग पहुंची थी। दिसंबर 2025 में 119 मारुति कारों की पहली खेप भी रेल मार्ग से सैरांग पहुंची। एक वर्ष में सैरांग में 2500 से अधिक माल वैगन पहुंच चुके हैं। इनमें करीब 70 प्रतिशत निर्माण सामग्री से संबंधित थे। चावल, उर्वरक और ऑटोमोबाइल की खेप भी रेल मार्ग से पहुंचाई गई।

**पर्यटन और स्थानीय कारोबार को मिला लाभ**

रेल संपर्क से मिजोरम में पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। रेलवे शुरू होने के बाद राज्य में पर्यटन में 86 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज होने का दावा किया गया है। इससे होटल, होमस्टे, रेस्तरां, टैक्सी, स्थानीय बाजार और अन्य छोटे कारोबारों को लाभ मिला है। छात्रों के लिए भी देश के अन्य हिस्सों में विश्वविद्यालयों, प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंच आसान हुई है। स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में भी रेलवे की भूमिका बढ़ी है। सितंबर 2025 में सैरांग से एंथुरियम फूलों की पहली खेप रेल के पार्सल वैन से दिल्ली भेजी गई थी। इस तरह बैराबी-सैरांग रेल लाइन मिजोरम के लिए परिवहन सुविधा के साथ-साथ व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसरों का माध्यम बन रही है।

# विद्यार्थियों का भविष्य संवारना शिक्षकों की जिम्मेदारी : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ नौकरी करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का भविष्य और समाज का निर्माण करना है। शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता जीवनभर का होता है। इसलिए शिक्षकों को अपने आचरण और जिम्मेदारी का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। राज्यपाल ज्ञान भवन, पटना के बापू सभागार में राज्य के नवसृजित 211 डिग्री महाविद्यालयों में नवनियुक्त सहायक प्राध्यापकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि एक महीने के भीतर लगभग 2400 शिक्षकों की नियुक्ति पूरी करना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस काम के लिए बिहार लोक भवन, उच्च शिक्षा विभाग और पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति प्रक्रिया से देशभर में बिहार की एक सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। इससे यह संदेश गया है कि अच्छी योजना, टीमवर्क और मेहनत से बड़े काम भी कम समय में पूरे किए जा सकते हैं। राज्यपाल ने शिक्षकों से कहा कि वे खुद को संविदाकर्मी न समझें, बल्कि इसे अपने करियर की एक नई शुरुआत मानें। उन्होंने कहा, छोटी शुरुआत, बड़े ख्वालात के साथ ईमानदारी से काम करने पर आगे बढ़ने के कई मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक को खुद भी लगातार पढ़ते और सीखते रहना चाहिए। विद्यार्थियों के सवालों से सीखना, रिसर्च करना और अपने ज्ञान को लगातार बढ़ाना एक अच्छे शिक्षक की पहचान है। राज्यपाल ने नवनियुक्त शिक्षकों से ग्रामीण इलाकों में बने नए कलेजों में जाकर पूरी जिम्मेदारी से पढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बिहार की असली तरक्की तभी होगी, जब छोटे शहरों, प्रखंडों और गाँवों के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के कुलपति प्रो पी के वाजपेयी, पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विवेकानंद सिंह, उच्च शिक्षा निदेशक प्रो एन के अग्रवाल, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो आर बी सिंह, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो बी के त्रिपाठी, बिहार लोक भवन एवं उच्च शिक्षा विभाग के आधिकारिगण तथा नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध लॉटरी टिकटों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकटों की खेप बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने अंतर-जिला लॉटरी तस्करी गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस सम्बन्ध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिनव परासर ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 11.09.2026 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अररिया की ओर से आ रही एक सवारी बस में भारी मात्रा में अवैध लॉटरी टिकट लाई जा रही हैं। सूचना में यह भी स्पष्ट था कि बस का खलासी, ललटु कुमार यादव, इस तस्करी में शामिल है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम ने शिशाबाड़ी के पास सघन वाहन जाँच अभियान शुरू किया। जाँच के दौरान उक्त बस को रुकने का इशारा करने पर एक व्यक्ति बस से उतरकर भागने लगा। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़कर पकड़ लिया। गिरफ्तार खलासी ललटु कुमार ने पूछ-ताछ में बताया कि यह लॉटरी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार से लाई गई थी, जिसे सिमराही बस स्टैंड के किरानी, दर्शन कुमार ने पूर्णिया भेजने के लिए बस में लोड करवाया था। इस खेप को पूर्णिया बस स्टैंड के पास मिथुन कुमार पासवान नाम के व्यक्ति को सौंपा जाना था। ललटु की निशानदेही पर पुलिस ने तत्काल पूर्णिया बस स्टैंड पर जाल बिछाया और लॉटरी की डिलीवरी लेने आए मिथुन कुमार पासवान को धर दबोचा। आरोपी मिथुन ने स्वीकार किया है कि वह पूर्णिया और आसपास के विभिन्न इलाकों में अवैध लॉटरी की बिक्री और उसका नेटवर्क संचालित करता है। पुलिस ने बरामद लॉटरी टिकटों, मोबाइल फोन और बस को जब्त कर लिया है। इस गिरोह के मुख्य सरगना और सिमराही बस स्टैंड के किरानी दर्शन कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं प्राप्त कार्टन की जाँच में कुल 1,02,920 पीस लॉटरी बरामद हुई। जिसकी प्रति पीस प्रिंटेड रेट 6 रुपये है, यानी कुल अनुमानित मूल्य लगभग 6 लाख 17 हजार रुपये है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के पंद्रह प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। तटबंधों की सुरक्षा के साथ साथ प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है।



भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने रविवार को यहां बताया कि गंगा एवं कोसी में आई बाढ़ से जिले के 15 प्रखंडों के 114 पंचायतों एवं 456 गांवों की कुल 2 लाख 10 हजार 219 परिवारों की लगभग 9 लाख 15 हजार 781 आबादी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में अब तक 73 हजार 90 परिवारों को सहायता प्रदान की गई है और 24 हजार 812 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। जबकि क्षेत्र में 123 नावों के माध्यम से राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं। श्रीमती पांडेय ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री के वितरण के तहत 24,899 पॉलीथीन शीट, 944.43 क्विंटल पशु चारा, 2 ड्राइ फूड पैकेट तथा अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु 114 मेडिकल टीमों की तैनाती की गई है, जिनके माध्यम से अब तक 41 हजार 826 लोगों का उपचार किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई (कम्युनिटी किचन) का संचालन भी किया जा रहा है। वर्तमान में 337 सामुदायिक रसोई केंद्रों के माध्यम से लगभग 37 लाख 8 हजार 315 लोगों को तैयार भोजन उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त 7 राहत शिविरों में 8,555 लोगों का पंजीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा प्रभावित परिवारों तक समयबद्ध तरीके से सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। यदि किसी पदाधिकारी या कर्मी द्वारा आदेश की अवहेलना की जाएगी तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। श्रीमती पांडेय ने कहा कि जिला प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर सतत निगरानी रखे हुए है और आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन एवं स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

## प्रभारी मंत्री ने बाढ़ राहत शिविरों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** राज्य के नगर विकास एवं जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा ने आज जिले के विभिन्न प्रखंडों में आई आपदा एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति तथा जिला प्रशासन द्वारा संचालित राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। प्रभारी मंत्री प्रखंडों के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए संचालित राहत शिविरों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और प्रभावित लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। उनके साथ कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) विकास कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार एवं जिला जदयू अध्यक्ष विवेका गुप्ता थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले के बारारी, पॉलिटेक्निक कॉलेज तथा नाथनगर के सीटीएस स्थित राहत शिविरों में जाकर प्रभावित लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी ली और विशेष रूप से सामुदायिक रसोई के संचालन, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, चिकित्सा एवं दवा की उपलब्धता



तथा आंगनबाड़ी केंद्र के जरिए बच्चों को दूध उपलब्ध कराने की व्यवस्था अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ राहत शिविरों में रह रहे प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। शिविरों में भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य, दवा, स्वच्छता, बच्चों की शिक्षा एवं पोषण सहित सभी आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में आवश्यक वस्तुओं एवं सुविधाओं की उपलब्धता की नियमित समीक्षा की जाए तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जगदीशपुर एवं नाथनगर के अंचल अधिकारियों (सीओ) को भी निर्देश दिया गया कि राहत शिविरों में किसी भी आवश्यक सुविधा की कमी नहीं होनी चाहिए। प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। श्री मिश्रा ने राहत शिविरों में रह रहे बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी एवं सुझाव भी प्राप्त किए। प्रभावित लोगों द्वारा शिविरों में उपलब्ध भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में अपनी जानकारी एवं सुझाव साझा किए गए।

# ऊर्जा सचिव एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के ऊर्जा सचिव एवं बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक अजय यादव ने आज मुजफ्फरपुर जिले में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता, ट्रिपिंग में कमी और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुजफ्फरपुर का भ्रमण किया और विद्युत अवसंरचना का स्थलीय निरीक्षण किया। ऊर्जा सचिव ने बीती रात विश्राम के दौरान ही मुजफ्फरपुर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति एवं ट्रिपिंग की स्थिति की समीक्षा की। खबरा पावर सब-स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवासीय परिसर एवं लगभग 19.96 एकड़ भूमि के समुचित उपयोग एवं विकास



को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता एवं परिचालन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर बल दिया। भिखनपुरा ग्रिड सब-स्टेशन में ग्रिड की कार्यप्रणाली, तकनीकी समस्याओं, ट्रिपिंग एवं विद्युत हानियों को कम करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा ऊर्जा सचिव ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मुशहरी ब्लॉक के माधोपुर पंचायत में स्थापित रूफटॉप सोलर प्लांट का स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ही रामदयालु नगर के सिद्धार्थपुरम कॉलोनी में स्थापित दो दर्जन से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। ऊर्जा सचिव ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत इस आवासीय कॉलोनी में बड़ी संख्या में सोलर पैनल लगाने की पहल को सराहनीय बताते हुए अन्य शहरी क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की सोलर कॉलोनी विकसित करने की दिशा में कार्य करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के करेंट ट्रांसफार्मर लैब का निरीक्षण कर रिपेयर एवं अन्य आवश्यक कार्यों की जानकारी लेने के बाद ऊर्जा सचिव अजय यादव एवं जिलाधिकारी कुमार गौरव (भा.प्र.से.) द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

# 'सेवा संकल्प अभियान' भारत के संकल्प को देगा नई दिशा : डॉ. धर्मशीला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दरभंगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के संदर्भ में आज जिला अतिथि गृह, दरभंगा में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को बिहार से राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने संबोधित किया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की प्रेरणादायी यात्रा रही है। उन्होंने कहा कि




सार्वजनिक जीवन के इतने लंबे कालखंड में प्रधानमंत्री ने देश के सामान्य नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होना केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र समर्पण की उस विचारधारा का उत्सव है, जिसने देश को विकास की नई दिशा प्रदान की है। उनके नेतृत्व में देश ने आत्मनिर्भरता, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा शक्ति, किसान हित, डिजिटल प्रगति, आधारभूत संरचना तथा सुशासन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री के सेवा भाव को जनभागीदारी से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाला यह अभियान प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की उपलब्धियों और सेवा यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ भविष्य के भारत के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का अवसर भी है। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, जिला मिडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, अमरनाथ सिंह, विजय चौधरी, अभयानंद झा, अविनाश कश्यप, ओमप्रकाश सिंह, मीना झा, विकास चौधरी, सुनील चौधरी, संतोष सिंह, राहुल पासवान, मुकेश महासेठ, श्रवण महतो, कुमार गौरव, उदय शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एनएच-28 पर अज्ञात वाहन से कुचलकर दादी-पोता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में रामगढ़वा थाना क्षेत्र के सेमर चौक के समीप रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पांच वर्षीय बालक और उसकी दादी की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दिल्ली-काठमांडू राष्ट्रीय राजमार्ग-28 को जाम कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सिसवनिया गांव निवासी अमित कुमार (5) और उसकी दादी रामझरी देवी (45) के रूप में की गयी है। हादसे में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमित अपनी दादी के साथ अपने पिता, जो चालक हैं, को कुछ सामान पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान सेमर चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-28 पर टायर जलाकर आवागमन बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारी मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने तथा हादसे के लिए जिम्मेदार अज्ञात वाहन और चालक का पता लगाकर गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर रामगढ़वा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाने तथा लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए आवश्यक कार्रवाई कर रही है। एक ही परिवार की दो पीढ़ियों की मौत से सिसवनिया गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत बालक के पिता ने एक ही हादसे में अपनी मां और बेटे को खो दिया।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एक्साइज विभाग पश्चिम बंगाल की उत्तरी दिनाजपुर जिले के सीमा से सटे कटिहार के किरोरा रेलवे फाटक के समय 5 करोड़ के स्मैक की खेप के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए स्मैक की वजह करीब पाँच किलोग्राम के समीप बताई जा रही है जबकि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद बशीर आलम पूर्णिया जिले के बायसी थाना क्षेत्र का बताया जाता है। एक्साइज विभाग ने आगे की कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार आरोपी को बलरामपुर थाना पुलिस को सौंप पूरे मामले की जाँच शुरू कर दी है। एक्साइज सुपरिटेंडेंट सुभाष कुमार सिंह ने बताया कि एक्साइज विभाग को यह कामयाबी तब हाथ लगी जब उत्पाद विभाग की टीम अपने रूटीन गश्ती अभियान पर थी कि इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि बंगाल की ओर से स्मैक की एक बड़ी खेप गुजरने वाली है।

# पाटलिपुत्र जंक्शन पर दानापुर-जोगबनी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना के पाटलिपुत्र जंक्शन पर दानापुर-जोगबनी वंदे भारत एक्सप्रेस का दो मिनट का ठहराव आज से शुरू हो गया है। इससे पाटलिपुत्र और दानापुर क्षेत्र के यात्रियों के साथ-साथ कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लोगों को भी पटना आने-जाने में सुविधा मिलेगी। पूर्णिया, सहरसा और सीमांचल-कोसी क्षेत्र से पटना आने वाले यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। पाटलिपुत्र जंक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव और दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने हरी झंडी दिखाकर

**सुविधा**



दानापुर-जोगबनी वंदे भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। इस अवसर पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पाटलिपुत्र जंक्शन पर वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में वंदे भारत एक्सप्रेस एक नई क्रांति लेकर आई है और यह गर्व की बात है कि पटना से देश के विभिन्न शहरों के लिए वंदे भारत ट्रेनें नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि पाटलिपुत्र जंक्शन पर ट्रेन के ठहराव की क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग थी, जो आज पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस ठहराव से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और समय की भी बचत होगी। वहीं, दीघा विधायक संजीव चौरसिया ने कहा कि पाटलिपुत्र और दानापुर क्षेत्र की जनता के लिए यह सौभाग्य की बात है कि अब वंदे भारत एक्सप्रेस यहां भी रुकेगी। इससे यात्रियों को सीधे कोसी और सीमांचल क्षेत्र की ओर आने-जाने की सुविधा मिलेगी।

# कैमूर में झाड़ियों में मिली सात माह की लावारिस बच्ची

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कैमूर।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के मदरा गांव के पास झाड़ियों में लावारिस अवस्था में पाई गई 07 महीने की एक नवजात बच्ची को जिला प्रशासन के प्रयास से बाल संरक्षण इकाई द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक ने बताया कि उक्त बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ व सुरक्षित है और प्रशासनिक निगरानी में उसका उचित ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति के द्वारा ग्राम मदरा के पास झाड़ियों में इस 07 माह की बच्ची को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया था। स्थानीय ग्रामीण महिला सुनीता देवी ने मानवता का परिचय देते हुए बच्ची को इस दयनीय स्थिति में देखा और तत्काल उसे अपने संरक्षण में लिया। इसके उपरांत सजगता दिखाते हुए मामले की सूचना तुरंत आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112 एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर कॉल करके दी गई। सूचना प्राप्त होते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मी अविलंब मौके पर पहुंचे। संयुक्त टीम के सक्रिय सहयोग से बच्ची का त्वरित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के पश्चात बच्ची को तुरंत आवश्यक चिकित्सीय उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआ में भर्ती कराया गया। अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा बच्ची की गहन स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें बच्ची को पूरी तरह स्वस्थ और खतरे से बाहर (स्वस्थ अवस्था में) बताया गया है।

# ऑटो-पिकअप की टक्कर में युवक की मौत, कई घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद-डाल्टेनगंज मुख्य पथ भैरोपुर-चतरा मोड़ के बीच रविवार की सुबह सवारियों से भरे एक ऑटो को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया जबकि पिकअप सड़क किनारे खेत में जा घुसा। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की चीख-पुकार मच गई। हादसे में फ़ेसर थाना क्षेत्र के बाकन गांव निवासी अरविंद सिंह के पुत्र दीपू कुमार उर्फ दीपक कुमार सिंह की मौत हो गई। वहीं ऑटो पर सवार कई अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर जुटने लगे। जानकारी के अनुसार एक ऑटो अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से कुटुंबा प्रखंड के घेऊरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भैरोपुर और चतरा मोड़ के बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित हो गया। अनियंत्रित पिकअप ने सामने जा रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप सड़क किनारे खेत में जा घुसा। हादसे में ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में घायल दो लोगों का इलाज वाराणसी में चल रहा है। अन्य घायलों का भी अस्पताल में इलाज कराया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक दीपू ही ऑटो चला रहा था। हालांकि इसकी जांच की जा रही है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# हिन्दी केवल भाषा नहीं, हमारी पहचान और संस्कार की अभिव्यक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा, संवेदना और सामाजिक एकता की मजबूत कड़ी है। हिन्दी आज देश की सबसे व्यापक रूप से समझी और बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है। बदलते समय के साथ हिन्दी का स्वरूप भी लगातार विकसित हो रहा है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने हिन्दी को देश की सीमाओं से बाहर भी व्यापक पहचान दिलाई है। ऐसे में हिन्दी को केवल एक दिन तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन, शिक्षा, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्र में इसके अधिकाधिक प्रयोग की जरूरत है।

## राष्ट्रभाषा के प्रति रखें सम्मान : सरिता



एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी की चेयरपर्सन सरिता सिंह ने कहा कि आधुनिक शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी का महत्व अपनी जगह है लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि हिन्दी को पीछे छोड़ दिया जाए। बच्चों और युवाओं को अपनी मातृभाषा और राष्ट्रभाषा के प्रति सम्मान की भावना विकसित करनी होगी। हिन्दी को मजबूत बनाने के लिए विद्यालय स्तर से ही विद्यार्थियों में पढ़ने-लिखने की आदत विकसित करने की जरूरत है।

## हिन्दी हमारी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा : रमेश



शिक्षाविद् रमेश कुमार ने कहा कि हिन्दी हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। किसी भी समाज की पहचान उसकी भाषा और संस्कृति से होती है। विद्यार्थियों को हिन्दी के प्रति गर्व की भावना के साथ दूसरी भाषाओं का भी ज्ञान हासिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाषा किसी दूसरी भाषा की विरोधी नहीं होती, बल्कि सभी भाषाएं ज्ञान के विस्तार का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जरूरत इस बात की है कि हिन्दी को आधुनिक ज्ञान-विज्ञान और तकनीक की भाषा के रूप में भी विकसित किया जाए।

## हिन्दी के प्रसार को मिली नई गति : सतीश



रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन और बुद्धिजीवी सतीश कुमार सिंह ने कहा कि इंटरनेट के दौर में हिन्दी के सामने चुनौतियों के साथ नए अवसर भी पैदा हुए हैं। मोबाइल और सोशल मीडिया ने हिन्दी को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है। आज लोग हिन्दी में समाचार पढ़ रहे हैं, वीडियो देख रहे हैं और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपनी बात रख रहे हैं। इससे हिन्दी के प्रसार को नई गति मिली है। युवाओं को हिन्दी कंटेंट निर्माण, पत्रकारिता और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में भी आगे आने की जरूरत है।

## हिन्दी ने समय के साथ खुद को बदला : हेरम्ब



साहित्यकार डॉ. हेरम्ब कुमार मिश्र ने कहा कि हिन्दी की सबसे बड़ी ताकत उसकी सहजता और व्यापक स्वीकार्यता है। हिन्दी ने समय के साथ खुद को बदला है और अलग-अलग क्षेत्रों की बोलियों तथा शब्दों को आत्मसात करते हुए लगातार समृद्ध हुई है। आज सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों पर हिन्दी में बड़ी संख्या में लोग अपनी बात रख रहे हैं। यह हिन्दी के बदलते और मजबूत होते स्वरूप का प्रमाण है।

# विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विद्युत करंट की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के शाहपुर मोहल्ले की है। वहां रिसियप थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर गांव निवासी मिथिलेश यादव की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मिथिलेश शाहपुर मोहल्ले में एक ठेकेदार के अधीन रहकर घर निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहा था। रविवार को निर्माण कार्य के दौरान मिथिलेश विद्युत करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह मौके पर गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में पुलिस की देखरेख में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की गई। बताया जाता है कि मृतक का एक बेटा और एक बेटी है। इस घटना से मृतक के स्वजनों में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

# भादो के रविवार पर देव में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ऐतिहासिक एवं पौराणिक तीर्थस्थल देव सूर्य मंदिर में भादो मास के रविवार को आस्था का अद्भुत जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार के पावन अवसर पर भगवान भास्कर के दर्शन, जलाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना के लिए अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। औरंगाबाद जिले के साथ-साथ गया, रोहतास, अरवल, जहानाबाद और पड़ोसी राज्य झारखंड के पलामू प्रमंडल से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु देव पहुंचे। पूरा मंदिर परिसर और आसपास का इलाका दिनभर भगवान सूर्य और दीनानाथ की जय के उद्घोष से गुंजायमान रहा। सूर्य मंदिर न्यास समिति और स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन कराने के लिए बैरिकेडिंग कर कतारबद्ध तरीके से गर्भगृह में प्रवेश कराया। श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर की विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में उमड़ी भीड़ में महिला श्रद्धालुओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही। भीड़ को नियंत्रित करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए देव थाना की पुलिस बल के साथ-साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी विशेष तैनाती की गई थी। अत्यधिक भीड़ और वाहनों के दबाव के चलते देव की मुख्य सड़कों पर रुक-रुक कर जाम की स्थिति भी बनी रही। मंदिर के मुख्य पुजारी राजेश पाठक, मृत्युंजय पाठक एवं दिलीप पाठक ने भादो रविवार के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सनातन परंपरा में भाद्रपद मास के रविवार को भगवान सूर्य की आराधना का विशेष फल मिलता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव समस्त नवग्रहों के अधिपति हैं। भादो के रविवार को भगवान सूर्य के साथ-साथ भगवान श्रीहरि विष्णु की संयुक्त पूजा का विधान है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजन करने से असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है तथा घर-परिवार में धन, यश, तेज और समृद्धि का संचार होता है। ऐतिहासिक देव सूर्य मंदिर अपनी वास्तुकला और धार्मिक महत्ता के लिए पूरे देश में विख्यात है, जहां भगवान सूर्य उदय, मध्याह्न और अस्त तीन स्वरूपों में साक्षात विराजमान हैं।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** मदनपुर थाना पुलिस ने फरार दो वारंटियों को मदनपुर बाजार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों की पहचान रामकेश्वर साव के पुत्र नीरज कुमार और धीरज कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि दोनों के विरुद्ध न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी किया गया था। वारंट निर्गत होने के बाद से दोनों पुलिस की पकड़ से बाहर थे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस को दोनों के मदनपुर बाजार में मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों वारंटियों को रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# विभिन्न अपराधों में 57 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई के फलस्वरूप 57 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 22 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में 12, मद्य निषेध अधिनियम के तहत सात तथा अन्य मामलों में 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 250 लीटर देसी शराब एवं दो बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 979 वाहनों से 12500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। वहीं 68 वारंटों एवं चार कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा 2000 लीटर महुआ घोल तथा एक भट्ठी को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि औरंगाबाद पुलिस की इस कार्रवाई का उद्देश्य अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के साथ जिले में आम लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# अपराध नियंत्रण के लिए चलाया वाहन जांच अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं प्रमुख चौक-चौराहों पर सघन वाहन जांच की जा रही है। जांच के दौरान दो एवं चारपहिया वाहनों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस द्वारा यातायात नियमों के अनुपालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, चोरों, शराब तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। देर रात तक चलने वाले इस अभियान से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की क्रमवार जांच की गई जिससे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की पहचान की जा सके। जांच के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, आवश्यक दस्तावेज साथ रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में इस तरह का जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था भंग करने वाले तथा अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा का मानना है कि नियमित वाहन जांच और रात्रि गश्ती से अपराधियों में भय का माहौल बनेगा तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। अभियान के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे और देर रात तक जांच प्रक्रिया जारी रही।



# कार्यपालक सहायकों की बैठक

**औरंगाबाद(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** सेवा नियमित करने, राज्य कर्मी का दर्ज़ा देने और वेतनमान का लाभ समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर कार्यपालक सहायक एक बार फिर आंदोलन की तैयारी में जुट गए हैं। बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ के निर्देश पर रविवार को जिला मुख्यालय स्थित राजेंद्र बाल उद्यान के सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर ने की। बैठक में आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि सितंबर महीने में सरकार की ओर से मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की गई तो अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन शुरू किया गया था। इसी दौरान विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी।

# दो दुकानों में चोरी, असामाजिक तत्वों ने पान गुमटी में लगाई आग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** टंडवा थाना क्षेत्र के शिकारपुर-बलथर मोड़ के समीप असामाजिक तत्वों ने दो दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहीं एक पान गुमटी में आग लगा दी। एक ही रात चोरी और आगजनी की तीन घटनाओं के बाद स्थानीय दुकानदारों में आक्रोश है। पीड़ित दुकानदारों ने थाने में आवेदन समर्पित कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित दुकानदारों से मामले की जानकारी ली और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार झारखंड के शिकारपुर निवासी अभिमन्यु कुमार के साइकिल दुकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद उस गांव के ही शिकेश कुमार सिंह के एसके टेलीकॉम नामक मोबाइल दुकान को भी निशाना बनाया। चोरों ने मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर करीब एक लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। दुकान में चोरी की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित दुकानदारों के होश उड़ गये। इसके बाद असामाजिक तत्वों ने शिकारपुर निवासी अभिषेक कुमार की पान गुमटी में आग लगा दी जिससे उसमें रखा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित के अनुसार इस घटना में करीब 20 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। इन घटनाओं से दुकानदारों में आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक ही रात इलाके में चोरी और आगजनी की तीन घटनाएं होना गंभीर मामला है। लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया है।

## हत्या का प्रयास मामले में फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** हत्या का प्रयास मामले में फरार तीन अभियुक्तों को दाउदनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी मुरारी पासवान के पुत्र अर्बन कुमार, श्रवण कुमार एवं स्व. रघुनंदन पासवान के पुत्र शिव कुमार पासवान के रूप में की गई है। ये तीनों लंबे समय से फरार थे। इनके खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत किया गया था। इसी क्रम में शनिवार की रात पकड़े गए। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि हत्या का प्रयास करने के कांड में फरार तीन अभियुक्तों के खिलाफ न्यायलय से वारंट निर्गत किया गया था। इसी क्रम में सभी पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है ताकि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम किया जा सके।

# हरितालिका तीज आज, सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** हरितालिका तीज व्रत को लेकर सुहागिन महिलाओं का उत्साह चरम पर है। नहाय-खाय के साथ रविवार से शुरू हुआ तीज पर्व सोमवार को निर्जला व्रत और शिव-पार्वती की आराधना के साथ मुख्य रूप से मनाया जाएगा। व्रती महिलाएं पति की लंबी आयु, संतान सुख और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर पूरे दिन जल ग्रहण नहीं करेंगी। मंगलवार की सुबहदान-पुण्य और पारण के बाद व्रत का समापन होगा। रविवार को नहाय-खाय के बाद घरों में तीज के पारंपरिक पकवान बनाने का सिलसिला चला। महिलाओं ने पेड़ुकिया, ठेकुआ समेत अन्य प्रसाद तैयार किए। व्रत करने वाली सुहागिन महिलाएं सोमवार को उपवास रखेंगी। रविवार की रात सरगही के बाद निर्जला उपवास शुरू हो गया। सोमवार को पूरे दिन निर्जला उपवास रखने के बाद सुहागिनें श्रृंगार कर भक्ति भाव से भगवान शंकर और माता गौरी की पूजा करेंगी और हरितालिका तीज व्रत की कथा का श्रवण करेंगी। मंगलवार को पारण के साथ उनका व्रत संपन्न होगा। मान्यता है कि सबसे पहले माता पार्वती ने यह व्रत किया था। उनके आशीर्वाद से सुहागिनों के पति की आयु लंबी होती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। पंचांग के अनुसार इस साल भादप्रद माह का चतुर्थी मिला हुआ तृतीया है। मान्यता है कि ऐसा होने पर पूजा विशेष फलदायक हो जाता है। इधर हरितालिका तीज व्रत को लेकर रविवार को औरंगाबाद बाजार पूरी तरह गुलजार रहा। सुबह से ही मुख्य बाजार, अंदर बाजार और फल मंडी में महिला खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा-पाठ की सामग्री, फल-फूल, श्रृंगार प्रसाधन, साड़ी, चूड़ी, सिंदूर और मेहंदी की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। तीज की खरीदारी के कारण बाजार में देर शाम तक चहल-पहल बनी रही। तीज को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़ का असर यातायात व्यवस्था पर भी देखने को मिला। रमेश चौक से धर्मशाला मोड़ की ओर जाने वाली सड़कों पर दिनभर रुक-रुककर जाम लगता रहा। सड़क किनारे वाहनों के खड़े होने और बड़ी संख्या में लोगों के बाजार पहुंचने के कारण कई जगह यातायात की रफ्तार धीमी हो गई। जाम में राहगीरों के साथ दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक भी परेशान रहे। खासकर खरीदारी के लिए बाजार आने वाली महिलाओं और उनके साथ आए परिजनों को भीड़ के बीच आवाजाही में काफी परेशानी हुई। कई स्थानों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यातायात सामान्य कराने में स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी।




बिहार सरकार

अपील

मुख्यमंत्री
बिहार

14 सितम्बर, 1949 को भारत की संविधान–सभा ने हिन्दी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए प्रत्येक वर्ष हम 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाते हैं।

हिन्दी भाषा राष्ट्रीय पहचान और एकता की मजबूत कड़ी के रूप में लगातार विशेष भूमिका निभाती आ रही है। हमारे विशाल और बहुभाषी राष्ट्र के नागरिकों एवं राज्यवासियों को एक मंच पर लाने में हिन्दी भाषा का संपर्क भाषा के रूप में अत्यन्त महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

बिहार हिन्दी भाषी राज्य है और यहाँ 1950 से ही राजभाषा अधिनियम लागू है। राजभाषा के रूप में हिन्दी सरकारी कामकाज की भाषा है। हमारी सरकार का दृढ़ निश्चय है कि शासन के सभी स्तरों पर हिन्दी का शतप्रतिशत प्रयोग किया जाय।

14 सितम्बर, 2026 को 'हिन्दी दिवस' की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजभाषा हिन्दी के चतुर्दिक विकास की मैं कामना करता हूँ एवं राज्य के सभी नागरिकों से अपील करता हूँ कि वे अपने हरेक कामकाज में हिन्दी को ही माध्यम के रूप में अपनाएँ तथा प्रत्येक क्षेत्र में इसका प्रयोग सुनिश्चित करें।

समस्त बिहारवासियों को 'हिन्दी दिवस' के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 011339 (Cabinet Secretariat) D. 2026-27



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



